RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 59
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोहली पीठ के दर्द के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# दिल्ली-महाराष्ट्र में रोज नया रिकॉर्ड बना रहे कोरोना केस

## ● राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को आए 4,099 मरीज, सकारात्मकता दर 6.5% पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई



गाजियाबाद में सोमवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती एक किशोरी

**देश में** कोरोना के केस रोज नई ऊंचाई को छू रहे हैं। दिल्ली और महाराष्ट्र में हालात सबसे अधिक चिंताजनक बन गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कोविड-19 के 4,099 नए मामले सामने आए। सकारात्मकता दर रविवार को 4.59 प्रतिशत थी जो बढ़कर 6.5 प्रतिशत पहुंच गई है। दूसरी ओर, महाराष्ट्र में 12,160 केस मिले हैं। अब यहां कुल मामलों की संख्या 67,12,028 हो गई है। इस राज्य में 68 मामले ओमीक्रोन वैरिएंट के आए हैं। देशभर में जहां सोमवार को पिछले 24 घंटों के दौरान 33,750 संक्रमित मिले, ओमीक्रोन के केस बढ़कर 1,700 हो गए हैं। इनमें से 639 लोग ठीक हो चुके हैं। एक अनुमान के अनुसार, पिछले सात दिनों की तुलना में रविवार को समाप्त सप्ताह में वायरस के मामले लगभग तीन गुना हो गए। इस अवधि के दौरान कोरोना मामलों में 181 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। रविवार की तुलना में सोमवार को कोविड के मामले 22 प्रतिशत अधिक रहे। ओमीक्रोन भी 23 राज्यों में फैल गया है और 510 मामलों के साथ महाराष्ट्र टॉप पर है। उसके बाद दिल्ली (351) केरल (156), गुजरात (136), तमिलनाडु (121) और राजस्थान (120) हैं। बिहार में भी उच्चतम साप्ताहिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। यहां 20-26 दिसंबर के बीच केस 85 से बढ़कर 1,073 हो गए, यानी 12 गुना वृद्धि। पश्चिम बंगाल में 18,524 मामलों के साथ दूसरा सबसे बड़ा साप्ताहिक उछाल देखने को मिला है। यहां पिछले सप्ताह 3,550 केस थे। झारखंड की संख्या भी 326 से लगभग नौ गुना बढ़कर 2,879 हो गई। अन्य राज्यों में जहां इस सप्ताह के मामले पिछले एक सप्ताह की तुलना में कम से कम पांच गुना अधिक आए, उनमें गुजरात (4,410 मामले), उत्तर प्रदेश (1,617), राजस्थान (1,403), छत्तीसगढ़ शामिल थे। 1,133) और हरियाणा (2,285) का नंबर आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेबियस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यदि असमानता खत्म हो जाए तो 2022 में इस महामारी को हराया जा सकता है। इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जीनोम सीक्वेंसिंग की 187 रिपोर्ट आई हैं और इनमें से कुल 152 लोग ओमीक्रोन पॉजिटिव पाए गए हैं। राजधानी में लगभग 81 प्रतिशत मामले ओमीक्रोन वैरिएंट के हैं। मंत्री ने कहा कि यदि समय रहते अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा दी जाती तो यह घातक वैरिएंट दिल्ली में नहीं फैलता। उन्होंने कहा कि विदेश से आने वाले लोगों का दिल्ली हवाईअड्डे पर टेस्ट किया जा रहा है। पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें आइसोलेशन सेंटर में भेजा जा रहा है।

## पहले दिन 37 लाख से अधिक किशोरों को लगा टीका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देशभर** में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए शुरू हुए विशेष टीकाकरण अभियान के पहले दिन सोमवार को 37 लाख से अधिक किशोरों को पहला टीका लगा। देश में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत के स्पष्ट संकेतों के बीच यह अभियान शुरू किया गया है, जिसमें किशारों को कोवैक्सीन लगाई जा रही है। अधिकांश स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों का उपयोग बच्चों के टीकाकरण केंद्रों के रूप में किया जा रहा है। सरकार ने राज्यों को सलाह दी है कि वे टीकों के मिश्रण से बचने के लिए बच्चों और वयस्कों के लिए अलग-अलग कोविड टीकाकरण केंद्र बनाएं। वर्ष 2007 और उससे पहले पैदा हुए लोग टीके के लिए पात्र हैं। कोविन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 15 से 18 वर्ष की आयु के 39.88 लाख से अधिक लाभार्थियों ने सोमवार दोपहर तक वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराया। अभियान के तहत देश भर में इस आयु वर्ग के लगभग 7.5 करोड़ बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट किया कि यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि पूरे देश में युवा टीका लगवाने के बाद इसकी तस्वीरें अपलोड कर रहे हैं। मंडाविया ने राष्ट्रीय राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में टीकाकरण केंद्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

## निर्वाचन आयोग ने टीकाकरण अभियान तेज करने को कहा

**नई दिल्ली (भाषा)।** अगले साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें कोविड-19 के हालात का आकलन करने के कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग ने उनसे कोविड टीकाकरण अभियान को तेज करने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए लोगों ने दोनों खुराक लगवा रखी हों। सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और पंजाब के मुख्य सचिवों को लिखे हालिया पत्र में आयोग ने पांचों राज्यों को यह भी याद दिलाया कि मतदान कर्मी अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों में आते हैं और उन्हें कोविड टीके की तीसरी या अतिरिक्त खुराक दी जा सकती है। (शेष पेज 9)

## मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज पर 66 यात्री पॉजिटिव

**पणजी (भाषा)।** मुंबई से गोवा आए कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर सवार 2,000 से अधिक लोगों में से 66 लोग कोरोना वायरस संक्रमित मिले हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसी जहाज पर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछले साल अक्टूबर में एक रेव पार्टी का भंडाफोड़ कर कुछ नामचीन लोगों के जुड़े होने की बात कही थी। मुंबई से गोवा आए जहाज पर नए साल की छुट्टी में निकले लोग सवार थे। पीपीई किट पहने हुए एक चिकित्सा दल यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की आरटी-पीसीआर जांच करने पहुंचा और नमूना लेने की प्रक्रिया सोमवार दोपहर तक जारी थी। एक अधिकारी ने बताया कि जहाज के चालक दल का एक सदस्य रविवार को कोरोना वायरस संक्रमित मिला था, (शेष पेज 9)

# पैंगांग झील पर चीन बना रहा पुल, बढ़ेगी भारत की चिंता



पैंगांग झील का फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● यहीं गालवान घाटी में वर्ष 2020 में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुआ था संघर्ष

**एलएसी** पर चीन की ताजा गतिविधियों ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। पूर्वी लद्दाख स्थित पैंगांग झील के पार चीन एक पुल का निर्माण कर रहा है ताकि झील के दोनों किनारों पर तेजी से अपने सैनिकों को तैनात कर सके। भारत और चीन के बीच पैंगोंग झील पर दो साल पहले भारत और चीन के सैनिकों के बीच संघर्ष हुआ था। भारतीय गश्ती दल को रोके जाने के बाद यहां झड़प हुई थी, जिसमें दोनों देशों के सैनिकों के बीच मारपीट हुई थी। वर्ष 2020 में हालात तब गंभीर हो गए जब चीनी सैनिकों ने कई बिंदुओं पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन किया, जिसके बाद गालवान घाटी में खूनी संघर्ष हुआ। इस विवाद में कमांडिंग ऑफिसर सहित भारतीय सेना के बीस जवान मारे गए। चीन ने आधिकारिक तौर पर अभी तक हताहत होने वाले अपने सैनिकों की संख्या नहीं बताई है। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान का कहना है कि 40 से अधिक चीनी सैनिक इस संघर्ष में मारे गए।

दो दिन पहले चीन ने गलवान घाटी में एलएसी पर अपनी तरफ झंडा फहराया था। सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि चीन के कुछ सरकारी मुखपत्रों द्वारा जारी एक वीडियो में दिखाया गया झंडा दोनों देशों द्वारा परस्पर सहमति वाले विसैन्यीकृत क्षेत्र में नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार से चीन के झंडा फहराने के संबंध में जानकारी देने को कहा है। (शेष पेज 9)

# कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर जल्द जनगणना की संभावना नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोविड महामारी के कारण 2020-21 में स्थगित की गई दशवार्षिक जनगणना के जल्द शुरू होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। केंद्र ने राज्यों को जून 2022 तक जिलों और अन्य नागरिक और पुलिस इकाइयों की सीमाओं में बदलाव नहीं करने का निर्देश दिया है। यह देश की सबसे बड़ी जनगणना से तीन महीने पहले एक अनिवार्य आवश्यकता है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है कि जनगणना कब कराई जाए और फिर राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन किया जाए। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त ने राज्यों को अवगत कराया है कि केंद्र सरकार ने जून 2022 तक जिलों, उप-मंडलों, तालुकों, पुलिस स्टेशनों आदि की सीमाओं के परिवर्तन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनगणना कार्यों के संचालन के लिए कम से कम तीन महीने पहले प्रशासनिक और पुलिस इकाइयों की सीमाओं के परिवर्तन पर प्रतिबंध अनिवार्य है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि प्रशासनिक और पुलिस इकाइयों की सीमाओं को जून 2022 तक सील कर दिया गया है, इसलिए अक्टूबर से पहले जनगणना अभियान शुरू करने का कोई सवाल ही नहीं है। सोमवार को सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, कोरोना के 33,750 ताजा मामलों के साथ भारत में इससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,49,22,882 हो गई, जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 1,45,582 हो गए। आंकड़ों से पता चलता है कि 123 और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,81,893 पर पहुंच गई। (शेष पेज 9)

# कर्नाटक में पूर्व विधायक की पुत्रवधू आईएसआईएस से संबंधों में गिरफ्तार

**भाषा।** मंगलुरु

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को उल्लाल के पूर्व विधायक दिवंगत बी. एम. इदिनाबा के बेटे बी. एम. बाशा के घर पर छापेमारी की और बाशा की पुत्रवधू दीप्ति मारला उर्फ मरियम को आईएसआईएस से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। एनआईए, दिल्ली के सहायक जांच अधिकारी डीएसपी कृष्ण कुमार ने मरियम को गिरफ्तार किया, जो बाशा के बेटे अनस अब्दुल रहिमन की पत्नी है। एनआईए के अधिकारियों ने इससे पहले अगस्त 2021 में बाशा के घर पर छापा मारा था। दो दिन तक पूछताछ करने के बाद उन्होंने बाशा के एक अन्य बेटे ए. अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों को पिछले साल छापेमारी के दौरान मरियम के आईएसआईएस से संबंध होने का संदेह था। हालांकि, एनआईए ने पिछले साल की छापेमारी के दौरान मरियम से दो दिनों तक पूछताछ की थी, लेकिन उन्होंने उसे गिरफ्तार नहीं किया था। हालांकि, एजेंसी तब से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। कोडागु जिले की रहने वाली दीप्ति मारला को यहां डेरालाकट्टे के एक कॉलेज में बीडीएस की पढ़ाई के दौरान अनस से प्यार हो गया। बाद में, उसने इस्लाम धर्म अपना लिया और अपना नाम बदलकर मरियम रख लिया। सूत्रों ने बताया कि यह संदेह है कि उसके आतंकवादी संगठन आईएसआईएस और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के साथ संबंध हैं। एनआईए अधिकारियों ने मरियम के बारे में इस संदेह के आधार पर जांच की कि वह आईएसआईएस नेटवर्क में युवाओं की भर्ती के रैकेट में शामिल है।



मरियम की फाइल फोटो

# गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उभरती चुनौतियों की समीक्षा की। जिन चुनौतियों की समीक्षा की गई उनमें वैश्विक आतंकवादी संगठनों से खतरे, साइबर क्षेत्र का अवैध उपयोग और विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की आवाजाही शामिल हैं। नए साल में यह इस तरह की पहली उच्च स्तरीय बैठक थी, जिसकी अध्यक्षता शाह ने की और इसमें देश के सुरक्षा और खुफिया तंत्र के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, केंद्रीय गृह मंत्री ने देश में मौजूदा खतरे के परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा के लिए आज एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की। इसमें कहा गया कि उन्होंने आतंकवाद और वैश्विक आतंकी समूहों के निरंतर खतरों, आतंकी वित्तपोषण, नार्को-आतंकवाद, संगठित अपराध-आतंकवाद की सांठगांठ, साइबर क्षेत्र का अवैध उपयोग, विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की आवाजाही पर प्रकाश डाला। (शेष पेज 9)

# मुठभेड़ में कुख्यात आतंकी सलीम समेत दो ढेर

**आतंकवाद पर प्रहार**

## ● बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिया किया ढेर, सीमा के पास से हथियारों, मादक पदार्थ की खेप जब्त

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू



श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान सतर्क सुरक्षाबलों के जवान

**श्रीनगर** के बाहरी इलाके हरवान में सुरक्षा बलों के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के कुख्यात और वांछित आतंकी सलीम पारे समेत दो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के कुख्यात आतंकवादी सलीम पारे को श्रीनगर पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने बताया कि अभियान की विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पास के गासू गांव में सुरक्षा बलों एवं आतंकवादियों के बीच एक और मुठभेड़ हो गई। अधिकारियों ने बताया, इस मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवाद मारा गया। अंतिम समाचार मिलने तक मुठभेड़ जारी थी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी और संगठन की पहचान की जा रही है।

वहीं जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (सीमा) पर संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की तरफ से की गई गोलीबारी में सोमवार को एक घुसपैठिया मारा गया। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने रामगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तड़के संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए की हरकत देखी जिसके बाद उसे चुनौती देते हुए गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए पर जब जवानों की चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तो जवानों ने उसे मार गिराया। दूसरी ओर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से सोमवार को हथियारों और मादक पदार्थ हेरोइन की खेप जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि यह खेप चमलियाल सीमा चौकी के पास सरकंडा (जंगली घास) में छिपे एक सफेद रंग के बोरे मे मिली। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,183 | ↑ 929 | |
| निफ्टी | 17,626 | ↑ 272 | |
| सोना | 48,013 | ↓ 86 | /10g |
| चांदी | 62,321 | ↓ 50 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जाएंगे पंजाब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनवरी को पंजाब के फिरोजपुर का दौरा करेंगे और इस दौरान राज्य मे 42,750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओ का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे, अमृतसर-ऊना खंड को चार लेन मे परिवर्तित करने, मुकेरियां-तलवाड़ा रेल लाइन का आमान परिवर्तन, फिरोजपुर मे पीजीआई सैटेलाइट केंद्र और कपूरथला व होशियारपुर मे दो नए चिकित्सा महाविद्यालयो की स्थापना संबंधी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि देश भर में संपर्क को बेहतर करने के प्रधानमंत्री के प्रयासों के तहत पंजाब मे भी विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के

# लखीमपुर खीरी हिंसा में एसआईटी ने आरोपपत्र किया दाखिल

**भाषा।** लखीमपुर खीरी

## ● आशीष को हिंसा के लिए ठहराया जिम्मेदार

**उत्तर प्रदेश** पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सोमवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष समेत सभी 14 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर दिया। एसआईटी ने अपनी जांच में गृह राज्य मंत्री के बेटे और अन्य को हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी एस पी यादव ने यहां बताया कि एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चिंताराम की अदालत में 5,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। यादव ने कहा कि अदालत ने आरोपपत्र स्वीकार कर लिया है और सुनवाई की अगली तारीख 10 जनवरी तय की है। उन्होंने बताया कि यह आरोपपत्र पिछले साल तीन अक्टूबर को गाड़ियों से कुचलकर चार किसानों की कथित रूप से हत्या किए के मामले से संबंधित है। इसमें वीरेंद्र शुक्ल नामक एक और आरोपी का नाम शामिल किया गया है। इस तरह मामले के आरोपियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

आशीष समेत 13 आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास, जानबूझकर कुचलने, साजिश समेत कई सुसंगत धाराओं के तहत आरोपी बनाए गए हैं जबकि वीरेंद्र शुक्ल को धारा 201 (साक्ष्य मिटाने और झूठी जानकारी देने का आरोप) के तहत आरोपी बनाया गया है। यादव ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी आशीष के साथ-साथ अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, सत्यम त्रिपाठी, लतीफ उर्फ काले, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडे, लवकुश राणा, शिशुपाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा तथा धर्मेंद्र बंजारा नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी वीरेंद्र शुक्ल की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अदालत ने आरोपी वीरेंद्र शुक्ला को 10 जनवरी को अदालत में पेश होने के लिए तलब किया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में एसआईटी ने आशीष मिश्रा मोनू को मुख्य आरोपी बनाया और उस दिन मौके पर उसकी उपस्थिति का वर्णन किया। इस बारे में पूछे जाने पर एस पी यादव ने कहा, गवाहों के बयानों में आशीष मिश्रा मोनू की मौके पर मौजूदगी बताई गई थी और केस डायरी का भी यह हिस्सा था। आगे पूछे जाने पर, यादव ने कहा, उन्होंने हजारों पन्नों की लंबी केस डायरी नहीं देखी थी, इसलिए वह आगे जवाब देने में असमर्थ हैं। यादव ने बताया कि इस मामले में एसआईटी को 90 दिन के अंदर आरोपपत्र दाखिल करना था।

गौरतलब है कि पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर जिले के तिकुनिया क्षेत्र में अजय मिश्रा के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के किसानों द्वारा विरोध के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों व एक पत्रकार समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। किसानों की हत्या के मामले में गृह राज्य मंत्री का बेटा आशीष मुख्य आरोपी है।

## कांग्रेस ने गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार लखीमपुर खीरी हिंसा में आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है और उन्होंने मामले में एसआईटी द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने के बाद केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग की। वहीं राहुल की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाद्रा ने कहा कि झूठी माफी और कृषि कानूनों को वापस लेने से मोदी सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को ढकने में मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने ट्वीट किया, वे रक्षक के पद पर हैं, लेकिन भक्षक के साथ खड़े हैं।



# केंद्रीयकर्मियों के लिए 31 तक बायोमेट्रिक उपस्थिति स्थगित

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● अवर सचिव स्तर से नीचे के 50 प्रतिशत कर्मियों के लिए घर से काम करने की अनुमति

**बढ़ते** कोविड मामलों के बीच, कार्मिक मंत्रालय ने 31 जनवरी तक सरकारी कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति स्थगित कर दी है। केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच अवर सचिव स्तर से नीचे के अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी है। कार्मिक मंत्रालय के सोमवार को जारी आदेश में यह बात कही गई।

आदेश के अनुसार दिव्यांग कर्मी और गर्भवती महिला कर्मियों को दफ्तर आने से छूट प्रदान की गई है। इसमें कहा गया कि केंद्र सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक और सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक अलग-अलग समय-सारिणी के हिसाब से कार्यालय आना होगा ताकि दफ्तरों में अधिक संख्या में लोग नहीं एकत्रित हों। केंद्र सरकार के सभी विभागों को जारी आदेश में मंत्रालय ने कहा कि कोविड निषिद्ध (कन्टेनमेंट) क्षेत्रों में रहने वाले सभी अधिकारियोंकर्मियों को भी तब तक कार्यालय आने से छूट दी गई है, जब तक वे क्षेत्र निषिद्ध बने रहते हैं। आदेश के मुताबिक, अवर सचिव स्तर से नीचे के सरकारी कर्मियों की प्रत्यक्ष उपस्थिति वास्तविक कर्मचारी संख्या की 50 प्रतिशत तक सीमित होगी और बाकी 50 प्रतिशत लोग घरों से काम करेंगे। (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जनवरी 2022



# गाजियाबाद में 400 केंद्रों पर लग रहा किशोरों को टीका

## *शिविर में स्वास्थ्य मंत्री अतुल गर्ग ने किशोरों का बढ़ाया उत्साह*

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सोमवार से 15 से 18 वर्ष के युवाओं के वैक्सीनेशन के लिए गाजियाबाद के 80 स्कूलों में बनाए 400 सेंटरों पर भी टीकाकरण की शुरुआत हो गयी। शहर के सभी वेक्सीनेशन सेंटरों पर वैक्सीन को लेकर युवाओ में काफी उत्साह देखा गया।

रामलीला मैदान घंटाघर में बनाए वेक्सीनेशन सेंटर पर स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग भी पहुंचे जहां उन्होंने वैक्सीन लगवाने आए युवाओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने बताया कि बच्चों को कोरोना के खिलाफ वैक्सीन लेने के लिए कोविन एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 1 जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। सीधे वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर भी रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि 2007 में या इससे पहले जन्म ले चुके सभी बच्चे कोरोनारोधी वैक्सीनेशन के लिए पात्र हैं।

मंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि कोरोना वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है। सभी अभिभावक बिना डरे अपने बच्चों को वैक्सीन लगवाएं। वैक्सीन लगवाने के बाद थोड़ा फीवर आ सकता है। यह सामान्य लक्षण है। इसलिए घबराने की ज़रूरत नहीं है। अपने बच्चों को वैक्सीन दिलवाने में टालमटोल ना करें। यह कोरोना सुरक्षा कवच है जो बच्चों की बेहतरी के लिए है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि जिले में 80 स्कूलों, राजकीय अस्पतालों में कुल चार सौ सेंटर बनाये गए हैं। अगले 10 दिनों में कुल दो लाख 34 हजार448 किशोरों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और 50 हजार डोज की खेफ प्रथम चरण में प्राप्त हो चुकी है। इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर भवतोष शंखधर, डॉक्टर पवन कुमारी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष वीरू बाबा, विपुल अग्रवाल व मंत्री मीडिया प्रभारी नीरज गोयल भी उपस्थित रहे।



गाजियाबाद में बनाए टीका शिविर में पहुंचे स्वास्थ्यमंत्री अतुल गर्ग।

### नोएडा और ग्रेनो में में बनाए गए 27 केंद्र

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अस्पताल से इसकी शुरुआत की। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 27 केंद्रों पर 15 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा रही है। इसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी 27 केंद्रों पर बच्चे कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए 2 हजार से ज्यादा सेंटर बनाए गए हैं। गौतमबुद्धनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि वैक्सीन सेंटर पर बच्चों का लिए अलग से लाइन और काउंटर लगाया गया है। बच्चों की वैक्सीन के लिए शनिवार से पंजीकरण शुरू हो गया था। वर्तमान में उपलब्ध अकाउंट और कोविन पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर से नया अकाउंट बनाते हुए बच्चे पंजीकरण करा रहे हैं। बच्चों को कोई दिक्कतें ना हो, इसके लिए खास ध्यान रखा गया है। बच्चों सेंटर पर पहुंचकर वहीं पर ही तुरंत रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## अपहृत नाबालिग को पुलिस ने कराया मुक्त, आरोपी धरा

**नोएडा।** जनपद के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से अपहृत 14 वर्षीय लड़की को पुलिस ने मुक्त करा लिया और आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि बरौला गांव में रहने वाली 14 वर्षीय एक लड़की अपने घर से लापता हो गई थी। उसकी मौसी ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर लड़की को बरौला गांव की लाल बत्ती के पास से मुक्त करा लिया है।

उन्होंने बताया कि उसे अगवा करने वाले युवक अमित (20) को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# रेप के बाद मासूम की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## बच्ची की दादी के साथ अवैध संबंधों में बाधक बनने पर दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद के थाना फेस-2 क्षेत्र में रहने वाली तीन वर्षीय बच्ची कि बलात्कार के बाद हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बच्ची के दादी के प्रेमी को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में बच्ची की दादी की भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने बताया कि थाना फेस-2 क्षेत्र के इलाहाबास गांव में 28 दिसंबर को एक निर्माणाधीन मकान में तीन वर्षीय बच्ची मृत अवस्था में मिली थी। बच्ची की दादी ने 25 दिसंबर को थाना फेस-2 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि वह घर से लापता है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज हेमंत (करीब 50 वर्ष) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि हेमंत तथा बच्ची की दादी के बीच अवैध संबंध थे। हेमंत बच्ची की दादी से शादी करना चाहता था। उन्होंने बताया कि बच्ची का पिता हत्या के मामले में जेल में बंद है जबकि उसकी मां उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। उन्होंने बताया कि अवैध संबंध के बीच बाधा बन रही बच्ची को रास्ते से हटाने के लिए उसकी दादी तथा उसके प्रेमी ने षड्यंत्र रचा।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है, कि घटना वाले दिन हेमंत बच्ची को लेकर इलाहाबास गांव की तरफ गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बच्ची की हत्या करने से पहले उसके साथ बलात्कार किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में धारा 376 तथा 377 की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस बच्ची की दादी की भूमिका की जांच कर रही है।



थाना फेज-2 पुलिस द्वारा बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी। फोटो : दीपक यादव

# मानसिक तनाव में पंखे से लटकर महिला ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- तीन माह पूर्व मृतका के बेटे ने भी की थी आत्महत्या

सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के सोरखा पुस्ते के पास रहने वाली एक महिला ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। महिला के 16 वर्षीय बेटे ने तीन माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी और महिला तभी से मानसिक तनाव में थी।

सेक्टर 49 के थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव के हिंडन पुस्ते के पास बनी एक कॉलोनी में रहने वाली निशा देवी ने रविवार रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला के 16 वर्षीय बेटे ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित उसके पैतृक गांव में तीन माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी और महिला तभी से तनाव में थी।

## सरकारी विद्यालय की छात्रा का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

**नोएडा।** जिले के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा सात की छात्रा शिवानी पाल का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। उन्होंने रॉग साइड रोग डिटेक्टर पर आधारित मॉडल तैयार कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रस्ताव भेजा था। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, जिला स्तर पर अपना मॉडल प्रस्तुत करने पर उन्हें दस हजार रुपए धनराशि दी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि शिवानी पाल वाजिदपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सातवीं की छात्रा हैं।

## संक्षिप्त समाचार



नौकरी मिलने के बाद प्रसन्न मुद्रा में खड़े विद्यार्थी।

### रोजगार मेले में 25 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में लगे रोजगार मेले में दो नामी कंपनियों एक्सीटल और वोटो ग्रुप ने इंस्टीट्यूट के 25 और विद्यार्थियों का चयन किया। चार राउंड के कठिन इंटरव्यू में अपना कौशल दिखाते हुए विद्यार्थियों ने यह नौकरी हासिल की। चुने गए विद्यार्थी बीसीए, बीबीए, बीकॉम के हैं। प्लेसमेंट हैड हर्षवर्द्धन शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने इंटरव्यू की पूरी तैयारी की हुई थी, इसी का नतीजा है कि दो नामी कंपनियों ने इनका चयन हाथों-हाथ कर लिया। ट्राई की सहयोगी एक्सीटल कंपनी ने 18 विद्यार्थियों का चयन किया तो वहीं अमेरिका की इंटरनेशनल वोटो ग्रुप कंपनी ने 7 विद्यार्थी चुने हैं। इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि इंस्टीट्यूशंस अपने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने चुने गये विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय हुए कोरोना संक्रमित

**गाजियाबाद।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय को कोविड-19 पॉजिटिव होने पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। 64 वर्षीय डॉ महेंद्र नाथ पांडेय को पिछले 2 से 3 दिनों से बुखार, सर्दी, खांसी, गला खराब और बाए साइड सीने में दर्द की शिकायत थी। सोमवार को उन्हें यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के इमरजेंसी में लाया गया और सभी जांचें की गई। हॉस्पिटल में उनका कोविड-19 के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट कराया जो पॉजिटिव आया इसके तुरंत बाद उनका सैंपल आरटी पीसीआर टेस्ट के लिए भेज दिया गया और वो भी पॉजिटिव आया है। उनकी खून की जांच की गई है जिसमें कोविड-19 बंधित इंफेक्शन मार्कर की वैल्यू बढी हुई पाई गई है। हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत उनका उपचार शुरू कर दिया गया है।



### घर की बालकनी से गिरकर किशोरी की मौत

**नोएडा।** जिले के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय एक किशोरी अपने घर की बालकनी से गिर गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि 17 वर्षीय निशा अपने घर पर सो रही थी। उसके पिता ने बाहर से खाने के लिए कुछ सामान मंगवाया तथा अपनी पुत्री को खाना खाने के लिए आवाज लगायी। किशोरी नींद से उठकर अपने पिता के पास जाने लगी, तभी वह बालकनी से नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नेफोमा ने चलाया वस्त्र महादान अभियान

**नोएडा।** शहर की सामाजिक संस्था नेफोमा ने जरूरतमंद लोगों को करीब 2000 कपड़े बांटे। नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान ने बताया कि हमने शहर में गरीबों और बच्चों की मदद के लिए वस्त्र महादान अभियान चलाया है, जिसमें हम सोसाइटी और फ्लैट्स से कपड़े इकट्ठा कर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।



डासना स्थित एसबीआई बैंक की शाखा।

# एसबीआई की दीवार तोड़कर किया चोरी का प्रयास

## जांच को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नेशनल हाइवे से सटे डासना स्थित एसबीआई बैंक में चोरों ने दीवार तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि चोर अपने मंसूबो में कामयाब नहीं हो पाए। लिहाजा चोरी की घटना होने से बच गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जल्द चोरों को पकड़ने का दावा किया है। बता दें इससे पहले भी दो बार एसबीआई बैंक में चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास के मामले सामने आ चुके हैं।

जानकारी के अनुसार डासना स्थित एसबीआई बैंक में 31 दिसंबर की रात्रि चोरों ने बैंक की पीछे की दीवार को दो जगह से कुमल लगाकर बैंक मेंचोरी करने का प्रयास किया। हालांकि शनिवार और रविवार को बैंक बंद होने से जब सोमवार को बैंक खुला तो बैंक कर्मचारी ने देखा कि पीछे की दीवार टूटी हुई है और लॉकर ना खुले की वजह से बड़ी घटना होने से बच गई। इसके बाद बैंक मैनेजर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया गया।

बैंक मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस को एक लिखित शिकायत दी गई है। पूर्व कर्मचारियों ने बताया कि पहले भी इस बैंक में दो बार चोरी का प्रयास चोर कर चुके हैं।

# जिला जेल में बंदियों से मिलने पर लगाई पाबंदी

## कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जेल प्रशासन ने लिया फैसला, नोटिस किया चस्पा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर प्रदेश के सभी जिलों में अब बंदियों से उनके परिजन मुलाकात नहीं कर पाएंगे क्योंकि कोरोना का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जेल प्रशासन ने भी मुलाकात खिड़की और जगह-जगह नोटिस चस्पा कर मिलाई को आने वाले परिजनों को जानकारी से अवगत कराया है।

जहां एक तरफ प्रदेश सरकार जनता के हित को ध्यान में रखते हुए तमाम तरह की सावधानी बरत रहा है वहीं जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में डासना की जिला जेल में भी अब बंदियों से मिलाई पर पाबंदी लगाई गई है।





जेल अधीक्षक आलोक सिंह और जेलर ब्रिजेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ फिजीशियन डॉ एमके तोमर व डॉक्टर नितिन प्रियदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार प्रतिदिन जेल में मिलाई को आने वाले परिजनों को सूचना दी गई है कि अब बंदियो से मुलाकात नहीं हो पाएगी। क्योंकि कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए एहतियात और सावधानी बरती जा रही है। जेल में बंद करीब 5284 बंदियों की सुरक्षा और एहतियात को ध्यान में रखते हुए शासन के आदेश पर कदम को उठाया गया है।

हालांकि जेल में कोई भी ऐसा बंदी अभी तक नहीं मिला जो कोरोना संक्रमित हो, लिहाजा एहतियात के तौर पर सभी तैयारियों को पूरा किया गया है।

## ग्रेनो फेडरेशन अध्यक्ष सपा में हुए शामिल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। देवेंद्र टाइगर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ पहुंचे, जहां पर उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ ग्रेटर नोएडा फेडरेशन के सचिव दीपक नागर ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। देवेंद्र टाइगर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। देवेंद्र टाइगर ने बताया कि उनका पूरा परिवार समाजवादी विचारधारा पर है।

# फेज-2 मंडी में बिना लाइसेंस भी मिलेंगी दुकानें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नए नियम के तहत जल्द शुरू होगा आवंटन

फेज-2 सब्जी मंडी में दुकान लेने के लिए अब लाइसेंस की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। शहर का कोई भी व्यक्ति लाइसेंस ले सकता है। इसके लिए शासन से मंडी प्रशासन को मंजूरी मिल गई है। मंडी में 122 दुकानों का आवंटन होना है।

शासन के आदेश के बाद दुकानों के आवंटन को लेकर गौतमबुद्ध नगर में नया आदेश जारी हो गया है। मंडी में अब 50 प्रतिशत लोग बिना लाइसेंस के ही दुकान खरीद सकते हैं। दुकानों के आवंटन के एक माह के अंदर इन दुकानदारों को लाइसेंस स्वत मिल जाएगा। इससे पहले मंडी में लाइसेंसधारकों को ही दुकानें मिलती थीं। फेज-2 मंडी में 122 दुकान कई माह से खाली हैं। इसकी मुख्य वजह सीमित संख्या में लाइसेंस होना बताया जा रहा है।



आढ़तियों का कहना है कि बिना लाइसेंस दुकानों का आवंटन नहीं होने के कारण ही ये दुकानें खाली थीं। अब नए नियम के तहत इन दुकानों के लिए कोई भी आवेदन कर सकता है।

मंडी सचिव संतोष कुमार ने बताया कि शासन से नए नियम आने के बाद दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता – 700 020
सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक्सेल ऑटो/*विनीत कुमार झा-पार्टनर/*अजय कुमार सिंह-पार्टनर/*सत्येन्द्र कुमार सिन्हा-पार्टनर/*विनीत कुमार झा/*अजय कुमार सिंह/*सत्येन्द्र कुमार सिन्हा/*रोली सिन्हा/*ललिता सिन्हा/*सूर्य देव सिंह/*निर्मला सिंह (गारंटर)/*सूर्य देव सिंह/*निर्मला सिंह/*रोली सिन्हा/*ललिता सिन्हा/*सत्येन्द्र कुमार सिन्हा (बंधकदाता)/*फ्लैट नंबर 204, द्वितीय तल, चंदन विला अपार्टमेंट ' जगदेवपथ ' निकट अर्राह गार्डन *पटना-800014/194351000001/194355000003/625905051907 | 1) अपार्टमेंट नंबर सी.4.बी-014 बी-विंग, प्रथम तल, बिल्डिंग नंबर 4, डीएलएफ कार्लटन एस्टेट फेज-5, डीएलएफ सिटी ग्राम वजीराबाद, तहसील और जिला गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम परिमाप क्षेत्रफल सुपर एरिया 126.05 वर्ग मीटर (1357 वर्ग फीट) पार्किंग स्पेस नंबर 4 बी सी -16 (ओपन/कवर्ड) बिल्डिंग नंबर 4में, 2) फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल शिव राधिका कॉम्प्लेक्स मौजा शेखपुरा, मोहल्ला और पी.एस.-शास्त्री नगर, टाउन एवं जिला – पटना, सब और सदर रजिस्ट्री पटना, वार्ड नंबर 04, सर्वे प्लॉट नंबर 1442, खाता नंबर 59 राजस्व सर्वे थाना नंबर 09, तौजी नंबर 5609 पटना परिमाप क्षेत्रफल सुपर बिल्ट अप एरिया 1535 वर्ग फीट, कार पार्किंग स्पेस भू तल पर और भूमि में अविभाजित यथानुपात हिस्सा परिमाप 497.413 वर्ग फीट, 3) मौजा कहजेपुरा, परगना और सर्वे थाना फुलवारी, हाल थाना – शास्त्री नगर, एस.आर. ओ. तथा जिला पटना तौजी नंबर 5588 थाना नंबर 11, खाता नंबर 259 और 305 प्लॉट नंबर 252 और 253 परिमाप क्षेत्रफल प्लॉट नंबर 252 -2500 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 253-350 वर्ग फीट, योग – 2850 वर्ग फीट, 4) तौजी नंबर 181, खाता नंबर 82, प्लॉट नंबर 787 मौजा – शेखपुरा, पी.एस. फुलवारी शरीफ, सब और सदर रजिस्ट्री कार्यालय तथा जिला पटना पी.एस. नंबर 111, पटना, परिमाप क्षेत्रफल 4 कठ्ठा | 26/11/2021 Rs. 6,81,55,076.99/- | 04/08/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 04 जनवरी, 2021
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# यीडा ने कोरोना काल में बढ़ाई 169 फीसदी आमदनी

## *बोर्ड बैठक में पिछले 3 वर्षों का पेश किया लेखा-जोखा, प्राधिकरण ने 9 अरब रुपए कमाए*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का फायदा दिखने लगा है। एयरपोर्ट का यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को बड़ा लाभ मिला है। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना काल के दौरान पिछले 2 वर्षों में यमुना अथॉरिटी की आमदनी में रिकॉर्ड तोड़ इजाफा दर्ज किया गया है। सोमवार को यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक हुई। जिसमें पिछले 3 वर्षों का वित्तीय लेखा-जोखा पेश किया गया। अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण को 169 फीसदी ज्यादा आमदनी हुई है।

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया, एक अप्रैल 2021 से 15 दिसम्बर 2021 तक प्राधिकरण को विभिन्न योजनाओं से 2,120.97 करोड़ रुपये की आय हुई है। इस दौरान 1,474.40 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले प्राधिकरण की आमदनी में 169 फीसदी इजाफा हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण को शुद्ध 455 करोड़ रुपये की आय हुई है। डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई जिसमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना और पिछले 3 वर्षों का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया है। सभी प्रस्तावों को प्राधिकरण के बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। पिछले 3 वित्तीय वर्ष विश्वव्यापी कोविड-19 महामारी की चपेट में रहे हैं। खास बात यह है कि इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी आमदनी दर्ज की है। पिछले 3 वित्तीय वर्षों में यमुना अथॉरिटी ने करीब 9 अरब रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। जबकि, प्राधिकरण को करीब 3,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।



सीईओ ने बताया, हमें वित्तीय वर्ष 2018-19 में शुद्ध लाभ 149 करोड़ रुपए हुआ था। वित्त वर्ष यानी 2019-20 में शुद्ध लाभ बढ़कर 289 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में शुद्ध लाभ 455 करोड रुपए हुआ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# विधानसभा सत्र : दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय बिल विधानसभा में पेश

## शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने गिनाईं खूबियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा का दो दिवसीय सत्र के पहले दिन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय के लिए एक विधेयक पेश किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के शिक्षा मॉडल में मजबूती प्रदान करने और पूरे देश में क्वालिटी टीचर-एजुकेशन का एक नया मापदंड तैयार करने के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना कर रही है। विश्वस्तरीय शिक्षक तैयार करने के लिए दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय देश में अपनी तरह का पहला संस्थान होगा। इस का मकसद टीचर ट्रेनिंग में ऐसे मानक स्थापित करना है कि जब देश में कहीं भी टीचर एजुकेशन इंस्टिट्यूट की बात की जाए तो लोग दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी की मिशाल दें।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को पूरा करते हुए उनकी सरकार भी शिक्षक के दम पर शिक्षा व शिक्षक के दम पर देश के फार्मूला का पालन कर रही है और ऐसी शानदार टीचर यूनिवर्सिटी स्थापित करने जा रही है जहाँ शिक्षकों को विश्वस्तरीय ट्रेनिंग देकर शिक्षा के नए आयाम गढ़े जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने अपने अभिभाषण में कहा कि देश में इंजीनियरिंग के लिए आईआईटी, प्रबंधन के लिए आईआईएम और पत्रकारिता के लिए आईआईएमसी जैसे संस्थान बने लेकिन टीचर्स ट्रेनिंग के लिए कोई इस तरह का संस्थान नहीं बना। केजरीवाल सरकार ने शिक्षा पर काम करते हुए इस बात की गंभीरता को समझा और अब एक ऐसा संस्थान दिल्ली में बनने जा रही है जो देश भर में ऐसे शिक्षक बनाएगा जो देश में शिक्षा को एक अलग मुकाम देंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रतिभाशाली शिक्षक तो है लेकिन ट्रेनिंग संस्थानों की कमी है। दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी इस कमी को पूरा करने का काम करेगी और हर साल यहाँ से हजारों प्रोफेशनल टीचर्स निकलेंगे जो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विजन के आधार पर दिल्ली शिक्षक यूनिवर्सिटी का खाका तैयार किया है। ये बेहद गर्व की बात है कि दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिए गए टीचर ट्रेनिंग की जरूरतों को पूरा करने वाली पहली देश की पहली यूनिवर्सिटी होगी।

यहाँ 4 साल के इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम के साथ नियमित बीएड, बीएलएड कोर्स भी चलाए जाएंगे। साथ ही यहां उन युवाओं के लिए भी 1 साल का डिप्लोमा प्रोग्राम चलाया जाएगा जो टीचर बनने के इच्छुक है, उनमें पढ़ाने को लेकर पैशन है लेकिन सिस्टम के नियमों के कारण वो आधिकारिक रूप से इसका हिस्सा नहीं बन पाते और करियर के रूप में नहीं अपना पाते।

# आप विधायक ने सतर्कता मामलों की मांगी जानकारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सोमवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सतर्कता विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से जुड़े एक सवाल का जवाब नहीं देने से संबंधित मामले को विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया। दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र के पहले दिन आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सोमनाथ भारती ने भ्रष्टाचार और कर्तव्य में लापरवाही जैसे सतर्कता मामलों के विभाग वार ब्यौरे से संबंधित सवाल पूछा था।

भारती ने कहा कि दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने उपराज्यपाल कार्यालय के एक पुराने आदेश का हवाला देते हुए सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने ट्वीटकर कहा कि क्या भाजपा उपराज्यपाल के कार्यालय के जरिए भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रही है। अन्यथा एलजी के आदेश का हवाला देते हुए इन प्रश्नों के उत्तर की अनुमति क्यों नहीं दी जाएगी। आखिरकार दिल्ली विधानसभा ही सतर्कता विभाग और उपराज्यपाल कार्यालय का वित्तपोषण करती है। उन्होंने अपने प्रश्न की एक प्रति भी इसके साथ संलग्न की।

गोयल ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसे सदन की विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया। गोयल ने अगस्त में कहा था कि उपराज्यपाल ने 29 मार्च, 2018 को तत्कालीन विधि सचिव को लिखा था और उन्होंने विधानसभा को लिखा था कि किसी भी सुरक्षित विषय पर प्रश्न स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## विधायक जितेंद्र महाजन का निलंबन किया रद्द



नई दिल्ली। विधानसभा ने सोमवार को भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन का निलंबन रद्द कर दिया। महाजन को पिछले महीने सदन से निलंबित कर दिया गया था। विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर बिधूड़ी द्वारा इस संबंध में पेश किया गया प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित होने के बाद महाजन के निलंबन को निरस्त किया गया। बिधूड़ी ने विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल से निलंबन समाप्त करने का अनुरोध किया था।

विधानसभा ने सदन की कार्यवाही में कथित रूप से बाधा डालने के आरोप में महाजन को पिछले साल दिसंबर में अपने एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान निलंबित कर दिया था।

# राजधानी के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी नहीं : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● स्वास्थ्य मंत्री ने विस को दी जानकारी

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने विधानसभा को जानकारी दी कि सरकारी अस्पतालों और क्लीनिक में चिकित्सा कर्मियों का कोई अभाव नहीं है। जैन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों से कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा के नेता एवं विधायक ओ पी शर्मा के सवाल के जवाब में यह कहा।

जैन ने कहा कि औषधालयों, अस्पतालों और क्लीनिक में चिकित्सकों, नर्स, पराचिकित्सकों और गैर-चिकित्सा कर्मचारियों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने रिक्त पड़े पदों की सूची भी जारी की है। मंत्री ने कहा कि सरकार इन पदों पर भर्ती के लिए कदम उठा रही है। सरकार से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी सवाल किया गया। सरकार ने विधानसभा को जानकारी दी कि उसने रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर संघ लोक सेवा आयोग और दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को पत्र भेजे हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य द्वारा संचालित चिकित्सा सुविधाओं में विशेषज्ञों के 1,236 स्वीकृत पद हैं और इनमें से 932 पदों पर नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है और 43 पदों पर संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं जबकि 261 पद खाली पड़े हैं। जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) के 1,357 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 1,219 पद भरे जा चुके हैं, जबकि 44 पदों पर संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। जीडीएमओ के 84 पद खाली पड़े हैं।

## विधानसभा ने सीडीओ समेत अन्य सैन्य कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। विधानसभा ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और अन्य के एक हेलीकॉप्टर हादसे में निधन पर सोमवार को शोक जताया। सदन ने जम्मू कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर परिसर में मची भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति भी शोक जताया है और घटना में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। विधानसभा का दो दिवसीय सत्र सोमवार से शुरू हुआ है।

सदन के सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखा। वैष्णो देवी मंदिर में नव वर्ष के मौके पर भीड़ के दौरान दो समूहों में कथित झगड़े के बाद शनिवार तड़के मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 16 अन्य जख्मी हुए थे। जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका और 11 अन्य सैन्य कर्मियों की आठ दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी।

# विस सत्र में दिल्ली की समस्याओं पर चर्चा हो : कांग्रेस

## आबकारी नीति का विरोध भाजपा का महज दिखावा : चौ. अनिल कुमार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा के दो दिन के विशेष सत्र में दिल्ली के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सत्र के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दिल्ली के करदाताओं का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मांग की है कि कोविड संक्रमण के तेजी से प्रसार, जनता के स्वास्थ्य और हितों से जुड़ी समस्याओं का निवारण करने पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्र में कोरोना के ब?ते मामले, नई आबकारी नीति, महंगाई, बेरोजगारी, चरमराई सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, मौहल्ला क्लीनिकों में गलत दवाई से गरीब बच्चों की मौत सहित किसानों से वादा खिलाफी आदि मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल अपने अवसरवादी व्यक्तित्व से अलग हट कर दिल्ली की जनता की जरुरतों पर ध्यान दे, उनकी जनता के प्रति निष्क्रियता के कारण राजधानी में एक बार फिर कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे है जिसके चलते उन्होंने शराब की दुकाने छोड़ सब कुछ बंद कर दिया या 50 प्रतिशत की क्षमता कर दी है। उन्होंने कहा कि येलो अलर्ट पर परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है जिसके लिए उन्हें डीटीसी बसों की अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए तथा गरीब, दिहाड़ी मजदूर, रेहड़ी पटरी तथा छोटे कारोबारियों के लिए तुरंत राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

कुमार ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि अरविन्द केजरीवाल दिल्ली वालों को बेवकूफ बनाकर उन्हें गुमराह कर रहे है क्योंकि वर्ष 2021 में उन्होंने दिल्ली छोड़ दूसरे राज्यों में अपने राजनीति चमकाने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे है। उन्होंने कहा कि सभी सुविधाऐं पहले दिल्ली के नागरिकों को देनी चाहिए। चौ अनिल ने कहा कि भाजपा द्वारा शराब नीति के खिलाफ चक्का जाम करना पूरी तरह दिखावा है और दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने के पीछे भाजपा आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी नजर आई।



आप सरकार की नई आबकारी नीति के विरोध में भाजपा द्वारा किए गए चक्का जाम से आजादपुर में लगी वाहनों की लंबी कतार। फोटो : रंजन डिमरी

# नई आबकारी नीति के खिलाफ भाजपा का चक्का जाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● सड़कों पर लगी वाहनों की लंबी कतारें

दिल्ली सरकार की नयी आबकारी नीति के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए अक्षरधाम मंदिर सहित राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न स्थानों पर सड़कों को अवरुद्ध कर 'चक्का जाम' किया।

भाजपा के 'चक्का जाम' के कारण रिंग रोड, आईटीओ और कई अन्य प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भाजपा के 'चक्का जाम' पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा नेता बौखलाए हुए हैं क्योंकि नयी आबकारी नीति का उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाना है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 3500 करोड़ रुपये की चोरी रोक दी है। यह पैसा अब जनता के काम के लिए सरकार को मिल रहा है पहले यह पैसा भाजपा नेताओं और शराब माफिया की जेब में जाता था।

भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने अक्षरधाम मंदिर के पास विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। आदेश गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार अपनी नयी आबकारी नीति के तहत शहर भर में अवैध रूप से शराब की दुकानें खोल रही है। रिहायशी और धार्मिक स्थलों के पास दुकानें खोली जा रही हैं। हमारा विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक कि नयी शराब नीति वापस नहीं ले ली जाती।

# पुलिस ने ट्विटर, गिटहब से मांगी जानकारी

## विवादास्पद ऐप पर सबसे पहले पोस्ट करने वाले के बारे में ट्वीटर से मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मुस्लिम महिलाओं का अपमान

विवादास्पद मोबाइल ऐप 'बुली बाई' बनाने वालों के बारे में दिल्ली पुलिस ने गिटहब प्लेटफॉर्म से और ऐप के बारे में सबसे पहले पोस्ट करने वाले शख्स के बारे में ट्विटर से जानकारी मांगी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों कहा कि दिल्ली पुलिस ने ट्विटर से 'बुली बाई ऐप' से साझा की गयी किसी भी 'आपत्तिजनक सामग्री' को उसके प्लेटफॉर्म से हटाने और उस पर रोक लगाने को भी कहा है। इस ऐप पर सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें 'नीलामी' के लिए डाली गयी हैं जिनमें कुछ प्रतिष्ठित नाम भी शामिल हैं। ऐप बनाने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बढ़ती मांग और आक्रोश उपजने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा था कि सरकार दिल्ली और मुंबई में पुलिस के साथ काम कर रही है जहां इस संबंध में मामले दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि गिटहब ने ऐप को अपलोड करने वाले उपयोगकर्ता को ब्लॉक कर दिया है और साइबर सुरक्षा पर देश की नोडल एजेंसी 'कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल' (सीईआरटी) और पुलिस मिलकर आगे की कार्रवाई पर सलाह-मशविरा कर रहे हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर ऐप से संबंधित मामले में कार्रवाई तेज करने को कहा था ताकि इस तरह के अपराध फिर नहीं हों।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि मामले में जारी जांच के तहत हमने ट्विटर को पत्र लिखकर उस अकाउंट हैंडल के बारे में जानकारी मांगी है जिसने सबसे पहले 'बुली बाई' ऐप के बारे में ट्वीट किया था।' उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए ऐसा किया जा रहा है कि संबंधित लोग उस ऐप से कैसे जुड़े जिसमें एक समुदाय विशेष की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी जा रही हैं। दिल्ली पुलिस ने एक वेबसाइट पर एक महिला पत्रकार की तस्वीर कथित रूप से छेड़छाड़ करके अपलोड करने के मामले में शनिवार रात को कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

पत्रकार ने एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी और ट्विटर पर उसकी प्रति साझा कर दी। दक्षिण पूर्व जिले के साइबर पुलिस थाने ने शनिवार रात को मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे पहले जुलाई में भी दिल्ली पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने ऐसा एक मामला दर्ज किया था।

## संक्षिप्त समाचार



अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह बालियान के आप में शामिल होने के बाद पटका पहनाकर स्वागत करते विधायक संजीव झा।

### रविंद्र सिंह बालियान आप में शामिल

नई दिल्ली। अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह बालियान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। पार्टी के विधायक दिलीप पांडेय और संजीव झा ने बालियान को टोपी और पटका पहनाकर उनको पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि मुख्यमं अरविंद केजरीवाल की पार्टी को दिल्ली से बाहर भी लोगों ने पसंद करना शुरू कर दिया है। केजरीवाल सरकार की नीतियों और दिल्ली विकास मॉडल से प्रभावित होकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग आप में शामिल हो रहे हैं। उसी श्रृंखला में सोमवार को बालियान आप में शामिल हुए है।

## श्री दमदमा साहिब को पांचवें तख्त के कमेटी एक्ट में शामिल करने का स्वागत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा द्वारा दिल्ली सिख गुरुद्वारा संशोधन विधेयक 2022 पास कर तख्त श्री दमदमा साहिब को पांचवें तख्त के रूप में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एक्ट में शामिल करने हेतु प्रस्ताव पास किया गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार हरमीत सिंह कालका ने प्रस्ताव पास करने का स्वागत करते हुए दिल्ली संगत को इसकी बधाई दी है।

हरमीत सिंह कालका ने अपने जारी बयान में कहा कि तख्त श्री दमदमा साहिब को पांचवें तख्त के रूप में दिल्ली गुरुद्वारा एक्ट में शामिल करने की मांग बहुत लंबे समय से संगत द्वारा की जा रही थी। कालका ने कहा कि अब जबकि दिल्ली विधानसभा ने संशोधन पास होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी मिलने पर सिखों के पांचवें तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार भी कमेटी के जनरल हाउस का सदस्य बन सकेंगे। इसके साथ ही दिल्ली कमेटी में नामांकित किये जाने वाले सदस्यों की संख्या 9 से बढ़कर 10 हो जाएगी। अभी तक केवल चार तख्तों के जत्थेदार ही कमेटी के जनरल हाउस के सदस्य नामजद होते थे।

# श्री अकाल तख्त के प्रधान पुजारियों की संख्या अब होगी पांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधान सभा में दिल्ली सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक 2022 पेश किया गया है। मनोनीत सदस्यों की सूची में एक और सदस्य जोड़ने के लिए विधेयक पेश किया गया। इसके जरिए 9 सदस्यों से इसे 10 सदस्यों तक ले जाया गया है।

इस संशोधन के जरिए डीएसजीएमसी के मनोनीत सदस्यों के रूप में श्री अकाल तख्तों के मौजूदा 4 प्रधान पुजारियों की सूची में एक और प्रधान पुजारी श्री अकाल तख्त, दमदमा साहिब तलवंडी साबो भटिंडा, पंजाब को जोड़ा गया है। इस संशोधन के तहत मनोनीत सदस्यों की संख्या 5 हो जाएगी। जिसमें श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर, श्री अकाल तख्त साहिब आनंदपुर, श्री अकाल तख्त साहिब पटना, श्री अकाल तख्त हजूर साहिब नांदेड़ और श्री अकाल तख्त दमदमा साहिब के प्रमुख पुजारी तलवंडी साबो, भटिंडा पंजाब होंगे। वहीं धारा 16 की उप-धारा एक और उप-धारा दो के तहत कार्यकारी बोर्ड के पदाधिकारी और अन्य सदस्यों के चुनाव के उद्देश्य से किसी भी प्रधान पुजारी को मतदान का अधिकार नहीं होगा। प्रस्तावित संशोधन के बाद डीएसजीएमसी में कुल 46 निर्वाचित सदस्य और 10 मनोनीत सदस्य होंगे।



सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर मौजूद समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम।

# अर्थव्यवस्था को गति देने में है सहकारिता समितियों की अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## ● मंत्री ने सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र का किया उद्घाटन

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सहकारी समितियों का महत्व बताते हुए कहा कि ऐसे कई देश हैं जहां सहकारी समितियों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाई है।

सहकारी समितियों ने बांग्लादेश जैसे कई देशों की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। सहकारी आंदोलन आर्थिक रूप से कमजोर सदस्यों को सशक्त बनाता है। समितियों ने आपसी समझ, स्व-सहायता और स्व-शासन की भावना को बढ़ावा दिया है। गौतम सोमवार को सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर कही।

गौतम ने सहकारी समितियों में चल रहे कुरीतियों का जिक्र करते कहा कि अक्सर सहकारी समिति में कदाचार के लिए अधिकारियों और राजनेताओं को दोषी ठहराया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। कई बार प्रबंधन अपने स्वार्थों के कारण भ्रष्टाचार को जन्म देता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इन प्रथाओं को समाप्त करने में प्रभावी ढंग से आपकी मदद करेगा।

उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों की मदद करने और सहकारी आंदोलन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑफिसर्स को प्रेरित किया जो अंततः हमारे देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा।

# शादियों के सीजन में कोविड से 4 लाख करोड़ के व्यापार पर ग्रहण

## राजधानी में इस सीजन में होंगी लगभग ढाई लाख से ज्यादा शादियां : कैट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आगामी 14 जनवरी संक्रांति से शादियों के दूसरे चरण में व्यापार की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए व्यापक तैयारियां करने वाले व्यापारियों को कोविड संक्रमण के कारण करीब चार लाख करोड़ रुपये के व्यापार में नुकसान हो सकता है।

यह आकलन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया है। कैट के अनुसार गत वर्ष 2021 में 14 नवम्बर से 13 दिसम्बर से तक एक महीने में देश भर में शादियों के पहले चरण में देश भर में लगभग 25 लाख शादियों के जरिये लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने से व्यापारी बेहद उत्साहित हुए थे।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीय एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की जनवरी से लेकर मार्च के तीन महीनों में लगभग 17 मुख्य शादी मुहूर्त है। शादी के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों को नुकसान होगा। दूसरे चरण के शादियों के इस सीजन में लगभग 30 लाख से ज्यादा शादियों के जरिये लगभग 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के व्यापार होने की संभावना थी जो अब विभिन्न कोविड पाबंदियों के चलते बहुत तेजी से घटकर केवल डे? लाख करोड़ ही होने का अनुमान है जिससे व्यापारियों का उत्साह टूट गया है। कैट ने कहा की अकेले दिल्ली में इस सीजन में लगभग ढाई लाख से ज्यादा शादियाँ होंगी। दिल्ली में अब शादियों में केवल 20 व्यक्तियों को आमंत्रित करने की सीमा तय कर दी गई है ! इसी प्रकार से देश के अन्य राज्यों में कहीं 50 अथवा केवल सौ लोगों के शादियों में शामिल होने की अनुमति दी गई है। इसी प्रकार से कई अन्य प्रतिबन्ध भी शादियों से संबंधित गतिविधियों पर लगाए गए हैं जिसके कारण शादियों के सीजन में होने वाले व्यापार का बंटाधार हो गया है।



फाइल फोटो

कोविड संक्रमण में तेजी आने के बाद अब इन सब वर्गों में व्यापार काफी घट जाएगा और बड़ी संख्या में जिन लोगों को अस्थायी रोजगार मिलता था वो भी बेहद कम होगा।

## पूर्वी निगम ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स को दिया नोटिस

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा संपत्तिकर जमा नहीं कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अक्षरधाम स्थित पार्श्वनाथ मॉल के मालिक मेसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर नोटिस जारी किया है।

अपर आयुक्त ब्रजेश सिंह ने बताया कि पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड द्वारा पिछले तीन सालों से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया है। पार्श्वनाथ उपरोक्त परिसर के संपत्ति कर की देयता के संबंध में अपेक्षित जानकारी दाखिल करने में विफल रहा। ब्रजेश सिंह ने बताया कि पूर्वी निगम द्वारा संपत्ति कर जमा नहीं कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जनवरी, 2022



# विश्व रिकार्ड: नरेंद्र ने पांच दिन में दो बार माउंट किलिमंजारो की फतह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणवीं** युवा पर्वातारोही दक्षिण अफ्रीका में पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपना लोहा लगातार मनवा रहे हैं। इन युवा पर्वारोहियों के जोश और जज्बे के आगे सब चोटियां छोटी पड़ रही हैं। हाल ही में गुरुग्राम के नरेंद्र नरेंद्र घेऊ ने दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो 5 हजार 895 मीटर (19 हजार 341 फीट) पर तिरंगा फहराया। विशेष बात यह है कि उसने यहां 5 दिन में लगातार दो बार पर्वतारोहण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

मूलरूप से हिसार जिले के गांव मिगनी खेड़ा के रहने वाले नरेंद्र घेऊ पिछले 8 साल से परिवार के साथ गुरुग्राम में रह रहे हैं। उन्होंने 26 दिसंबर को दोपहर बाद 2.30 बजे चढ़ाई शुरू की और 28 दिसंबर की शाम 6 बजे किलिमंजारो पर तिरंगा फहराया। इसके बाद 29 दिसंबर को दोपहर बाद 2 बजे वापस किलिमंजारो नेशनल पार्क लौटे। इसी दिन एक घंटा आराम करने के पश्चात नरेंद्र ने सायं 3 बजे फिर से चढ़ाई शुरू की। अगले दिन 30 दिसंबर को 2:30 बजे लगातार दूसरी बार नरेंद्र ने माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहरा दिया। इस तरह से वे लगातार दो बार किलिमंजारो पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराने वाले पर्वतारोही बनें। नरेंद्र घेऊ ने दावा किया है कि उनसे पहले आज तक दुनिया में किसी भी पर्वतारोही ने मांउट किलिमंजारों पर पांच दिनों में लगातार दो बार चढ़ाई नहीं की है। इसलिए यह उसका रिकॉर्ड बना है।



माउंट किलिमंजारो पर पांच दिन में दो बार चढ़ाई करने के बाद तिरंगा झंडा फहराते नरेंद्र घेऊ।




माउंट किलिमंजारो पर चढ़ाई करने वाले पर्वारोही नरेंद्र घेऊ को मिला सर्टिफिकेट।

### 21 दिसम्बर को नरेंद्र हुए थे रवाना

**पर्वतारोही** नरेंद्र नरेंद्र घेऊ 21 दिसंबर 2021 को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुए थे। जो लक्ष्य वे चले थे उसे पूरा किया। नरेद्र कुमार ने दक्षिण अफ्रीका की एक निजी एजेंसी के जरिये पवर्तारोहण किया। एजेंसी की ओर से ही नरेंद्र को गाइड और चढ़ाई के दौरान खाने-पीने सहित मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई। इस पर साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक खर्च हुए हैं।

### राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ी भी हैं नरेंद्र

**बता** दें कि नरेंद्र नरेंद्र घेऊ राष्ट्रीय स्तरीय के जूडो खिलाड़ी है। नरेंद्र ने माउंटेरिंग का बेसिक कोर्स मनाली के अटल बिहारी संस्थान व एडवांस माउंटेरिंग कोर्स दार्जिलिंग स्थित हिमालयन माउंटेरिंग संस्थान से किया था। सिक्किम में माउंट बीसी रॉय, मनाली में डीईओ टिब्बा समेत अन्य कई पहाड़ियों पर भी नरेंद्र नरेंद्र घेऊ चढ़ाई कर चुके हैं।

# बिना डरे 15 से 18 साल के बच्चे कराएं टीकाकरण: सुधीर सिंगला

## विधायक ने की जैकबपुरा स्कूल में किशोरों के वैक्सीनेशन कार्यक्रम की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने किशोरों (15 से 18 साल) को वैक्सीनेशन लगाने की शुरुआत यहां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा से की। साथ ही उन्होंने सभी किशोरों को बिना किसी भय, डर के वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सुरक्षित है। इससे किसी तरह के दुष्प्रभाव नहीं हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने शिक्षकों का भी आह्वान किया कि वे स्कूलों में निर्धारित आयु सीमा के किशोरों की वैक्सीनेशन के लिए काउंसलिंग करें, ताकि उनमें किसी तरह की शंका ना रहे। उन्होंने सभी नागरिकों से भी आह्वान किया है कि तय नियमों के अनुसार वैक्सीन लगवाकर कोरोना महामारी से खुद को सुरक्षित करें। दूसरों को भी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम समय में देश की जनता तक वैक्सीन पहुंचाई।

पहले 18 साल से अधिक के उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाने का काम शुरू हुआ और अब 15 से 18 साल के बीच के किशोरों के लिए वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। पूरी योजना के साथ प्रधानमंत्री ने इस काम को पूरा किया है।

यह उनकी दूरदर्शिता सोच का ही परिणाम है कि कोरोना का दूसरा वेरिएंट आने के साथ ही किशोरों के लिए वैक्सीनेशन के साथ 60 साल की उम्र से अधिक बुजुर्गों को बूस्टर डोज देने की योजना बना दी है। आगामी 10 जनवरी 2022 से बूस्टर डोज की भी शुरुआत होगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सभी योजनाओं को समय से शुरू करके आम जनता को राहत देने का काम किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सुनील शर्मा, उप-प्राचार्य संगीता, डॉक्टर उमंग, हेमंत मोंगिया, अरविंदर कौर, करुणा समेत काफी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्कूल में विद्यार्थियों के वैक्सीनेशन के दौरान उपस्थित विधायक सुधीर सिंगला।

# 15 से 18 वर्षीय किशोरों के लिए कोरोना टीकाकरण अभियान शुरू

**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 15 से 18 उम्र वाले विद्यार्थियों को कोविड टीका लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को भी कोविड टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। पहले दिन 200 टीके लगाएं गए।

नागरिक अस्पताल की टीम ने दो स्थानों पर 15 से 18 उम्र वाले किशोरों को कोविड टीका लगाने के अभियान की शुरुआत की। जिसके लिए मुख्य केन्द्र शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में टीकाकरण करके की गई। अभियान की शुरुआत नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने रिबन काटकर की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा व उनका शिक्षक स्टाफ मौजूद था। यहा पर पहला टीका कक्षा 11वीं की छात्रा प्रतिभा को लगा। टीका लगवाने पहुंचे विद्यार्थियों में जोश नजर आया। पहले दिन 200 से अधिक छात्र व छात्राएं टीका लगवाने के लिए पहुंचे। लेकिन अभियान के पहले दिन यहा पर 100 विद्यार्थियों को टीका लगा। स्थानीय स्कूल में कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1500 के लगभग है।

**गर्भवती महिलाओं को भी लगा टीका** : सोमवार से गर्भवती महिलाओं को भी कोविड टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। यहा पर पंजीकृत किशोरों को भी टीका लगा। नागरिक अस्पताल में ऑनलाइन टीका लगवाने के लिए अपना पंजीकरण एक दिन पहले कराने वालों को टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 50 गर्भवती महिलाओं को टीका लगा।



सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा कोरोना का टीका लगवाती हुई।

# गैर नियोक्ता-कर्मचारी समूह बीमा या व्यक्तिगत स्वास्थ्य कवर में कौन-सा विकल्प है बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

## ओमिक्रोन भ्नाए रिकॉर्ड बना रहा

**कोविड-19** की शुरुआत के बाद से हम सभी सामूहिक रूप से एक बेहद भयानक समय से गुजर रहे हैं। पिछले कुछ समय से कोरोना के मामलों में आई गिरावट ने कुछ राहत पहुंचाई थी, लेकिन इसके नए वेरिएंट (संस्करण) ओमिक्रोन का बढ़ता प्रकोप एक बार फिर नए रिकॉर्ड बना रहा है। यह नया स्ट्रेन, जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा चिंता का विषय घोषित किया गया है, अब 77 से अधिक देशों में मौजूद है और भारत में भी बेहद तेजी से फैल रहा है। इस खतरनाक वर्तमान स्थिति ने स्वास्थ्य बीमा को न सिर्फ बहुत जरूरी बना दिया है, बल्कि अब हमें अपने लिए सबसे सही स्वास्थ्य बीमा चुनने से पहले उपलब्ध विभिन्न विकल्पों को ध्यान से समझने की भी जरूरत है।

पॉलिसी बाजार डॉट कॉम के प्रमुख-स्वास्थ्य बीमा अमित छाबड़ा ने कहा, कोरोना की तीसरी लहर आने की संभावना बढ़ने के साथ हमें पहले से भी ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की बात आते ही बहुत सारे विकल्प हमारे सामने होते हैं। जैसे-विभिन्न व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं, कॉर्पोरेट ग्रुप इंश्योरेंस और इन दोनों के मिश्रण से बना-अनौपचारिक समूह बीमा। इस अनौपचारिक समूह बीमा को गैर नियोक्ता कर्मचारी समूह बीमा के रूप में भी जाना जाता है। यह सामूहिक रूप से उन सदस्यों द्वारा खरीदा जाता है, जो एक ही समाज से संबंधित हो, एक ही सांस्कृतिक संघ से जुड़े हो या एक ही बैंक में खाता रखते हों। यह बीमा योजनाएं ज्यादातर सभी प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर के बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों से, गाइडलाइंस के अनुसार बैंकों को जनरल और हेल्थ दो खंड में कुल तीन बीमाकर्ताओं के साथ साझेदारी करने और ग्राहकों को नीतियां प्रदान करने की छूट है।

आमतौर पर, ग्रुप इंश्योरेंस में कवरेज की सीमा का निर्णय बीमा कंपनी करती है। इसके साथ ही, एक मानकयुक्त (स्टैन्डडाइज्ड) कवरेज भी होती है, जो ग्रुप के सभी सदस्यों पर लागू होती है। ताकि सभी सदस्यों को समान बीमा राशि प्राप्त हो सके, चाहे उनकी उम्र या आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। हालांकि, कुछ मामलों में, ग्राहकों को कवरेज की राशि चुनने की अनुमति भी दी जाती है। लेकिन फिर भी उनकी पसंद उपलब्ध विकल्पों तक ही सीमित होती है। यदि सभी सदस्यों की जनसांख्यिकी, वित्तीय स्थिति और स्वास्थ्य की स्थिति समान हो तो यह योजनाएं एक व्यावहारिक विकल्प बन सकती हैं। इसलिए, ऐसे में आपसी सहमति से एक ऐसी योजना का चुनाव किया जाना चाहिए, जो सभी के लिए उपयुक्त हो।

# माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर 26 उत्कृष्ट महिलाएं कीं सम्मानित

## 12 शिक्षिका, नौ समाजसेविका और पांच कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ऑल** इंडिया सैनी सेवा समाज की महिला इकाई द्वारा सैनी चौपाल गुड़गांव गांव के प्रांगण में माता सावित्रीबाई फुले जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले से 12 शिक्षिकाओं, 9 समाज सेविकाओं व 5 कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर मधु आजाद व उप-महापौर सुनीता यादव और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका प्रतिमा मनचंदा, अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पुष्पा जांगड़ा, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पत्नी सरोज सैनी, अधिवक्ता अलका दलाल ने महिलाओं को सम्मानित किया। संस्था की राष्ट्रीय सह-सचिव रेखा सैनी व प्रदेश अध्यक्ष नीलम सैनी ने सैनी समाज की तरफ से मेयर मधु आजाद को महिला इकाई द्वारा 3 जनवरी को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करवाने के लिए मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-8 के पार्षद दिनेश सैनी, सविता सैनी भी मौजूद रहे। प्रदेश सचिव योगिता सैनी व जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी ने कहा कि समाज बेटियों को अब आगे बढ़ाने में भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटियों की शादी की उम्र 21 साल करने की भी सराहना की।

संस्था के महामंत्री राजकुमार सैनी, कार्यालय सचिव राधेश्याम सैनी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष हंसराज सैनी व गुरुग्राम जिला अध्यक्ष पीसी सैनी, एक आवाज संस्था के अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल, सैनी युवा विकास समिति के प्रधान अशोक सैनी, सैनी सुधार समिति के प्रधान ओमप्रकाश सैनी, महामंत्री कंवर सिंह सैनी, संजय पटवारी, राजेश सैनी, माता शीतला समिति के अध्यक्ष भगत सिंह सैनी, प्रदेश सचिव योगिता सैनी, जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी आदि उपस्थित रहे।



माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सम्मानित की गई महिलाओं के साथ अतिथि।

# अस्पतालों व स्कूलों में शुरू हुआ किशोरों का टीकाकरण

## नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में डा. बलविंद्र ने किया शुभारंभ

## 15 से 18 साल के बीच के किशोरों को लगाई गई कोवैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**18 साल** से ऊपर के टीकाकरण होने के बाद अब 15 से 18 साल के किशोरों का कोरोनारोधी टीकाकरण सोमवार से शुरू हो गया। टीकाकरण के लिए जिले के मुख्य अस्पतालों के अलावा पीएचसी, सीएचसी, यूपीएचसी और निजी एवं सरकारी स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं। सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक सभी केंद्रों पर किशोरों को वैक्सीन लगाई जा रही है।

यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में किशोरों के टीकाकरण अभियान की विशेष तैयारियों के साथ शुरुआत की गई। विधिवत रूप से रिबन काटकर डा. बलविंद्र ने टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजावट की गई। किशोरों में किसी तरह का तनाव, डर ना हो, इसके लिए उनकी काउंसलिंग भी की जा रही है।

अस्पताल में वैक्सीनेशन इंचार्ज डा. सुशीला ने सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को बेहतर काम करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय, नर्सिंग ऑफिसर जपिंद्र, नर्सिंग ऑफिसर शुभलता व नर्सिंग ऑफिसर नीलम आदि उपस्थित रहे। जिला में वैक्सीनेशन अभियान के नोडल अधिकारी एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह के मुताबिक जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण शुरू किया गया, उनमें एसडीएच हेलीमंडी, सुल्तानपुर, ट्रेंनिंग सेंटर एसडीएच सोहना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोमा, मंदपुरा, सूरत नगर, दौलताबाद, ओम नगर, कासन, घाटा व वजीराबाद, पीएचसी गड़ी, राजीव नगर, नाहरपुर रूपा, गुड़गांव गांव, मुल्लाहेड़ा, बादशाहपुर, राजेंद्रा पार्क, सीएचसी फर्रूखनगर, पीएचसी भांगरोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलपुर, पीएचसी भोड़ा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, तिगरा, मानेसर, नाथूपुर, पटेल नगर, पीएचसी पलड़ा, घंघोला, बसई एनक्लेव व चंद्रलोक, नागरिक अस्पताल पटौदी, पीएचसी भोंडसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखराली, लक्ष्मण विहार, फिरोज गांधी कॉलोनी व खांडसा, पॉलीक्लीनक सेक्टर-31 शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर कॉवेक्सीन की पहली डोज के रूप में 50 स्लॉट ऑनलाइन व 50 स्लॉट ऑफलाइन माध्यम से उपलब्ध कराए गए।



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में किशोरों के लिए वैक्सीनेशन कार्यक्रम की हुई विधिवत शुरुआत।

### 39 स्कूलों में भी बनाए गए है वेक्सीनेशन केंद्र

**जिले** के 39 सरकारी व निजी स्कूलों में भी वेक्सीनेशन केंद्र बनाए गए, जिनमें गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलताबाद, कासन, सी-ब्लॉक पालम विहार, नाथुपुर, बसई एनक्लेव, अभयपुर, बहोड़ाकला, सिकन्दरपुर, फर्रूखनगर, घाटा, सोहना, भोंडसी, मोहम्मदपुर, सरहौल, वजीराबाद, डूंडाहेड़ा व बादशाहपुर, हेमेंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल व राव लाल सिंह स्कूल गुढ़ाना, डीएवी स्कूल खांडसा रोड, शांति निकेतन स्कूल टेकचंद नगर, संस्कृति स्कूल, डीएवी सेक्टर 49, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल जैकबपुरा, बाल भारती पब्लिक स्कूल आईएमटी मानेसर, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल हेलीमंडी, अजंता स्कूल ताजनगर, सीडी इंटरनेशनल स्कूल फाजिलपुर, लायन पब्लिक स्कूल, राजीव गांधी हाई स्कूल राजेंद्र पार्क, चित्रगुप्त स्कूल टीकली, पाथ फाइंडर स्कूल पटौदी, डीएवी स्कूल सेक्टर 14, सीसीए स्कूल सेक्टर-4, द्रोणा स्कूल रवि नगर, आकाश पब्लिक स्मूल गुड़गांव गांव, लिटिल ब्लॉसम स्कूल हंस एनक्लेव गली नंबर 7, न्यू शिशु कल्याण पब्लिक स्कूल चंदू, ऋषि पब्लिक स्कूल सेक्टर-31 आदि केन्द्रों पर 100 स्लॉट उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त जिला में 10 निजी अस्पतालों में भी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### किशोरों के अभियान को भी सफल बनाएं: सीएमओ

**सिविल** सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने सोमवार से शुरू हुए किशोरों के टीकाकरण अभियान पर जिलावसियों से अपील करते हुए कहा कि जिस उत्साह के साथ आप सभी ने 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाया है। उसी तरह से किशोरों के लिए शुरू हुए इस अभियान को भी सफलता के शिखर तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# 11 सरकारी अस्पतालों में लगे 4150 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट

## कोरोना से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की पूरी तैयारियां

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** की दूसरी लहर के खौफनाक मंजर को सबने देखा। सबसे बड़ा विषय ऑक्सीजन की कमी का रहा, जिसके कारण लोगों का जीवन खतरे में पड़ा। भविष्य में इस प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए गए हैं। गुरुग्राम के 11 सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों में 4150 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए हैं।

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जिलावासियों ने मानवता का परिचय देते हुए एक दूसरे का सहयोग भी किया। कई स्वयंसेवी संस्थाओं के अलावा मल्टी नेशनल कंपनियों ने लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए। कंपनियों द्वारा लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सीएसआर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सीएसआर के तहत कंपनियों ने फेस मास्क व हैंड सेनिटाइजर के नि:शुल्क वितरण के अलावा पीपीई किटों तथा वेंटिलेटर जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाए।

### स्वास्थ्य विभाग के पास हैं 37 एम्बुलेंस

**सिविल** सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जिला में वर्तमान में 37 एंबुलेंस उपलब्ध हैं। वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग को 16 एंबुलेंस प्राप्त हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास एंडवांस लाईफस्पोर्ट एंबुलेंस के अलावा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा जिला में कोरोना रोधी टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है। लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए अलग-अलग प्रचार माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना की दोनों वैक्सीन प्रभावी व सुरक्षित है। इसलिए लोग कोरोनारोधी वैक्सीन लगवाकर सुरक्षा कवच धारण करें।

### सीएसआर के तहत कंपनियों ने दिया सहयोग

**जिला** में जीवनदायिनी ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला में 11 अलग-अलग सरकारी अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर 4150 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए। जिला में 6 ऑक्सीजन प्लांट मारूति सुजुकी कंपनी द्वारा 2750 एलपीएम क्षमता, डीआरडीओ द्वारा 1000 एलपीएम क्षमता, दिल्ली लागर स्कूटी द्वारा 100 एलपीएम क्षमता तथा जोमेटो द्वारा 300 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। जिन 11 स्वास्थ्य केंद्रों व सरकारी अस्पतालों में ये प्लांट लगाए गए हैं, उनमें 1750 एलपीएम क्षमता के प्लांट नागरिक अस्पताल सेक्टर-10, पटौदी उपमण्डल नागरिक अस्पताल में 500 एलपीएम क्षमता, एसडीएच सोहना में 500 एलपीएम, ईएसआईसी सेक्टर-9 में 500 एलपीएम, ईएसआईसी सेक्टर-3 मानेसर में 500 एलपीएम, पोलीक्लीनिक सेक्टर-31 में 100 एलपीएम, सीएचसी घंघौला में 75 एलपीएम, सीएचसी भांगरौला में 75 एलपीएम तथा सीएचसी फरूखनगर में 150 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीरों की बलिदानी भूमि ने दिया देशभक्ति का जज्बा : सुंदर लाल



पोर्ट ब्लेयर से लौटे सुंदर लाल ने बलिदानी मिट्टी के साथ विधायक सत्यप्रकाश जरावता से की मुलाकात।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश से गये 129 कार्यकर्ताओं के साथ पोर्ट ब्लेयर (काला पानी) की सेलूलर जेल और वाइपर द्वीप से बलिदानी भूमि की पवित्र मिट्टी गुरुग्राम लायी गई है। मिट्टी का लेकर मानेसर पहुंचे गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव को पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनेकों वीर बलिदानों ने हमारे देश के लिए कुर्बानियां दी हैं। देश को आजाद करने के लिए असहनीय यातनाएं झेली हैं। सुंदर लाल यादव ने कहा कि यह पवित्र मिट्टी युवाओं और समाज को देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देगी रहेगी। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए प्रधान अमरेश आरडब्ल्यूए प्रधान शशिपाल यादव, आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव, फिल्बी रियल एस्टेट के एमडी संजय यादव, नरेश यादव, मनजीत यादव, पवन कुमार, रमेश यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निजी स्कूलों पर एसोसिएशन कसेगी शिकंजा

**सोहना।** सरकार के आदेशों की अवहेलना करने वाले निजी स्कूलों पर ताला लगाया जाएगा। ताला लगाने का विरोध करने पर स्कूल संचालक के खिलाफ शिक्षा विभाग अधिकारी को लिखित में शिकायत देकर मान्यता रद्द करने की मांग की जाएगी। सरकार के आदेशों को ताख पर रखकर निजी स्कूलों को खोलने वाले संचालकों पर अब शिकंजा कसा जाएगा। जो कार्य शिक्षा विभाग नहीं कर पा रहा। उसे अब खंड की प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन करने जा रही है। इस संबंध सोमवार जखोपुर में स्थित जोगिन्द्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खंड की प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेश सैनी ने की। इसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक उन निजी स्कूल संचालकों की निन्दा की गई। जिन्होंने सरकार के आदेशों को नजरअंदाज करके स्कूल खोल रहे हैं। इससे ऐसे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यालयों का जीवन तो खतरे में है ही। दूसरा स्कूल मालिक सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बैठक के बाद एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेश सैनी ने बताया कि मंगलवार को ऐसे स्कूलों की पहचान की जाएगी। खुलने वाले निजी स्कूलों को बंद किया जाएगा। स्कूल संचालन यदि बंद करने का विरोध करेगा। उसके खिलाफ शिक्षा विभाग को लिखित में शिकायत की जाएगी। मान्यता प्राप्त स्कूल को मान्यता को समाप्त कराया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूल मालिक सरकारी आदेशों को नहीं मान रहे हैं। ऐसा करके स्कूल मालिक सरकारी आदेशों की अवहेलना करते हैं।

### सिकंदरपुर के स्कूल में 200 बच्चों को लगी वैक्सीन

**गुरुग्राम।** सोमवार से 15 से 18 साल के बीच किशोरों के लिए शुरू हुए कोरोना रोधी वैक्सीन कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई गई। सरपंच सुंदर लाल यादव ने रिब्बन काटकर वैक्सीनेशन कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव व भांगरौला पीएचसी की एमओ डा. शालू वशिष्ठ की मौजूदगी में 200 बच्चों को वैक्सीन की पहला डोज दी गई। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि कोरोना रोधी सभी वैक्सीन सुरक्षित हैं। जो भी उम्र वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित की गई है, उस उम्र के दायरे में सभी लोग वैक्सीन जरूर लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह हम सबका कर्तव्य है कि हम खुद को भी सुरक्षित रखें और दूसरों को भी सुरक्षित बनाएं। श्रीयादव ने कहा कि कोरोना बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में हम सबको जागरुक रहना चाहिए। वैक्सीन लगवाने के साथ-साथ कोरोना के नियमों का भी पालन करें। हैंड सेनिटाइजर, मास्क को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। सरपंच सुंदर लाल यादव ने यह भी कहा कि जिले के हर पीएचसी, सीएचसी, यूपीएचसी, स्कूलों व अन्य अस्पतालों में वैक्सीनेशन का काम हो रहा है। अपने नजदीकी स्थलों पर जाकर लोग वैक्सीन लगवाएं।



गुरुग्राम के सिकंदरपुर गांव में वैक्सीनेशन की शुरुआत करते मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव।

### संजय भसीन को दी डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**गुरुग्राम/कुरुक्षेत्र।** संजय भसीन को कलाक्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। उन्हें कलकत्ता में आयोजित भारत सांस्कृतिक उत्सव के दौरान इस उपाधि से नवाजा गया। प्रदेश में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करते हुए हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन की मेहनत और लग्न के कारण ही प्रदेशवासियों को हरियाणा के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिल रही है। संजय भसीन को हिंदुस्तान कला एवं संगीत परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कलकत्ता में आयोजित भारत सांस्कृतिक उत्सव के दौरान संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सोमा बंधोपाध्याय द्वारा डॉक्ट्रेट की उपाधि से नवाजा गया। हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा बताया कि इस सम्मान से पूर्व में सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सितारा देवी, पद्मभूषण गिरीजा देवी, पद्मभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, पंडित जसराज को भी सम्मानित किया गया है।

# सर्दियों में लोगों को भा रही सस्ते और गर्म कपड़ों की मार्केट

**कविता।** फरीदाबाद


एनआईटी बस अड्डे के पास गर्म कपड़ों की खरीदारी करते लोग।

**दिन** प्रतिदिन सर्दी बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोग अपनी जरूरत के हिसाब से सर्दी में गर्म कपड़े खरीद रहे है। हर कोई खूबसूरत, स्टाइलिश और आकर्षक कपड़े खरीदना चाहते है, लेकिन कई बार बजट कम होने की वजह से लोग अपनी पसंद के कपड़े नहीं खरीद पाते हैं। जिस कारण मन मार कर रहना पड़ता है। मन मारने की बजाए अब लोग फूटपॉथ पर लगे वाले बाजारों का रूख कर रहे है। जहां उन्हें काफी सस्ते दामों में अच्छे और स्टाइलिश कपड़े मिल रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक शहरों में जहां शनिवार को लगने वाला शनि बाजार कम दामों में कपड़ों की खरीदारी के लिए मशहूर माना जाता है। वहीं दूसरी तरफ रोजाना फूटपाथ पर लगने वाले बाजारों में भी सर्दी के कपड़े खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है।

सर्दी का मौसम सिर चढ़ कर बोल रहा है। ऐसे में लोग जमकर सर्दी के कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। इन बाजारों में लोगों को रिटेल के बजाय आधे दामों में गर्म कपड़े जैसे जैकेट, स्वेटर, सॉक्स, कोर्ट, मफलर, ग्लव्स इत्यादि की खरीदारी करते हुए देखा जा रहा है।

शहर के एनआईटी बस स्टैंड से लेकर दशहरा ग्राउंड तक गर्म कपड़ों की दुकाने व स्टॉल सजे हुए हे। वहीं दुसरी तरफ शहर के सबसे बड़े एनआईटी बाजार में भी वुलन्स कपड़ों की खरीदारी कम दामों में की जा रही है। शहर में वुलेन कपड़ों की कम दामों वाली करीब दो हजार दुकानें मौजूद हैं। इन बाजारों में जहां महिलाओं, बच्चों के आकर्षक कपड़े है, वहीं पुरुषों के लिए भी सभी तरह के कपड़े इस मार्केट में उपलब्ध हैं। सबसे खास बात है कि सभी कपड़ों पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट मिल रही है।

### इसलिए हैं सस्ते

**आजाद,** प्रमोद, प्रताप आदी दुकानदारों से पायनियर संवाददाता ने जब बात की तो उन्होंने कि इतने सस्ते कपड़े कैसे मिल जाते हैं तो उन्होंने बताया कि वह ऐसे मार्केट से कपड़े लाते हैं। जहां देशभर के सबसे पुराने मैनुफैक्चरिंग और ट्रेडिशनल होलसेल मार्केट के हब हैं। इन जगहों से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, दिल्ली जैसे सभी राज्यों को कपड़े सप्लाई किये जाते हैं। लुधियाना और दिल्ली राज्यों में ये सभी मार्केट बड़े डिस्ट्रीब्यूशन की तरह कार्य कर रहे हैं। वह अधिकतर कपड़े दिल्ली के बाजारों से लाते हैं। इसी वजह से इन बाजारों में वुलन्स कपड़े आधे दाम में मिल जाते हैं।

## तीसरी लहर में प्रशासन का सहयोग करने का फैसला

**फरीदाबाद।** रविवार को मानव सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक राजस्थान भवन में आयोजित की गई। जिसमें कोरोना की संभावित तीसरी लहर से लोगों को बचाने व इसको रोकने के लिए राज्य व जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रत्येक कार्य में पहले से भी ज्यादा सहयोग देने का निर्णय लिया गया।

इस कार्य के सफल संचालन के लिए लिए टीम एमएसएस का गठन किया गया। संयोजक अमर बंसल, रमा सरना व संदीप राठी के संयोजन में बनाई गई टीम एमएसएस में अमर खान, संजीव शर्मा,अनिल गर्ग, कैलाश चंद शर्मा,अनूप गुप्ता, पीडी गर्ग, प्रदीप टिबडेबाल, जेपी सिंघल, एमएल चावला को शामिल किया गया है।

# विश्व में सबसे पहले भारत ने 145 करोड़ लोगों को लगाया टीका : राज्य मंत्री गुर्जर

### टीकाकरण के मामले में पीएम मोदी ने दुनिया में देश की बनाई अलग पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ करने के दौरान लोगों को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और अन्य लोग।

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के बचाव के संक्रमण कोरोना के बचाव के लिए देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 145 करोड़ लोगों को वैक्सीनेशन करके विश्व मे कोरोना के लिए विशेष रूप से अलग पहचान बनाई है। विश्व के विकसित देशों में भी आज तक भी 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को वैक्सीनेशन नहीं लग पाए हैं। जबकि हमारे देश में यह कार्य निरंतर किया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने ये बातें सोमवार को स्थानीय सेक्टर-16 के सामुदायिक भवन में 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कोरोना बचाव के लिए मुफ्त में वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व विधायक फरीदाबाद नरेंद्र गुप्ता ने 15 से 18 वर्ष के आयु के किशोरों को वैक्सीनेशन उनके साथ खड़े होकर करवा कर इस अभियान का शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि ने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरी तरफ से आप लोग कोरोना की तीसरी लहर को सोशल डिस्टेंस रखे कर, मूंह पर मास्क लगाकर, हाथों को सैनिटाइज करके और सरकार द्वारा जारी कोविड-19 संक्रमण के बचाव के लिए हिदायतों की पालना करके अपने आपको, अपने परिवार को और अपने मोहल्ले, जिला, प्रदेश और देश को बचाने का काम करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आगामी 10 जनवरी से बुजुर्गों को भी टीकाकरण अभियान शुरू करवाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 145 करोड़ लोगों को वैक्सीन करने के काम के लिए इसे अभियान बनाकर विशेष कार्यक्रम चलाकर मुफ्त में वैक्सीनेशन करवा कर विश्व में नए कर कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

इस कार्य के लिए उन्होंने चिकित्सकों की टीम व पैरामेडिकल की स्टाफ की टीम तथा आमजन को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत ने एक सराहनीय काम किया है। विश्व के अन्य लोग भी भारत के वैक्सीनेशन अभियान का अनुसरण कर रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए बनाए गए नियमों की पालना करके स्वयं और दूसरों को भी सुरक्षित करें। तत्पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर 23 में भी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ करवाया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज सोमवार को 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को कोरोना के बचाव के लिए वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके अलावा इस कैंप में उन लोगों को भी वैक्सीनेशन लगेंगे।

## ठंड से बचने को शराब का सेवन खतरनाक : डॉ.जितेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


डॉ. जितेंद्र कुमार।

**ठंड** के मौसम में बीपी संबंधी बीमारियां लोगों को काफी परेशान कर रही है। अस्पतालों में हार्ट अटैक, लकवा और ब्रेन स्ट्रोक के काफी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिनका समय से इलाज नहीं कराने पर जानलेवा साबित हो सकता है। यह कहना है मेट्रो अस्पताल के वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र कुमार का। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कड़ाके की ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए पैग (शराब) आदि का सहारा लेते हैं। ये मौसम ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों के लिए सबसे खतरनाक है। थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया ब्लड प्रेशर और किडनी का दोनों में खास संबंध है। किडनी की बीमारी होने पर बीपी बढ़ जाता है और बीपी के कारण किडनी की बीमारी। भारतीय में बीपी नमक से प्रभावित होता है। ठंड के मौसम में पसीने के माध्यम से नमक शरीर से बाहर नहीं निकल पाता है। ठंड की वजह से नाड़ियां भी सिकुड़ जाती है। फिजिकल एक्टीविटी कम हो जाती है। इन तीन कारणों से किडनी के साथ हार्ट और ब्रेन पर पड़ता है। अधिकांश लोग हाई बीपी की समस्या लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मौसम में टेंपरेचर के उतार-चढ़ाव से बचना जरूरी है। कुछ रात में रूम हीटर चला कर सोते है।

पेशाब आदि के लिए जागने पर तुरंत बिना गर्म कपड़े पहने बाहर निकले बाहर निकल जाते हैं। इससे कई बार बीपी शॉट कर जाता है। व्यक्ति को चक्कर खाकर गिर जाता है। पैरों व चेहरे पर सूजन, ब्लड प्रेशर बढ़ना, पेशाब की कमी, जी मितलाना, खून की कमी, थकावट होना आदि किडनी रोग के लक्षण है। इससे बचने के लिए प्रतिदिन तीन लीटर पानी पीएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना और ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक


सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कोरोना से बचाव तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जगरुक करते फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी।

**फरीदाबाद।** नागरिकों को कोरोना महामारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान व माल की हानि से बचाने के लिए पुलिस दिन रात कोशिश कर रही है। इसी क्रम में हरियाणा पुलिस द्वारा मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत फ़रीदाबाद में आज तीसरे दिन सहायक पुलिस आयुक्त यातायात के नेतृत्व में एसएचओ ट्रैफिक, एडिशनल एसएचओ ट्रैफिक,ँह तथा ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा बड़खल चौक पर वाहन चालको को अपने चेहरे को मास्क से अच्छी तरह ढकने तथा यात्रा करते समय गाड़ी में भी आवश्यक दूरी बनाकर रखने के बारे में जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद द्वारा मनाए जा रहे 33 में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आज तीसरा दिन है जो 7 फरवरी 2021 तक मनाया जाएगा। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया कि आमजन गाड़ी या ऑटो में यात्रा करते समय वह मास्क नहीं लगाते और न ही उचित दूरी बनाकर रखते हैं जिसकी वजह से कोरोना महामारी के प्रसार का भय बना रहता है। कुछ लोग सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश को नजरंदाज करके इनकी अवमानना करते हुए बिना मास्क के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चले जाते हैं परंतु बाद में जब उन्हें उनकी गलती का एहसास होता है तब तक बहुत देर हो जाती है और कोरोना अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देता है।

### वृद्ध महिला को सकुशल सहारनपुर पहुंचाया


60 वर्षीय वृद्ध महिला को परिजनों को सौंपते पुलिस के अधिकारी।

**फरीदाबाद।** खेड़ीपुल पुलिस को भारत कॉलोनी में एक वृद्ध महिला के लावारिस हालत में मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सब-इंस्पेक्टर विशाल अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे जहां पर उन्हें वृद्ध महिला दिखाई दी। महिला की उम्र करीब 60 वर्ष लग रही थी। पुलिस टीम ने जब महिला से बातचीत की तो उन्हें लगा कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम में शामिल महिला सिपाही नीतू महिला को अपने साथ लेकर थाने आई। पुलिस टीम ने सबसे पहले वृद्ध महिला को खाना खिलाया और उसके बाद उनसे उनके परिजनों के बारे में पूछताछ करनी शुरू की परंतु महिला कुछ भी बताने में असमर्थ थी। काफी देर पूछताछ करने के पश्चात महिला ने बताया कि वह सहारनपुर की रहने वाली है। जब महिला से उसके परिजनों के फोन नंबर के बारे में पूछताछ की गई तो उन्हें किसी का भी मोबाइल नंबर याद नहीं था तो पुलिस ने सहारनपुर थाने में संपर्क किया और महिला के बारे में उन्हें जानकारी उन्हें दी। सहारनपुर पुलिस ने वहां के प्रधान के माध्यम से महिला के भाई से उसकी बात करवाई। जिसके पश्चात महिला के भाई ने उसे पहचान लिया।

### सर्दी में जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

**फरीदाबाद।** समाज सेवा तप है,सबसे बड़ा धर्म है, सबसे बड़ा कर्म है। इसलिए जब भी समाज सेवा का मौका मिले उसे मन लगाकर करना चाहिए। उक्त विचार स्व.चन्दर प्रकाश चैरीटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश मेहरा ने 5डी ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में कहे। इस मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष अंजू मेहरा,महासचिव राकेश मेहरा, कोषाध्यक्ष मधु चावला भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राकेश मेहरा ने सबसे पहले उपस्थित लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका ट्रस्ट निस्वार्थ भावना से सेवा करेगा और ज्यादा से ज्यादा गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करेगा। इसके अलावा रक्तदान शिविर, कैंसर जागरूकता शिविर, वृक्षारोपण, दिव्यागों की मदद, गो सेवा, पशु पक्षियों की सेवा समय-समय पर करता रहेगा। इस मौके पर गुलशन सहगल, मुकेश मल्होत्रा, नवजीवन गौसांई, पंडित सुखदेव शास्त्री, मोनिका मेहरा, दीक्षा मेहरा, वृन्दा, लालदास चावला, पवन, दीपक गुलाटी, परमारथ संजय जुनेजा, अशोक गुप्ता, संदीप गेरा, भारत भूषण, अनिल साहनी, ओमप्रकाश ढ़ीगड़ा, अमरनाथ अरोड़ा, जगमोहन, कुलदीप, डीके भाटिया, राकेश आनन्द, जितेन्द्र भाटिया, सुरेन्द्र जयसवाल आदि लोग मौजूद थे।

### वोकेशनल प्रशिक्षण को किया फील्ड विजिट

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकुला के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआई तीन फरीदाबाद की छात्राओं ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार शनिवार को रिलायंस फ्रेश की फील्ड विजिट की। विद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में दो फील्ड विजिट वोकेशनल स्किल्स के अंतर्गत करवाई जाती है ताकि इन फील्ड विजिट के माध्यम से बालिकाएं रीयल टाइम वर्क एक्सपीरियंस प्राप्त करके करिकुलम के अनुसार अपने कौशल को उन्नत बना सकें। ये फील्ड विजिट वोकेशनल स्किल्स का एक अभिन्न अंग हैं और छात्राओं को शैक्षणिक लक्ष्य, अभिरुचियों एवं रोजगार परक व्यक्तिगत सृजनात्मकता के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उचित मंच प्राप्त होता है। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि वोकेशनल शिक्षिका ममता और वोकेशनल ट्रेनर शिवम और पचास छात्राओं ने रिलायंस फ्रेश में वहां के प्रोडक्ट्स और मार्केटिंग एवम वेलनेस के बारे में तथ्य एकत्रित कर महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर तीन फरीदाबाद से रिटेल एंड ब्यूटी वेलनेस की छात्राओं को वीटी शिवम और ममता ने ये जानकारी प्रदान करवाई।

### चहुंमुखी विकास से क्षेत्र की होगी कायापलटः शर्मा


सेक्टर-24 में विकास के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व उद्योगपति।

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने सोमवार को सेक्टर -24 में लगभग 39 करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाली सड़क, सीवर, जल और बिजली के पुननिर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी की कुछ दिनों में चहुंमुखी विकास के क्षेत्र में कायापलट होगी। उद्योगपतियों ने भी परिवहन मंत्री का गर्म जोशी के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। यह विकास के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ कोरोना के नियमों को ध्यान में रख कर सीमित रखा गया था। ये विकास कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किए जाएंगे। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने मंच से हरियाणा शहर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा 18 महीने की जगह चाहे लगे 20 महीने लेकिन काम गुणवत्ता के साथ पूरा करें।

# कांग्रेस और भाजपा से हुआ लोगों का मोह भंगः भड़ाना


वार्ड नम्बर-14 में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना साथ हैं अन्य लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### भाजपा छोड़ आप में शामिल हुए संजय कुमार जुनेजा

**जिले** में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को वार्ड नं-14 से समाजसेवी एवं भाजपा नेता संजय कुमार जुनेजा ने जिलाध्यक्ष धरमबीर भड़ाना के नेतृत्व में पार्टी का दामन थामा।

भड़ाना ने कहा कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है लोगों का मोह अब बीजेपी एवं कांग्रेस से भंग हो चुका है, और आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प के रूप में उभरकर आ रही है। चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों में पार्टी को मिली जीत के बाद कार्यकर्ताओं में भी नया जोश एवं उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से आज प्रदेश का सभी वर्ग दुखी है। किसान बिलों के विरोध में 700 से अधिक किसानों ने अपनी जान गंवा दी, मगर भाजपा सरकार के किसी नेता ने उनकी शहादत पर आंसू नहीं बहाए। आज लोग अपनी रोजी रोटी को तरस रहे हैं, कोरोना और लॉकडाउन की मार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।

## बच्चों को लगी कोरोना से बचाव की पहली डोज

**फरीदाबाद।** नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए केन्द्र व हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा कोरोना की डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है व प्रत्येक नागरिक को कोरोना की डोज अवश्य लगवानी चाहिए।

ये विचार हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल चेयरमेन व निगम पार्षद धनेश अधलक्खा ने सेक्टर-9 फरीदाबाद के निगम सभागार में आयोजित कोरोना टीकाकरण शिविर का उदघाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किए। धनेश अधलक्खा ने कहा की नागरिकों को कोरोना से मुक्त कराने के लिए केन्द्र व हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा 18 साल से ऊपर के नर नारियों के लिए कोरोना की कोवैक्सीन व कावीशिल्ड की दोनों वैक्सीनों को लगाया गया था। जिसको लगवाने के बाद नागरिकों को काफी हद तक कोरोना से बचाव हुआ था। उसके बाद ओमीक्रोन के आने के बाद हरियाणा सरकार ने दोनों ड़ोजों को लगवाना अनिवार्य कर दिया है व अब आज से 15 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों को भी कोरोना की ड़ोज के लगाना आरम्भ कर दिया गया है।

# कोरोना विस्फोट : 110 पॉजिटिव मरीजों की हुई पहचान

### कोरोना को मात देने के लिए उपायुक्त ने सावधानी बरतने के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बीके अस्पताल में कोरोना की जांच करवाते लोग।

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में आज सोमवार को कोरोना वायरस के 110 मामले पॉजिटिव आए है। जबकि 8 मामले ठीक होंने पर अपने घर में भेज दिए गए हैं। वहीं सोमवार को जिला में रिकवरी रेट भी 98.85 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव का 7 केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिला मे 428 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 435 हो गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 3404 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1328919 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 100496 लोग कोराना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1224228 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 3476 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला फरीदाबाद में वैंटीलेटर और आक्सीजन पर कोई केस नहीं है।

जिला में सैम्पल पॉजिटिव रेट 7.56 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 98.85 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.43 प्रतिशत है। इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण भी जोर शोर से किया जा रहा है। कोरोना रोधी वैक्सीन लगातार लगाई जा रही है।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने फरीदाबाद जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी लगातार बरतते रहें और कोशिश करें कि अपने घर के अंदर ही रहे। जब तक बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर ना निकले और बाहर निकलते समय अपने मुंह और नाक को कवर करते हुए फेस मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा, एक दूसरे के बीच दो गज की दूरी जरूर रखें।

# अतिक्रमण करने पर बीकानेर स्वीट्स पर लगा जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


एक नंबर सेक्टर में अतिक्रमण के दौरान दुकान का चालान काटते निगमकर्मी।

**निगमायुक्त** के निर्देशानुसार नगर निगम फरीदाबाद ने स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त फरीदाबाद बनाने के लिए 5 दिसम्बर 2021 से 40 वार्डों में नोडल अधिकारियों, वार्ड कमेटी के सदस्यों, एनजीओ, सीएसआर पार्टनर संबंधित पार्षदों के नेतृत्व में अभियान चलाया हुआ था।

इस अभियान में सभी तरह के अतिक्रमण को हटाने के लिए भी 31 दिसम्बर 2021 तक समय दिया हुआ था तथा कुछ दुकानदारों तथा घरों के आगे से खुद लोगों ने अपने अतिक्रमणों को हटा दिया था, परन्तु जब नगर निगम के संबंधित अधिकारी ने रविवार को अपने दौरे के समय नेहरू ग्राउंड में गर्वनमेन्ट गर्ल्स सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल के सामने बीकानेर स्वीट हाउस को अपनी दो दुकानों के सामने अतिक्रमण करते हुए पाया तो बीकानेर की इन दो दुकानों का सामान रविवार को को जब्त किया, क्योंकि नगर निगम फरीदाबाद ने स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त फरीदाबाद बनाने के लिए 3 जनवरी से 16 जनवरी तक प्रवर्तन पखवाड़ा मनाने का अभियान छेड़ा हुआ है तो उसके अंतर्गत निगम के अधिकारी/कर्मचारी ने सोमवार को भी इस मिष्ठान भण्डार को अतिक्रमण करते हुए पाया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि वो ऐसी अतिक्रमण करने का आदी है और जब से उसकी दुकान खुली है तब से वह अतिक्रमण कर रहा है और निगम के नियमों की अवहेलना कर रहा है।

नगर निगम ने इस मिष्ठान भण्डार को उनके द्वारा नगर निगम की जमीन पर दुबारा अतिक्रमण किया हुआ पाया तो उनकी एक दुकान को 63,396 रुपये के जुर्माने का तथा दूसरी दुकान को 96,797 रुपये के जुर्माने की वसूली के लिए नोटिस जारी किये। चेतावनी दी है कि अगर उसने दोबारा अतिक्रमण किया तो उसकी दुकान को सील कर दिया जाएगा।

## निगम शाखाओं के कर्मियों को पढ़ाया पाठ

**फरीदाबाद।** नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने आज निगम की विभिन्न शाखाओं का दौरा किया और समस्त स्टाफ गण और अधिकारियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर निगमायुक्त ने निगम के दिन प्रतिदिन के कार्य को प्रभावी एवं कुशल सूनिश्चित करने के लिए सभी ब्रांचों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 9.00 बजे आने और शाम 5.00 बजे जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ब्रांच के अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि आपके कार्यालय में जितने भी लम्बित काम पड़े हुए है उनको शीघ्र अति शीघ्र निपटाएं और अगर किसी एक कर्मचारी पर काम का ज्यादा बोझ है तो उसके कार्यभार को दूसरे कर्मचारी को देकर निपटाएं। ताकि काम में देरी न हो और सभी कार्य समय पर निपट सकें।

# हाइड्रोलिक प्लेटफोर्म को सीईओ से की मुलाकात


एफएमडीए के सीओ सुधीर राजपाल को गुरुग्राम में ज्ञापन देते नहर पार फरीदाबाद के ग्रेफा कन्फेडरेशन के सदस्य।

**फरीदाबाद।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की। इसके बाद युवा जेजेपी के जिलाध्यक्ष नलिन हुड्डा की अगुवाई में ग्रेफा कन्फेडरेशन के प्रधान निर्मल कुलश्रेष्ठ, नवनीत गुम्बेर, शेरी सक्सेना व सेवानिवृत विंग कमांडर सतिंदर दुग्गल ने सोमवार को एफएमडी के सीईओ सुधीर राजपाल से उनके गुरुग्राम स्थित कार्यालय में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने हाई राइज बिल्डिंगों के लिए अग्निशमन उपकरण हाइड्रॉलिक प्लेट्फ़ोर्म की मांग दोहरायी। सुधीर राजपाल ने ग्रेटर फरीदाबाद के प्रतिनिधि मंडल को बताया की अग्निशमन उपकरण हाइड्रॉलिक प्लेटफोर्म के लिए 18 करोड़ रुपये का बजट मंजूर कर निर्धारित विभाग को टेंडर के लिए भेज दिया गया है। इस प्रक्रिया को पूरा होने में पांच से छह माह का समय लगेगा। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने ग्रेटर फ़रीदाबाद में सेक्टर 75 से सेक्टर 80 तक की सड़कों की बदहाल हालात के बारे मे भी सुधीर राजपाल को अवगत कराया गया।

## दुविधा की स्थिति

### ओमीक्रान संकट

**कोई** नहीं जानता कि ओमीक्रान संकट कब भारत में शिखर पर होगा? तथा क्या इससे वैश्विक महामारी का अंत जल्दी निकट आ जाएगा? हम अभी भारत में ओमीक्रान के बढ़ कर तीसरी लहर बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि अन्य देशों में कोरोनावायरस का नवीनतम स्वरूप तेजी से शिखर पर पहुंच रहा है। ऐसा कैसे संभव है? दक्षिण अफ्रीका ने 9 नवंबर, 2021 को एकत्र एक नमूने से पहली बार बी.1.1.529 की पुष्टि की थी। इस देश में दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक रोज 27,000 नए मामले आ रहे थे। बाद में दो प्रांतों को छोड़ कर प्रति दिन मामलों की संख्या गिर कर 15,000 रह गई। अब दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा कर दी है कि 'यह एक छोटी लहर थी जिसे महामारी में बदलने की आशंका नहीं थी यह वैसी तेज वृद्धि नहीं थी जैसी नवंबर में दिखी थी और इसके बाद तेजी से कमी आई।' सरकार ने ट्रेसिंग प्रयास बंद करने के साथ क्वारंटीन प्रक्रिया समाप्त की है तथा 21 महीने से लागू कर्फ्यू उठा लिया है। इस समय तक देश में ओमीक्रान ने डेल्टा स्वरूप का स्थान ले लिया था। जीनोम परीक्षण से नब्बे प्रतिशत नए मामले ओमीक्रान संक्रमित पाए गए थे। सरकार को विश्वास है कि यदि रियायतों के बाद मामलों में गिरावट धीमी पड़ जाती है तो भी एक और वृद्धि की आशंका नहीं है। ओमीक्रान वर्तमान समय में अमेरिका में बढ़ रहा है तथा वहां 73 प्रतिशत नए मामले इसी के हैं। न्यूयार्क क्षेत्र में यह 90 प्रतिशत मामलों में सामने आया है। ओमीक्रान ब्रिटेन में भी प्रमुख स्वरूप है और इसने 80 अन्य देशों में भी दूसरे स्वरूपों का स्थान ले लिया है। अमेरिका में वैज्ञानिकों ने जनवरी में कठिन स्थितियों का अनुमान लगाया है, लेकिन यह भी कहा है कि मामलों में तेजी से वृद्धि के बाद वे तेजी से नीचे गिरेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन के चिकित्सा सलाहकार अंथोनी फाकी ने अनुमान लगाया है कि ओमीक्रान की लहर जनवरी के अंत तक अपने शिखर पर होगी। इस बीच आयरलैंड ने भी विश्वास प्रकट किया है कि वर्तमान लहर दो सप्ताह में अपने शिखर पर होगी। क्या ओमीक्रान बढ़त वाले भारत में भी जल्द ही इसका शिखर सामने आएगा?



इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं है। ओडिशा एकमात्र राज्य है जिसने घोषणा की है कि वह जनवरी के तीसरे सप्ताह में शिखर की तैयारी कर रहा है। आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि भारत की तीसरी लहर फरवरी में शिखर पर होगी। सभी अनुमान इस तथ्य पर आधारित हैं कि ओमीक्रान का रोगोद्भवन या इन्क्यूबेशन काल छोटा है, संक्रमण क्षमता अधिक है तथा नए मामलों में तेजी से वृद्धि के साथ ऐसा बिंदु आता है जब वायरस संक्रमितों से दूर हो जाता है। ऐसी स्थिति में मामले गिरने लगते हैं। वर्तमान स्थिति में यह अनुमान लगाना उचित है कि भारत में इसकी लहर की प्रवृत्ति इसी पैटर्न पर होगी। यह भी संभव है कि किसी अन्य सार्स-कोव2 स्वरूप की अनुपस्थिति में कोई चौंकाने वाली स्थिति पैदा हो जाए। इस प्रकार वर्तमान स्वरूपों का स्थान लेने के बाद ओमीक्रान स्वरूप वैश्विक महामारी के अंत की शुरुआत भी हो सकती है। लेकिन हम दूसरी लहर के अपने कड़वे अनुभव से जानते हैं कि वायरस पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। याद करें कि डेल्टा स्वरूप ने वायरस से लड़ने वाली सारी वैक्सीनों की उम्मीदें तोड़ दी थीं। हमें पूरी सावधानी से लहर पर नजर रखनी होगी तथा इस बात की प्रतीक्षा से बचना होगा जब ओमीक्रान संक्रमण की पुष्टि हमारे फेफड़ों में हो जाए, जैसा कि दूसरे देशों ने किया है।

# नकारात्मक प्रवृत्तियों से कठोर संघर्ष जरूरी

नकारात्मक प्रवृत्तियां अनेक रूपों में हमारे सामने आती हैं। इनमें संसद और विधानसभा सत्रों में पैदा की जाने वाली बाधा के तरीके भी शामिल हैं।



**जेएस राजपूत**
(लेखक सामाजिक समरसता हेतु कार्यरत हैं)



**राज्यों** में यह चुनाव का समय है। प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया अनेक प्रकार से इस स्थिति का आनन्द उठा रहा है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी भारत में हो रहे इन चुनावों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है। उसके आकर्षण का मुख्य कारण उत्तर प्रदेश तथा उसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने धुर विरोधियों को भी प्रभावित किया है। भले ही वे इसे निजी तौर पर स्वीकार करें, पर मुख्यमंत्री द्वारा अपराधियों के खिलाफ किए कठोर कदमों को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। इन बातों में काफी दम है कि न केवल भारत का विपक्ष, बल्कि कुछ बाहरी तत्व भी चाहते हैं कि उनकी विजय में बाधा डाली जाए क्योंकि योगी आदित्यनाथ की विजय माफिया के लिए मौत की घंटी होगी। उनसे भयभीत होने वाले तत्वों में विदेशों से अवैध धन का लेनदेन करने वाले तथा अस्वीकार्य लक्ष्य पूरे करने में लगे एनजीओ को पैसा देने वाले तत्व शामिल हैं। लोग ऐसे अन्य अनेक आयामों को भी जानते हैं जिन्होंने योगी आदित्यनाथ में भारी दिलचस्पी पैदा कर दी है। एलेक्ट्रानिक मीडिया पर अनेक सर्वेक्षणों की बाढ़ है और उनमें से प्रत्येक अपने सर्वाधिक सटीक होने का दावा कर रहा है। वे अतीत के चुनावों में अपने एकदम सटीक पूर्वानुमानों का उदाहरण भी दे रहे हैं। किसी भी चैनल पर नजर डालें तो वहां उत्तर प्रदेश चुनावों पर 'सबसे बड़ी' बहस चल रही होगी।

चुनावों ने हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी छाया डाली है जिनका सामना जनता तथा देश कर रहे हैं। यह स्थिति लगभग हर साल कहीं न कहीं जरूर पैदा होती है। भारत अब इस बात का अनुभव कर रहा है कि कैसे चुनावों से देश का समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च होते हैं तथा विकास योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बाधा आती है। इसका एक समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला विकल्प है कि सभी चुनाव पांच साल बाद एकसाथ कराए जांए। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अनेक लोगों ने अपनी संकुचित राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते इस प्रस्ताव का विरोध किया है। मीडिया तथा वैचारिक रूप से बेलगाम सिविल सोसाइटी के लिए उचित था कि वे ऐसे मुद्दों पर गहराई और व्यापकता से विचार करें। लेकिन दुर्भाग्य से सिविल सोसाइटी मीडिया के माध्यम से जनता के साथ केवल कुछ खास प्रकार के बयान देने में सहयोग करती है और इस प्रकार उसका पूर्वाग्रह स्पष्ट होता है। वास्तव में पुरस्कार वापसी जैसे अनेक तुच्छ मामले जनता में ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करते हैं और ये कुछ लोगों में निराशा के कारण पैदा नकारात्मकता का नतीजा हैं। ऐसे व्यक्तियों को दु:ख है कि अब वे नेतृत्व की स्थिति में नहीं हैं।

ये नकारात्मक प्रवृत्तियां अनेक रूपों में हमारे सामने आती हैं। इनमें संसद और विधानसभा सत्रों में पैदा की जाने वाली बाधा के तरीके भी शामिल हैं। निश्चित रूप से यह एक जीवन्त लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उस समय ठीक नहीं है जब प्रत्येक सतर्क, सक्रिय तथा विचारशील व्यक्ति को भारत की महत्वाकांक्षाओं के साथ जुड़ना चाहिए। नवंबर-दिसंबर 2021 में जिस प्रकार संसद के सत्र कार्यस्थगन से प्रभावित हुए तथा वहां कड़वाहट दिखी, उसे किसी प्रकार भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए उचित नहीं कहा जा सकता है। अतीत में भारत की दुनिया भर में इसलिए प्रशंसा होती थी कि उसने द्वंद्वात्मक शिक्षाशास्त्र के प्रश्न, प्रति-प्रश्न व परि-प्रश्न से प्रकृति के गुप्त रहस्यों की खोज की थी। ऐसा लगता है कि हमारे सांसदों ने इसे अनदेखा करने का निर्णय कर लिया है। वे शांतिपूर्वक साथ बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। वे शांतिपूर्वक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विचार कर जनता के हितों में फैसले लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने संविधान सभा में भी यही किया था जिसकी अध्यक्षता डा. राजेन्द्र प्रसाद जैसे ऊंचे कद वाले विद्वान कर रहे थे। कौन नहीं जानता कि नकारात्मकता की राजनीति चिन्ताजनक रूप से कहां तक पहुंच सकती है? क्या भारतीय शिक्षा व्यवस्था को इस बात की जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए कि वह विधि निर्माताओं को उचित निर्णय लेने के लिए तैयार नहीं कर सकी। आखिरकार हमारे विधि निर्माता विविधतापूर्ण विचारों का सम्मान करते हुए तथा परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों के बीच से समाधान खोज कर गरीबों और कमजोर लोगों के प्रति संवेदनशीलता क्यों नहीं प्रदर्शित करते हैं?

लोकतंत्र में वैचारिक प्रतिबद्धताओं के कारण मतभेद पैदा होना स्वाभाविक है और इन पर सत्तारूढ़ लोगों को सम्मानपूर्वक ध्यान देना चाहिए। जब कोरोना जैसी आपदा या 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में 40 सीआरपीएफ जवानों की कायरतापूर्ण हत्या जैसे मामले सामने आए तब भी यह देख कर आश्चर्य हुआ कि कुछ भारीय नेताओं के बयानों की पाकिस्तान में प्रशंसा हुई। इसका कारण यह है कि उनका दृष्टिकोण निश्चित रूप से पाकिस्तान के दृष्टिकोण की पुष्टि करता था। यह 26 नवंबर, 2008 को विपक्ष के दृष्टिकोण के एकदम विपरीत था जब पाकिस्तानी हमले में 209 निरपराध भारतीय नागरिक मारे गए थे। यह भी याद किया जाना चाहिए कि 1971 में युद्ध के समय सरकार, विपक्ष तथा पूरी जनता की एकजुटता की प्रतिक्रिया सर्वोत्तम उदाहरण है। लेकिन उस समय से लेकर पुलवामा, बालाकोट व 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक तक विपक्षी भूमिका की समझ में भारी गिरावट देखने को मिली है।

थोड़ा अलग आयाम वाले एक अन्य मामले पर विचार करें जिसका गंभीर प्रभाव न केवल हर भारतीय के कल्याण बल्कि भारत की सामाजिक एकजुटता तथा धार्मिक सद्भाव पर पड़ सकता है। सीएए-एनआरसी विरोध प्रदर्शन ने रोज लाखों लोगों को अत्यधिक कष्ट दिए तथा इसके कारण हुए हिंसक सांप्रदायिक टकराव में पचास से अधिक निरपराध लोगों की जानें गईं। यह भारत की सामाजिक एकजुटता पर एक धब्बा था। इसके बाद हाल ही समाप्त हुआ किसानों का आंदोलन सामने आया जिसने हजारों रोज यात्रा करने वाले लोगों को भारी मुसीबतें झेलने पर मजबूर किया, हजारों कामगारों की आजीविका प्रभावित हुई तथा औद्योगिक गतिविधि में बाधा आई। इससे निकटवर्ती गांवों के सैकड़ों लोगों को अपनी आमदनी में अनेक प्रकार का नुकसान उठाना पड़ा तथा इससे उनकी रोजमर्रा की जिन्दगी व कामकाज प्रभावित हुआ। ऐसे में सवाल उठता है कि संसद ने इस समस्या पर विचार करने के लिए विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया?

आखिरकार इस समय आंदोलनकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को भी अनदेखा कर सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा कर लिया था। आशंका है कि इस घटना ने एक गलत उदाहरण स्थापित किया है। संसद को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विचार के लिए ज्यादा समय तक बैठना चाहिए जो राष्ट्र की प्रगति में बाधा डालते हैं। हमें बताया जाता है कि हाउस आफ कामन्स में कभी ऐसे दृश्य नहीं दिखे हैं और उसे कभी सदस्यों द्वारा पैदा की गई बाधाओं के कारण कामकाज स्थगित नहीं करना पड़ा है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से यह हमारे संसद में आम बात हो गई है। यदि कोई सांसद नियम पुस्तिका अध्यक्ष या सभापति पर फेंकता है तब कोई किशोर अपने प्रिंसिपल या शिक्षक पर किसी चीज को फेंक कर मारने को गलत कैसे कह सकता है? ऐसे में क्या उसे दंड देना अनैतिक नहीं होगा?

# बाल विवाह परम्परा के कारण

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**पश्चिम** बंगाल में लगभग 50 साल पहले कमाने वाली लड़की के माता-पिता को दहेज देने की आवश्यकता नहीं होती थी। इस परिघटना का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी होना चाहिए थ। लेकिन केवल तुलनात्मक रूप से देर में विवाह से ही लड़की को समुचित शिक्षा का अवसर मिलता है जिससे वह आकर्षक कमाई करने योग्य हो पाती है। इसी कारण विवाह के लिए 21 वर्ष न्यूनतम आयु रखना लड़कियों को ज्यादा सक्षम बनाने वाला कदम है। हालांकि, वर्तमान समय में जोर महिलाओं पर है, लेकिन इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि जल्दी विवाह से पुरुषों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

शायद इसका एक कारण यह भी है कि लड़कियों की तुलना में लड़कों का विकास थोड़ा धीमे होता है। संभवत: छोटी आयु में लड़कियों के विवाह की परंपरा उत्तर-पश्चिम से होने वाले हमलों तथा हमलावरों द्वारा बदला लेने की भावना से यौन उत्पीड़न की अमिट प्यास थी। समाज का दृष्टिकोण यह था कि संभवत: लड़कियों के जल्दी विवाह से वे हमलावरों के वासनात्मक इरादों से बच सकती हैं। उदाहरण के लिए, कम से कम वैदिक काल में उच्च वर्गों के लिए लड़कों और लड़कियों की विवाह योग्य आयु 25 साल थी क्योंकि उनके लिए अध्ययन तथा कौशल प्राप्त करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण था।

संयोग से इस्लामी परंपरा यह थी कि जैसे ही लड़की रजस्वला आयु में पहुंचती है, वह विवाह के लिए तैयार हो जाती है। इसका कारण पैगंबर हजरत मुहम्मद द्वारा मिश्कते मस्बीह में दिया आदेश है, 'बहुत उर्वर महिलाओं से विवाह करो क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम किसी अन्य नस्ल की तुलना में संख्या में अधिक हो।' इस आदेश का पालन करना ऐसे समुदाय के लिए उपयुक्त हो सकता है जो महिलाओं के रोजगार व नौकरी को प्रोत्साहित न करता हो। ऐसा व्यवहार आधी जनसंख्या को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान से रोक देता है। इस अवधारणा का एक और आयाम है जिसके बारे में मुझे फतेहपुर सीकरी के एक कारीगर अनवार अहमद ने बताया। उस समय हम आगरा जा रहे थे। अनवार अहमद ने अपने समुदाय के शैक्षिक रूप से पिछड़ेपन का एक कारण यह भी बताया कि समुदाय में मातायें तुलनात्मक रूप से कम शिक्षित थीं। उन्होंने कहा कि कोई अशिक्षित व्यक्ति अपने बेटों और बेटियों के लिए शिक्षा का महत्व नहीं समझ सकता है। 1961 में काहिरा में अपनी यात्रा के दौरान मेरी मुलाकात अल अजहर विश्वविद्यालय के एक युवा लेक्चरर से हुई। जब मैं यूरोप की सभ्यतामूलक



प्रगति की प्रशंसा कर रहा था तो मुझे यह जवाब सुनने को मिला, 'प्रतीक्षा करें और देखें कि अगली शताब्दी इस्लामी शताब्दी होगी। आप इसके संकेत अपने जीवनकाल में ही देखेंगे। कम शिक्षित महिलायें पुरुषों को अध्ययन करने और सोचने से नहीं रोकती हैं।'

भारत की स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि कम आयु में विवाहों से समस्याओं के समाधान के बजाय ज्यादा समस्यायें पैदा हुईं। हमलावरों और विजेताओं का समय बहुत पहले समाप्त हो गया है, लेकिन उनके कारण पैदा हुआ नकारात्मक परिणाम अभी बाकी है तथा उसका समाधान नहीं हुआ है। इसका कारण यह है कि भारत उन थोड़े से देशों में शामिल है जहां जनसंख्या का चरित्र मिश्रित है। इस्लामी धर्मगुरु चाहे देवबंदी हों या बरेलवी, उनको लगातार यही चिन्ता सताती है कि उनके समुदाय के नौजवान सेक्युलर तौर-तरीके अपनाने की ओर बढ़ सकते हैं और इससे इस्लाम की 'गरिमा' की अनदेखी होगी। ऐसे में यह सुनिश्चित करने पर ध्यान अवश्य देना होगा कि भारत अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के जाल में न फंसने पाए नहीं तो पूरे देश की प्रगति प्रभावित होगी। तुलनात्मक रूप से लड़कियों के देर में विवाह का एक और अर्थ यह है कि इससे उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा क्योंकि संभवत: इस कारण उनके बच्चे कम होंगे। विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखने से अल्पसंख्यकों की निरंतर जारी जनसंख्या वृद्धि पर भी लगाम लगेगी। यदि धर्मगुरु या पुरुष इस कदम का विरोध करते हैं तो उनको फ्रांस का उदाहरण दिया जाना चाहिए। 1905 तक पेरिस ने देशवासियों को अनेक मामलों में उनकी इच्छानुसार पूरी स्वतंत्रता दी थी। वे अपनी इच्छानुसार पूजा कर सकते थे तथा आमतौर से अपना व्यवहार भी इच्छानुसार रख सकते थे। इसके बाद देश की नेशनल असेम्बली ने काफी कठोरता से सेक्युलरिज्म को लागू करने के लिए कानून बनाया। उदाहरण के लिए, इसके बाद किसी पुरुष या महिला फ्रांसीसी नागरिक को यह अनुमति नहीं थी कि वह अपने धर्म के प्रतीकों का खुलेआम प्रदर्शन करे तथा निश्चित रूप से सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों या शिक्षा संस्थानों में इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। वहां कोई ईसाई क्रास तथा कोई यहूदी यार्मुल्के नहीं पहन सकता है। फ्रांस की मुस्लिम नागरिक सार्वजनिक स्थलों पर बुर्का नहीं पहन सकती हैं जिस पर निकोलस सर्कोजी के कार्यकाल में कठोर प्रतिबंध लगाया गया था।

समाज के विभिन्न लोग कानून का पालन अलग-अलग तरीके से करते हैं। अब तक फ्रांस में ऐसी स्थिति बन गई है कि अधिकारियों को काफी संख्या में मस्जिदें बंद करनी पड़ी हैं। केवल एक पखवाड़े पहले पेरिस से केवल 100 किलोमीटर दूर ब्यूवाइस की एक प्रमुख मस्जिद को फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री जेराल्ड डार्मानिन ने बंद करने के आदेश दिए। इस मस्जिद के इमाम पर आरोप था कि वे ईसाइयों, यहूदियों व समलैंगिकों के खिलाफ अपने उपदेशों या अरबी भाषा में कहें तो खुतबों से धार्मिक घृणा फैला रहे थे। क्या हम चाहते हैं कि भारत में भी ऐसे कदम उठाए जांए? यदि हम ऐसे कदम नहीं उठाते हैं तो हमें समय रहते सावधान हो जाना चाहिए। भारत में हमें असंख्य सांप्रदायिक दंगे देखने को मिले हैं। इनमें बी.आर. अंबेडकर द्वारा परिभाषित 'गृह युद्ध' जैसे दंगे भी शामिल हैं जो 1920 से 1940 के बीच देश में हुए थे। इसके बाद 1946-47 व 1948 में इससे भी बहुत अधिक भयानक दंगे हुए। इसके साथ ही हमने पाकिस्तान से चार युद्ध लड़े हैं जिनकी शुरुआत 1947 में कश्मीर से हुई थी।

आज इस्लामाबाद में भारत का कोई उच्चायुक्त तक नहीं है। 1971 में पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा उससे अलग होकर बांग्लादेश बन गया। यह नया देश ज्यादा बंगाली तथा कम धार्मिक है तथा धर्मग्रंथों का पालन ज्यादा कठोरता से नहीं करता है। बांग्लादेश ने अपनी बहुत अधिक जनसंख्या पर नियंत्रण किया है तथा अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार किया है। उसकी मुद्रा टका में इस सीमा तक सुधार हुआ है कि उसकी कीमत पाकिस्तानी रुपये से दूनी है।

## आप की बात

### कानून का पालन हो

**सरकार** ने लड़कियों की विवाह की उम्र 21 वर्ष करने के लिए संसद में विधेयक पेश किया। यह स्वागतयोग्य कदम है। इसके बाद पक्ष-विपक्ष में बहस शुरू हो गई। तर्क है कि उम्र बढ़ाने के बाद लड़कियों को पढाई, भविष्य संवारने और शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर विकसित होने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। यहां पर तर्क सही हैं किन्तु अनुभव यह कहता है कि सिर्फ कानून बनाना काफी है है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के ताजा आंकड़ों के अनुसार शहरों में लगभग 15 प्रतिशत और गाँवों में लगभग 27 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती है, मतलब बाल विवाह हो जाता है। बाल विवाह का राष्ट्रीय औसत 23 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है। आज भी लगभग एक चौथाई लड़कियों का बाल विवाह होना हमारी कानून और प्रशासनिक व्यवस्था की नाकामी को दर्शाता है। जब हमारी सरकार और प्रशासन 18 साल के प्रावधान को पूरी तरह से लागू नहीं करवा पाया तो 21 वर्ष के कानून का अनुपालन कैसे होगा? उम्र 18 हो या 21 लेकिन सबसे पहली जरुरत है लड़कियों की बेहतरी के लिए कानून का सौ प्रतिशत पालन सुनिश्चित करवाना।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

### महिलाओं की दशा

**क्या** महिलाओं को, खासकर एक सम्प्रदाय विशेष के महिलाओं को, इस देश में, बिकने वाला वस्तु बनाया जा रहा है ? क्योंकि जिस तरह 2022 के पहले दिन ही बुली बाई नाम से गिटहब नामक ऐप पर, मुस्लिम महिलाओं के तश्वीर अपलोड करके, उन्हें नीलम करने की सुचना दी गयी। क्या यह समाज को बांटने का बहुत सारे तरीकों में से एक और हथकंडा तो नहीं है? सरकार कह रही है उसने, दिल्ली और मुंबई में एफआईआर दर्ज करवा दिए हैं। मगर इससे क्या होगा? जो मुख्य अभियुक्त हैं इनकी गिरफ्तारी, हो सकेगी? पिछले साल जुलाई महीने में भी इसी तरह का सुल्ली डील के मार्फ़त मुस्लिम महिलाओं के इज़्ज़त को नीलाम किया गया था। उस समय अगर कड़ी कार्रवाई की गयी होती तो शायद आज यह नौबत फिर से आता ही नहीं। यह सोची समझी साजिश है। इसके जरिये उन्ही महिलाओं को टारगेट किया जा रहा है, जो सोशल मीडिया में, खुलकर लिख रही हैं। जो इतिहासकार हैं। शिक्षिका हैं। पत्रकार हैं। कहीं ऐसा तो नहीं जिस तरह से, चर्चों में हमले हो रहे हैं। हेट स्पीच से, नरसंहार करने को कहा जा रहा है। महिलाओं की नीलामी भी उसी, सिलसिले का एक कड़ी तो नहीं है?

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्याय

**आज** तरह-तरह के लुभावने सपने हर पार्टी विधानसभा के चुनाव में दे रही है कोई लैपटॉप बांट रहा है तो कोई साइकिल बांट रहा है कोई मुफ्त बिजली बांट रहा है तो कोई कुछ। तब हमारी समझ में यह नहीं आता है कि जो असल मुद्दे हैं उसे कोई क्यों नहीं देना चाहता हर समाज का पहला हक है उसे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्याय मुफ्त मिलना चाहिए पर हर पार्टी इन मुद्दों पर अक्सर मौन रहती है, बचने का प्रयास करती हैं। अत: इन तीन मुद्दों को सत्ता में बैठा दल अगर प्रथम प्राथमिकता मान कर जनता को दे दे तो फिर ऐसे दल को सत्ता पद से फिर कोई भी ना उतारे। क्योंकि जनता तो ऐसे दल को फिर कभी अपनी दिल से ना उतारे उसे सदा ही सत्ता में बैठा कर रखें। पर कोई भी दल पता नहीं क्यों शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्याय को मुफ्त नहीं करता। हमेशा ही गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए ये पहली प्राथमिकता भी रहे है। फिर ये तीनों ही अकसर अमीर तो हासिल कर लेता है मगर गरीब और मध्यम वर्ग को ये नहीं मिल पाते हैं। अक्सर वह इनके लिए लड़ भी नहीं पाता है, हताश हो जाता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**महिलाओं** का अपमान और सांप्रदायिक नफरत तभी रुकेगी जब आप एक स्वर में इसके खिलाफ खड़े होंगे।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**जब** मैंने पदभार संभाला था, तब हमारी अर्थव्यवस्था संकट में थी। लेकिन पिछले 11 महीनों में, हमने लगभग छह मिलियन नौकरियां जोड़ी हैं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**घबराने** की जरूरत नहीं है, लेकिन मास्क पहनकर और सभाओं से बचकर हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# पहले नेताओं की तिजोरी में जाता था गरीबों को मिलने वाला पैसा: योगी

● संगठित और असंगठित क्षेत्र के डेढ़ करोड़ श्रमिकों के बैंक खातों में हजार-हजार रुपये की धनराशि ट्रांसफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



संगठित और असंगठित क्षेत्र के डेढ़ करोड़ श्रमिकों के बैंक खातों में भरण.पोषण भत्ते के रूप में हजार-हजार रुपये की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले की सरकारों में मजदूर शोषण का शिकार होता था लेकिन आज इन्हें जो सहायता राशि दी गई ह, पहले उसका भी बंदरबांट होता था। पहले गरीबों का यही पैसा उन नेताओं के घरों में भरा जाता था, जिसे आज जेसीबी लगाकर नोटों की गड्डियों के रूप में निकाला जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को संगठित और असंगठित क्षेत्र के डेढ़ करोड़ श्रमिकों के बैंक खातों में भरण.पोषण भत्ते के रूप में हजार-हजार रुपये की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। लोक भवन में आयोजित श्रमिकों के लिए भरण पोषण भत्ता वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि अब तो लोग इसे स्वीकार भी कर रहे हैं क्योंकि चोर की दाढ़ी में तिनका है। 2017 से पहले श्रमिक शोषण का शिकार होता था, उसे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता था। उसके पास न राशन कार्ड होता था, न कोई ठिकाना होता था। किसी तरह मकान बन गया तो बिजली का कनेक्शन नहीं होता था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर हमारी सरकार ने उनसे किया गया वादा निभाया है। मैं आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश के अपने संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। पहली बार श्रमिकों के बारे में चिंता करने वाली सरकार आयी है। सरकार निरंतर आपके हितों को संरक्षण देने के लिए कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने मजदूरों के हितों के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश में मजदूरों को पक्के आवास, शौचालय, मुफ्त रसोई गैस व बिजली कनेक्शन, दो लाख रुपये तक की सामाजिक सुरक्षा और पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मुहैया कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार संगठित तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ उनके परिवार के लोगों को हर प्रकार की सहायता दे रही है। सरकार तो निर्माण श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण करा रही है। कोशिश है कि नए सत्र से इन विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई शुरू कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

# इतिहास भुलाकर कोई आगे नहीं बढ़ सकता: योगी

● मुख्यमंत्री ने किया कर्मयोद्धा राम नाईक, हृदय नारायण दीक्षित रचनावली सहित विधान मण्डल पुस्तकालय की अन्य पुस्तकों का विमोचन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज कर्मयोद्धा राम नाईक, हृदय नारायण दीक्षित रचनावली एवं विधान सभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विधान मण्डल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित अन्य पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने इसके पूर्व, विधान भवन के राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ बीआर आंबेडकर तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के तैल चित्रों का अनावरण किया। उन्होंने विधान मण्डल प्रकाशन विक्रय केन्द्र का लोकार्पण भी किया।

विधान मण्डल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों मे 5 मुख्यमंत्रियों के भाषण के संकलन पर आधारित पुस्तकों का विमोचन हुआ। इनमें विधान सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये गये भाषणों का संकलन, विधान सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संवाद सहित उत्तर प्रदेश विधान सभा में राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश विधान सभा में कल्याण सिंह, उत्तर प्रदेश विधान सभा में राम प्रकाश तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा में चौधरी चरण सिंह के उद्बोधन पुस्तकें सम्मिलित हैं। इसके साथ ही विधान मण्डल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में संविधान सभा में उत्तर प्रदेश से निर्वाचित सदस्यों के भाषण, उत्तर प्रदेश विधान सभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व एवं मंत्रिपरिषद मे सहभागिता, उत्तर प्रदेश विधान सभा में संसदीय विशेषाधिकार, उत्तर प्रदेश के राज्यपालों के अभिभाषण, उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपवेशन और उनमें सदस्यों की उपस्थिति पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक की आत्मकथा चरैवेति! चरैवेति!! के विभिन्न संस्मरणों पर आधारित कर्मयोद्धा राम नाईक पुस्तक का विमोचन किया गया है। चरैवेति! चरैवेति!! पुस्तक का लगभग11 भाषाओं में अनुवाद हुआ है। यह पुस्तक प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। कर्मयोद्धा राम नाईक पुस्तक पूर्व राज्यपाल राम नाईक की जीवन्तता व सक्रियता के साथ उत्तर प्रदेश व समाज के प्रत्येक पहलू पर उनकी गहरी पैठ को व्यक्त करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधान सभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विधान मण्डल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया गया। इसमें साहित्यकार डॉ इंदीवर पाण्डेय के सम्पादन में हृदय नारायण दीक्षित रचनावली का विमोचन हुआ है। साथ ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा वर्तमान मुख्यमंत्री के विधान सभा में दिये गये भाषणों के संकलन का भी विमोचन कार्यक्रम यहां सम्पन्न हुआ है।

# बीजेपी ने लोगों को जोड़ा जबकि विपक्ष ने तोड़ा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को बस्ती के सक्सेरिया इंटर कॉलेज मैदान और लखनऊ के आईआईएम रोड दुबग्गा काकोरी में पार्टी की जन विश्वास यात्रा के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित विशाल जन सभाओं को संबोधित किया और जनता से अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की प्रतीक सपा, बसपा और कांग्रेस को करारा सबक सिखाते हुए एक बार पुन: भारी बहुमत से भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार बनाने का आह्वान किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि बीजेपी ने जो कहा है वह किया है और जो कह रहे हैं। वह भी करके दिखाएँगे क्योंकि यह केवल और केवल भाजपा है जो कहती है, वह कर के दिखाती है। इसलिए हम पूरे जोश और उत्साह के साथ जनविश्वास यात्रा लेकर निकले हैं। ऐसी यात्रा निकालने की ताकत न अखिलेश यादव में है न बहन मायावती में और न ही कांग्रेस में क्योंकि उनके पास जनता को बताने के लिए कुछ भी नहीं है। यही बीजेपी और अन्य विपक्षी पार्टियों की कार्यसंस्कृति में अंतर है। सपा, बसपा और कांग्रेस पर बरसते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी ने लोगों को जोड़ा है जबकि विपक्ष ने लोगों को तोड़ा है उन्हें बांटा है। जिन्होंने हमारा समर्थन नहीं भी किया, उन तक भी हमने समान रूप से विकास का लाभ पहुंचाया है। उन्हें भी आयुष्मान भारत का लाभ मिला है, उज्ज्वला योजना का फायदा पहुंचा है और किसान सम्मान निधि की सहायता मिली है। सपा ने धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटने की राजनीति नहीं की तो ऐसे मौसम में जिन्ना को याद करने की जरूरत क्यों आन पड़ी? जिन्होंने देश का विभाजन किया, उनके नाम पर वोट माँगना यही तो है अखिलेश यादव की राजनीति। सपा, बसपा और कांग्रेस ने सिर्फऔर सिर्फअपने परिवार का ही स्वार्थ सिद्ध किया। हमने सर्वांगीण विकास किया। आजकल अखिलेश यादव लगातार झूठे वायदे कर रहे हैं लेकिन हमें यह मालूम होना चाहिए कि उनका अतीत क्या है। जब वे मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने क्या किया क्योंकि किसी का अतीत ही तय करता है कि वह भविष्य में क्या करेगा? श्री नड्डा ने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी के आने के बाद से बहुत फर्क पड़ा है। वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों की हालत ख़राब हुई है और विकासवाद की कार्यसंस्कृति का प्रादुर्भाव हुआ है। नरेन्द्र मोदी के आने के बाद जातिवाद, क्षेत्रवाद, वंशवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हुआ। न जातिवाद रहा, न वंशवाद, न परिवारवाद और न ही तुष्टिकरण। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर लगातार जनता के बीच जा रहे हैं। सपा की पहचान है कुशासन और हमारी पहचान है सुशासन। हम गुड गवर्नेंस की बात करते हैं, वे बैड गवर्नेंस की बात करते हैं। पहले भ्रष्टाचार की बदबू थी, आज ईमानदारी की खुशबू है। अखिलेश जी, इत्र कितना भी लगा लो बदबू, खुशबू में बदल नहीं सकती। हमारे पास नेता है, नेतृत्व है, नीति है और नीयत भी। विपक्ष के पास मैं अकेला, उसके बाद युवराज, उसके बाद युवराज का युवराज। हमारे पास कार्यकर्ता हैं, उनके पास माफिया हैं। आज उत्तर प्रदेश में माफिया या तो व्हील चेयर पर है, या अस्पताल में, या तड़ीपार या फिर जेल में। फर्क साफ़ दिखता है। डबल इंजन की सरकार में पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में जाता है लेकिन अखिलेश यादव की सरकार में लाभार्थियों का पैसा उनके खाने के लिए जाता था, लाभार्थियों तक पहुंचता ही नहीं था।

अखिलेश यादव पर हमला करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि अखिलेश यादव आजकल 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का झूठा वादा कर रहे हैं लेकिन सच्चाई ये है कि जो बिजली ही नहीं दे सकता वह बिजली बिल को मुफ्त क्या करेगा!

# जीवन की खुशबू भाजपा को पसंद नहीं

● समाजवादी सरकार में प्रदेश में सभी को 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त मिलेगी: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी सत्ता में आने वाली है। समाजवादी सरकार में प्रदेश में सभी को 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त मिलेगी। किसानों की सिंचाई मुफ्त होगी। इस वादे के पीछे बिजली उत्पादन से सम्बन्धित तमाम योजनाएं है जो पूरी की जाएगी। समाजवादी सरकार बनने पर किसान आंदोलन में सभी मृतक किसानों के परिवारों को 25-25 लाख की मदद दी जाएगी। मृतक किसानों के सम्मान में स्मारक भी बनेगा। अखिलेश यादव ने यह बात सोमवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। अखिलेश ने कहा कि जिस दिन गाजीपुर से हमारा रथ चल कर लखनऊ पहुंचा था, उसी दिन भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा करंट लगा और अगले दिन ही उन्होंने किसानों के खिलाफतीनों काले कानूनों को वापस ले लिया। नए वर्ष पर 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने का फैसला लिया तो हमने सारी चीजों का आकलन करने के बाद यह किया है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने अगर अच्छे से काम किया होता तो बिजली की कमी नहीं होती और समय से पावर प्लांट तैयार हो जाते।

श्री यादव ने कहा कि मुझे खुशी है कि रोजा थर्मल प्लांट तैयार हो गया जो नेताजी ने बनाया था। अनपरा डी का प्लांट भी समाजवादी सरकार में लगा। एटा में सुपर क्रिटिकल प्लांट लगाया। मिर्जापुर में फ्रांस के राष्ट्रपति ने जिस सोलर प्लांट का उद्घाटन किया वह योजना समाजवादी सरकार की थी। ललितपुर, महोबा, झांसी, मैनपुरी सभी जगह सोलर प्लांट तभी लगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस वक्त पूरी तरह से समाजवाद लागू हो जाएगा वही रामराज का आना होगा। उन्होंने कहा जो व्यक्ति अकेला रहता हो वह जीवन की खुशबू को क्या समझेगा, जीवन की खुशबू भाजपा को पसंद नहीं। इत्र का कारोबार हमें जोड़ता है इसलिए भाजपा इसे तोड़ने में लगी है। जैन समाज अल्पसंख्यक है जो इत्र व्यवसाय में जुड़ा है इसलिए इन पर हमला हुआ। अल्पसंख्यक ऐंग्लो इडियन की विधानसभा में रिजर्व सीट भी भाजपा सरकार ने खत्म कर दी। सिखों पर भी हमले हुए थे।

अपराधियों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए श्री यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा अपराधी बीजेपी में है।

## न्योली चीनी मिल के एमडी सहित तीन अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अवैध गन्ना खरीद व धोखाधड़ी का मामला

**अवैध** गन्ना खरीद एवं धोखाधड़ी के आरोप में न्योली चीनी मिल ए कासगंज के एमडी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की नीति का अनुसरण करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिला गन्ना अधिकारी, सचिव सहकारी गन्ना समिति एवं गन्ना पर्यवेक्षक के संयुक्त जॉंच दल द्वारा चीनी मिल न्योली के केनयार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा षडयन्त्र के तहत अवैध चालान के माध्यम से बिना पर्ची, नकद व कम दामों में गन्ना खरीद की जा रही थी। चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा बिचौलियों से मिली भगत कर अवैध गन्ना खरीद करते हुए गन्ना समिति के विकास अंषदान की चोरी की जा रही थी। चीनी मिल के एमडी, अध्यासी मुख्य वित्त अधिकारी उप गन्ना महाप्रबन्धक एवं केनयार्ड मैनेजर के विरूद्ध उप्र गन्ना पूर्ति एवं खरीद विनियमन अधिनियम 1953 एवं 1954 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसी क्रम में शेरवानी शुगर सिंडीकेट लि. न्योली चीनी मिल प्रबन्धन द्वारा षडयन्त्र के तहत अवैध रूप सेए नकद एवं कम दामों में किसानों का गन्ना खरीद कर चीनी मिल को आपूर्ति कराये जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए चीनी मिल के एमडी सहित सभी दोषी अधिकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

## नामजद होने के बावजूद चार्जशीट से क्यों हटाया गया गृह राज्यमंत्री का नाम: लल्लू

● लखीमपुर खीरी हिंसा का मामला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी के लिए मोदी सरकार को अभी और कितने साक्ष्य चाहिए। अजय मिश्र टेनी 120 बी आईपीसी के आरोपी हैं। एफआईआर में उनका नाम था, एसआईटी यह बताए कि कितनी बार उन्हें जांच के लिए बुलाया गया। एफआईआर में नाम होने के बावजूद चार्जशीट से गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी का नाम क्यों हटाया गया। इससे पद पर रहते हुए जांच भटकाने का भी सन्देह पैदा होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं देश की पूरी भाजपा सरकार रक्षक के पद रहते हुए भी भक्षक के साथ खड़ी नजर आ रही है। मालूम हो कि लखीमपुर खीरी हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत के मामले में सोमवार को एसआईटी द्वारा सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। एसआईटी ने जो चार्जशीट दाखिल की है, वह पांच हजार पन्नों की है। इसमें बताया गया है कि आशीष मिश्रा मोनू घटनास्थल पर मौजूद था। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी का पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू घटना का मुख्य आरोपी है। इस आरोप पत्र में अजय मिश्र टेनी के रिश्तेदार वीरेंद्र कुमार शुक्ला को पुलिस ने साक्ष्य मिटाने के अपराध का दोषी माना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में बीजेपी सरकार पर सवाल उठाते हुए अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी की मांग की।

# रक्षक होकर भी भक्षक के साथ खड़े हैं पीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि पीएम मोदी भक्षक के साथ खड़े हैं। प्रियंका ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि झूठी माफी और कानून वापस लेने जैसे चुनावी कदम भी मोदी जी की किसान विरोधी सोच को ढक नहीं सकते। वे रक्षक के पद पर हैं, लेकिन भक्षक के साथ खड़े हैं। लखीमपुर खीरी नरसंहार मामले की चार्जशीट में भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे ही किसानों को कुचलने की घटना के मुख्य आरोपी हैं लेकिन नरेंद्र मोदी के सरंक्षण के चलते मंत्री अजय मिश्रा टेनी पर जांच की आंच तक नहीं आई और वे अपने पद पर बने हुए हैं।

# पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध आईपीएस अरविंद सेन की अर्जी पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** निवारण अधिनियम के विशेष जज रमाकान्त प्रसाद ने पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध आईपीएस अधिकारी अरविंद सेन की एक अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। अरविंद सेन ने इस अर्जी में अपनी बड़ी पुत्री स्निग्धा सेन के पक्ष में पॉवर ऑफ अटार्नी करने के लिए निबंधक कार्यालय में उपस्थित होने के वास्ते न्यायिक आदेश देने की मांग की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान इस अर्जी की पोषणीयता पर सवाल उठाया गया। सरकारी वकील प्रभा वैश्य व अभितेष मिश्र ने रजिस्ट्रेशन मैनुअल का हवाला देते हुए कहा कि यह अर्जी रजिस्ट्री अधिकारी के दफ्तर में दाखिल करना चाहिए। गौरतलब है कि मुल्जिम अरविंद सेन की ओर से इस मसले पर पहले भी अर्जी दाखिल की गई थी। जिसे अदालत ने नामंजूर कर दिया था। तब सेन की ओर से यह अर्जी उनकी बड़ी पुत्री स्निग्धा सेन ने दाखिल की थी। लेकिन अब यह अर्जी अरविंद सेन ने स्वंय जेल अधीक्षक के माध्यम से दाखिल की है। उन्होंने अर्जी में कहा है कि वह इस मामले में निलंबन के दौरान सेवानिवृत हो गए थे। उनकी समस्त अवकाश प्राप्त देय भत्ता व अन्य अनुमन्य राशि निरुद्ध कर दी गई है। पत्नी की मौत के बाद उनकी दो पुत्री व एक अवयस्क पुत्र उन पर ही आश्रित हैं। लेकिन उनकी आय का अब कोई अन्य साधन नहीं है। जिससे परिवार का पोषण व उनके मुकदमे की पैरवी कठिन हो गया है। ऐसी परिस्थिति में वह अपनी पैतृक सम्पति का क्रय विक्रय व संविदा आदि के लिए बड़ी बेटी स्निग्धा सेन के पक्ष में मुख्तारनामा पंजीकृत करना चाहते हैं। 27 जनवरी 2021 को अरविंद सेन को इस मामले में न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। 13 जूनए 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले के मुल्जिमों पर पर कूटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है।

# भारतीय संस्कृति का मूल आधार है संस्कृत: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संस्कृत** मात्र एक भाषा ही नहीं बल्कि यह भारतीय संस्कृति का मूल आधार है क्योंकि भारतीय स यता की जड़ें इसमें निहित हैं, जो हमारी पर परा को गतिमान करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। ये विचार प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को स पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के 39वें दीक्षान्त समारोह को स बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि संस्कृत अमृत भाषा है जो सभी को अमृत्व प्रदान करती है। इसलिए संस्कृत का ज्ञान संग्रहालय में रखने वाला ज्ञान नहीं होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान को अपने भविष्य के जीवन में उपयोग करने के साथ ही देव भाषा संस्कृत के उत्थान और राष्ट्र के विकास में भी समर्पित करें। इस अवसर पर राज्यपाल ने 37 मेधावियों को को 63 पदक एवं 15520 छात्र छात्राओं को उपाधियां प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि देश एवं विदेश के अनेक विद्वानों ने इस विश्वविद्यालय में निष्ठापूर्वक संस्कृत की सेवा की है और इसे विश्व में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इन विद्वानों ने जो बड़ा आदर्श हमारे सामने प्रस्तुत किया है, उसको निभाने का उत्तरदायित्व और अपनी क्षमता के अनुसार उसे आगे बढ़ाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय की महास पदा हैं। अगर छात्र छात्राएं समृद्ध होंगे तो विश्वविद्यालय भी समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे कभी भी अवांच्छित कर्म और व्यर्थ में समय बर्बाद न करें। कुलाधिपति ने कहा कि आचार्यों पर ही राष्ट्र निर्माण एवं छात्र छात्राओं का विकास निर्भर है। इसलिए छात्रगण को आगे बढ़ायें, राष्ट्रहित एवं समाज कल्याण में उन्हें नियोजित करें। अगर एक भी छात्र सफल होता है तो गुरु की सफलता की सिद्धि हो जाती है और आचार्य का जीवन सफल हो जाता है।

राज्यपाल ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संस्कृत भाषा को विशेष स्थान मिला है, इससे संस्कृत की प्रासंगिकता को नई दिशा मिलेगी। इसमें संस्कृत के साथ तीन अन्य भारतीय भाषाओं का विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से आज की युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा के अध्ययन-अध्यापन से लाभान्वित होगी। इसके साथ ही संस्कृत भाषा को मजबूती भी मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर हरेराम त्रिपाठी ने प्रगति रिपोर्ट पेश की। राज्यपाल ने कार्यक्रम की मु य अतिथि मालिनी अवस्थी को डी-लिट की मानद उपाधि से स मानित किया तथा प्राथमिक विद्यालय से आये बच्चों को पठन पाठन सामग्री, बैग और पौष्टिक आहार वितरित किया।

# पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय समेत बसपा भाजपा के कई नेता सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में भरोसा करते हुए सोमवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय में बसपा, भाजपा सहित अन्य दलों के प्रमुख नेताओं और उनके हजारों समर्थकों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में राकेश पाण्डेय पूर्व सांसद अम्बेडकर नगर, माधुरी वर्मा भाजपा विधायक बहराइच, कांति सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद, सैय्यदा खातून पूर्व प्रत्याशी बसपा डुमरियागंज, ब्रजेश मिश्रा पूर्व विधायक भाजपा प्रतापगढ़, किशन पाल जाटव पूर्व प्रमुख दादरी, ओमवीर भण्डार, केके उपाध्याय, रामवीर कर्दम पूर्व प्रत्याशी लोकसभा बसपा, डॉ श्याम सुन्दर कर्दम, मुजीब अहमद पूर्व प्रत्याशी सुल्तानपुर बसपा, अनीस मंसूरी पसमांदा मुस्लिम समाज, मुसाफिर चौहान पूर्व प्रत्याशी मुगलसराय, डॉ मेराज अली एवं नसीर सेफ (अलीगढ़), सुधीर गौतम, तारिक किदवई, फराजुद्दीन किदवई बाराबंकी, गजराज नागर बादलपुर किठोर विधानसभा बसपा, नावेद रिज़्वी, जफ़र अहमद चेयरमैन डुमरियागंज, मोहम्मद सुहेल फारूकी पूर्व ब्लाक प्रमुख, फैजान अहमद, बालकृष्ण ओझा, काशीराम, प्रमोद रिछरिया जिलाध्यक्ष ब्राह्मण महासभा जालौन, समरनाथ पूर्व प्रमुख जौनपुर, नफीस अहमद, सुधाकर कुशवाहा, जयहिन्द राजभर, सुदामा यादव, मनोज चतुर्वेदी, अनिल राजभर, मृत्युंजय राजभर, गार्गी पटेल, हाजी अंजुम अली, मोहम्मद वसीम राईन, मुख्तार अहमद मंसूरी सहित अन्य प्रमुख नाम शामिल है। वहीं श्री गोविन्द निषाद मण्डल को आर्डिनेटर निषाद पार्टी ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। देश बचाओ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र पंवार, विशाल पार्टी एवं अखंड जलवंशी समाज ने समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया। महेन्द्र निषाद राष्ट्रीय प्रभारी मछुवारा प्रकोष्ठ, जर्नादन निषाद पूर्व चेयरमैन मत्स्यजीवी सहकारी समिति उत्तर प्रदेश तथा जय प्रकाश पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

## अपना दल (एस) के विधायक आरके वर्मा पार्टी से निलंबित

**लखनऊ।** अपना दल (एस) के विधायक डॉक्टर आर के वर्मा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। राजेश पटेल ने बताया कि लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण अपना दल (एस) की अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में प्रतापगढ़ जिले के विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर आर के वर्मा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि अपना दल (एस) केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी है और केंद्र सरकार में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल राज्य मंत्री हैं जबकि उत्तर प्रदेश में पार्टी के नौ विधायक हैं।

# बदलती जरूरतों के अनुसार शिक्षा प्रणाली स्थापित करनी होगी

● विद्यार्थियों को कौशल और ज्ञान से युक्त करने वाली शिक्षा मिले: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्र** के विकास में विश्वविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए अच्छे मुखौटों वाली चमकदार इमारतों की सं या बढ़ाना और अधिक विश्वविद्यालयों की स्थापना करना ही पर्याप्त लक्ष्य नहीं होना चाहिए। हमें बदलती जरूरतों के अनुसार शिक्षा प्रणाली को स्थापित करना और विद्यार्थियों को अप्रत्याशित और नई चुनौतियों से निडरतापूर्वक निपटने और उन पर विजय पाने में सक्षम बनाना होगा। ये विचार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के 43वें दीक्षान्त समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षण के अपने तरीकों को भी पुनर्निर्मित करना होगा और सब चलता है जैसा दृष्टिकोण छोड़कर कठोर शैक्षिक मानक बनाने होंगे।

उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि विद्यार्थियों को कौशल और ज्ञान से युक्त करने वाली शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 55 मेधावियों को 64 पदक वितरित किये, जिसमें 46 छात्राएं व 9 छात्र शामिल थे। जबकि 73,579 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कीं, जिसमें स्नातक के 58,370, परास्नातक के 15,189 तथा शोध के 20 छात्र छात्राएं शामिल थे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोग जीवन के जिस मार्ग पर अब बढ़ रहे हैंए उसमें निश्चत तौर पर आपके सामने कई सवाल आयेंगे। जैस ये रास्ता सही है, गलत है, नुकसान तो नहीं हो जायेगा, समय तो बर्बाद नहीं हो जायेगा, ऐसे बहुत से सवाल आयेंगे। इन सवालों का जबाव है सेल्फथ्री अर्थात् सेल्फ अवेयरनेस, सेल्फ कान्फीडेंस और सेल्फ लेसनैस। इसलिए आप अपनी सामर्थ्य को पहचान कर आगे बढ़े, पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़े, नि:स्वार्थ भाव से आगे बढ़े।

# गिरफ्तार तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**भाषा।** करीमनगर



**भारतीय जनता** पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष और सांसद बी संजय कुमार को सोमवार को गिरफ्तारी के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कुमार को आज मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कुमार को विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया था जिनमें आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के अलावा लोक सेवक की ओर से जारी आदेश के उल्लंघन का आरोप है।

कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 333 के तहत गिरफ्तार किया गया है, जो गैर-जमानती है और सत्र अदालत में विचाराधीन है। कुमार को सोमवार की दोपहर को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। करीमनगर से लोकसभा सदस्य कुमार को रविवार की रात उस समय हिरासत में लिया गया, जब उन्होंने राज्य सरकार के आदेश (नंबर 317) के खिलाफ शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए जागरण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आदेश से शिक्षकों और अन्य लोगों के तबादलों से उनके हितों को ठेस पहुंची है।

रविवार रात करीमनगर में कुमार के कैंप कार्यालय में उस समय तनाव व्याप्त हो गया जब भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के खिलाफ पुलिस जबरन कार्यालय के दरवाजे तोड़कर अंदर घुस गई। पुलिस ने कहा था कि विरोध प्रदर्शन की अनुमति के लिए कोई आधिकारिक अनुरोध नहीं किया गया था और पार्टी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के लिए जारी दिशा-निर्देशों के खिलाफ था। कुमार ने कहा कि यह शांतिपूर्ण विरोध था जिसकी योजना कोविड दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित करने की बनाई गई थी सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेताओं के कार्यक्रमों में कोविड-19 प्रावधानों का पालन क्यों नहीं किया जाता है।

# तेलंगाना अध्यक्ष की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी की तेलंगाना इकाई के प्रमुख बी. संजय कुमार को हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया कि तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की सरकार के दबाव में पुलिस ने अमानवीय तरीके से बी. संजय कुमार के कार्यालय में घुस कर मारपीट की, पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर अंधाधुंध लाठीचार्ज किया और अकारण उन्हें गिरफ्तार किया। नड्डा ने कहा, यह अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है। यह तेलंगाना सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या का जीवंत उदाहरण है। भाजपा तेलंगाना सरकार के इस कुत्सित प्रयास की कड़ी भर्त्सना करती है। ज्ञात हो कि तेलंगाना पुलिस ने कोविड-19 संबंधी दिशानिर्देशों का कथित तौर पर उल्लंघन करने के आरोप में रविवार को बी. संजय कुमार को करीमनगर में हिरासत में ले लिया था। हालांकि नड्डा ने दावा किया कि बी. संजय कुमार शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के मनमाने आदेश का विरोध कर रहे थे और इस दौरान कोविड-19 के सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षकों तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों के तबादले के संबंध में जारी एक आदेश के खिलाफ अपने लोकसभा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक रात का जागरण व उपवास रखा था। नड्डा ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनकी सरकार इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से भी डर गई। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की टीआरएस सरकार हाल के उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत और प्रदेश में भाजपा की बढ़ रही लोकप्रियता से बौखला गई है।



गुवाहाटी में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को कोविड-19 वैक्सीन की खुराक लगायी गई।

## भाजपा विधायक ने मंत्री पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया, अनशन की धमकी दी

**भाषा।** कोटद्वार (उत्तराखंड)

**सत्तारूढ़ भाजपा** के एक विधायक ने राज्य के पर्यावरण मंत्री हरक सिंह रावत पर उनके निर्वाचन क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाया और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर अनशन पर जाने की धमकी दी है। लैंसडाउन के विधायक दिलीप रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि हरक सिंह रावत के दबाव के कारण हिया क्षेत्र के धूमाकोट में नव स्थापित बिजली वितरण कार्यालय में कार्यपालक अभियंता की नियुक्ति नहीं की जा रही है।

विधायक ने दावा किया कि "राजनीतिक शत्रुतौ के कारण राज्य के बिजली, वन एवं पर्यावरण मंत्री द्वारा उनके निर्वाचन क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। समस्याओं का हल नहीं होने पर राज्य विधानसभा के सामने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की धमकी दी। इससे पहले विधायक ने धामी को पत्र लिखकर कालागढ़ एवं लैंस डाउन वन संभागों में किए गए निर्माणों में कथित अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी।

हरक सिंह रावत ने रविवार को कोटद्वार में संवाददाता सम्मेलन में विधायक के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा अगर विभाग में कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच होनी चाहिए। विधायक अपने कार्यकाल के अंत में इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं, चुनाव काफी नजदीक हैं। हाल ही में हरक सिंह रावत ने कैबिनेट बैठक के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटद्वार में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को मंजूरी में देरी पर नाराजगी जताई थी। 24 दिसंबर को हुई बैठक बीच में ही छोड़ दी थी अटकलें लगाई जाने लगीं कि वह मंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

## भाजपा के अल्पसंख्यकों के बार-बार अमानवीकरण का परिणाम है : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ऑनलाइन ऐप पर मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न किए जाने की सोमवार को निंदा की और दावा किया कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा अल्पसंख्यकों के बार-बार अमानवीकरण का नतीजा है। इस ऑनलाइन ऐप पर मुस्लिम महिलाओं की छेड़छाड़ की गई तस्वीरें कथित तौर पर नीलामी के लिए डाली गई हैं। उन्होंने आशा जताई कि इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्वाई की जाएगी। खड़गे ने ट्वीट किया है, मुस्लिम महिलाओं के इस घृणित उत्पीड़न की कड़ी निंदा करता हूं। यह भाजपा नेतृत्व द्वारा बार-बार अल्पसंख्यकों के अमानवीकरण का नतीजा है। उन्होंने कहा, उत्पीड़न की ऐसी घटनाओं को अतीत में नजरअंदाज क्यों किया गया? मैं आशा करता हूं कि इस बार दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्वाई की जाएगी।

# धर्म संसद संबंध मामले में दूसरी प्राथमिकी दर्ज

**देहरादून।** हरिद्वार में आयोजित एक धर्म संसद के संबंध में 10 लोगों के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस धर्म संसद में कथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ कुछ प्रतिभागियों द्वारा द्वेषपूर्ण बयान दिया गया था।

ज्वालापुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नितेश शर्मा ने बताया कि मामले में दूसरी प्राथमिकी रविवार को हरिद्वार के ज्वालापुर थाने में क्षेत्र के निवासी नदीम अली की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि दूसरी प्राथमिकी में दस लोगों के नाम हैं जिनमें कार्यक्रम के आयोजक यति नरसिम्हानंद गिरि, जितेंद्र नारायण त्यागी (जिन्हें पहले वसीम रिज़्वी के नाम से जाना जाता था), सिंधु सागर, धर्मदास, परमानंद, साध्वी अन्नपूर्णा, आनंद स्वरूप, अश्विनी उपाध्याय, सुरेश चव्हाण और प्रबोधानंद गिरी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी ज्वालापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई और नगर पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दी गई जहां मामले के संबंध में पहली प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की जांच के लिए रविवार को एक विशेष जांच दल का भी गठन किया गया था।

उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर 16 से 19 दिसंबर तक हरिद्वार में आयोजित धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण बयान देने वालों के खिलाफ कार्वाई करने का जबरदस्त दबाव है। धर्म संसद में भड़काऊ बयान देने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुसलमानों ने शुक्रवार और शनिवार को देहरादून और हरिद्वार में विरोध मार्च निकाला।

## बिहार में जातियों के सर्वेक्षण पर भाजपा के जवाब का इंतजार : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर बाकी दलों ने जातियों की गणना पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। जनता दल (यूनाइटेड) नेता कुमार ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह अपने सहयोगी दल को मामले को लटकाने के लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा रहे और उन्हें सकारात्मक जवाब मिलने का विश्वास है। भाजपा को छोड़कर बाकी दलों ने एक राज्य-केंद्रित कवायद के तौर-तरीकों पर फैसला करने के लिए सर्वदलीय बैठक करने पर सहमति जताई है। भाजपा का जवाब सुनने के बाद हम तारीख तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, यह आरोप नहीं है। भाजपा नेतृत्व अपना समय ले रहा है।इस मुद्दे पर असहमति की कोई गुंजाइश है। केंद्र सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना की संभावना को खारिज कर दिया है। हालांकि कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस विषय को उठाया था।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवानों के परिजन को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे : केजरीवाल

**देहरादून।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वादा किया कि अगर आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव के बाद राज्य की सत्ता में आती है तो उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों के परिवारों को सम्मान राशि के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। केजरीवाल ने 34-35 वर्ष की आयु के सेवानिवृत्त सैनिकों को सरकार में नौकरी देने और उनकी देशभक्ति, सैन्य कुशलता व अनुशासन का पूरा उपयोग करते हुए एक नए उत्तराखंड के निर्माण में भागीदार बनाने का भी वादा किया। उन्होंने यहां परेड ग्राउंड में पार्टी की उत्तराखंड नव निर्माण रैली में यह घोषणा की। उन्होने कहा, थल सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलो के शहीद जवानों के परिवारों को उनकी शहादत के सम्मान में एक करोड़ रुपए सम्मान राशि के रूप में दिए जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि सशस्त्र बलों में सबसे बड़ी भागीदारी उत्तराखंड की है और अगर सैनिक अपना मन बना लें तो राज्य मे आम आदमी पार्टी को सत्ता मे आने से कोई नही रोक सकता।

### भाजपा में जाने के छह दिन बाद दोबारा कांग्रेस में शामिल हुए विधायक बलविंदर लड्डी

**चंडीगढ़।** भाजपा मे शामिल होने के महज छह दिन बाद पंजाब के विधायक बलविंदर सिंह लड्डी पार्टी से नाता तोड़ कर फिर से कांग्रेस मे शामिल हो गए है। लड्डी ने सोमवार को कहा कि वह रविवार की रात यहां कांग्रेस के पंजाब मामलो के प्रभारी हरीश चौधरी और मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की मौजूदगी में, कांग्रेस में वापस लौट आए। श्री हरगोबिंदपुर से विधायक बलविंदर सिंह लड्डी, कादियान से विधायक फतेहजंग सिंह बाजवा के साथ 28 दिसंबर को नई दिल्ली मे भाजपा मे शामिल हुए थे। दोनों विधायक भाजपा के पंजाब मामलो के प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी मे भाजपा मे शामिल हुए थे।

### आप ने पांच और उम्मीदवारों की घोषणा की

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए अपने पांच और उम्मीदवारों की सोमवार को घोषणा की। पार्टी की ओर से उम्मीदवारो की यह सातवी सूची जारी की गई है, जिसके अनुसार मजीठा विधानसभा सीट से लाली मजीठिया को टिकट दिया गया है। मजीठिया कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद एक जनवरी को आप में शामिल हो गए थे। वर्तमान में, मजीठा सीट से अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया विधायक है। पार्टी ने बताया कि अजय गुप्ता को अमृतसर सेंट्रल सीट से, कश्मीर सिंह सोहल को तरनतारन से, सुरिंदर सिंह सोढ़ी को जालंधर कैंट से और बलजीत कौर को मलोट सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पंजाब की 117 विधानसभा सीट में से आप ने अभी तक 101 पर अपने उम्मीदवारो की घोषणा कर दी है।

### बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी कोरोना से संक्रमित हुए

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी जांच मे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। उनके एक मुख्य राजनीतिक सहयोगी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मांझी के नेतृत्व वाले हम के प्रवक्ता दानिश रिजवान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गया जिले मे अपने गांव मे सुरक्षित है। रिजवान ने कहा, मांझी कुछ समय से अस्वस्थ है। अपने परिवार के करीबी सदस्यो और निजी सचिव के साथ जांच कराई। कुल 18 लोगो मे संक्रमण की पुष्टि हुई है। रिजवान ने बताया कि मांझी (77) के अलावा, जिन लोगो की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है उनमे उनकी पत्नी शांति देवी, बेटी पुष्पा मांझी, पुत्रवधू दीपा मांझी और निजी सचिव गणेश पंडित शामिल है। दीपा मांझी के पति संतोष सुमन है, जो राज्य मे नीतीश कुमार सरकार मे कैबिनेट मंत्री है। पूर्व मुख्यमंत्री गया जिले मे अपने गांव महकार मे है। पटना के बाद गया जिले मे कोराना वायरस संक्रमण की सर्वाधिक वृद्धि हुई है। मांझी विधानसभा मे इमामगंज (सु.) सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

### बुली बाई ऐप के खिलाफ शिकायत आयी तो कार्रवाई : मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बुली बाई ऐप पर मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें अपलोड कर ऑनलाइन बोली लगाए जाने की घटना निंदनीय है और यदि प्रदेश मे इस तरह की कोई शिकायत आएगी तो इस ऐप को बनाने वालो (डेवलपर) के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। बुली बाई ऐप पर मुस्लिम महिलाओ की ऑनलाइन बोली लगाए जाने की घटना निंदनीय है। भारतीय संस्कृति में नारी सदैव से पूज्य रही है। मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न न हो इसलिए तीन तलाक का कानून लाया गया है। मप्र मे इस तरह की कोई शिकायत नही मिली है, आएगी तो कार्वाई करेंगे। मुंबई साइबर पुलिस ने बुली बाई ऐप बनाने वाले और इसे बढ़ावा देने वाले ट्विटर हैंडल के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। कम से कम 100 प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें एक ऐप पर अपलोड किए जाने पर मचे बवाल के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है।



जम्मू में सिक्ख देवता गुरू गोविन्द साहब के जन्मदिवस के अवसर पर जुलूस निकाला गया।

# उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने शांति वार्ता को लेकर केन्द्र सरकार की ईमानदारी पर उठाया सवाल

**डिब्रूगढ़ (असम)।** उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने उसके साथ एक दशक से चली आ रही शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में केन्द्र सरकार की ईमानदारी पर संदेह व्यक्त करते हुए दावा किया कि पिछले दो वर्ष में कोई वार्ता नहीं हुई और वर्तमान में प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कोई सरकारी वार्ताकार नहीं है। गुट ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से उसके साथ शांति वार्ता में ज्यादा प्रगति नहीं हुई है, हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई थी।

उसने यह भी कहा कि कट्टरपंथी उल्फा (आई) के प्रमुख परेश बरुआ के तब तक वार्ता के लिए आगे आने की संभावना नहीं है, जब तक कि वार्ता समर्थक गुट के साथ बातचीत पूरी नहीं हो जाती। गुट ने ए आरोप ऐसे समय में लगाए हैं, जब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा संगठन के सभी गुटों के साथ समझौता करने के वास्ते बरुआ को बातचीत के लिए राजी करने की कोशिश कर रहे हैं। उल्फा के पूर्व स्वयंभू महासचिव एवं वार्ता समर्थक गुट के नेता अनूप चेतिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, सरकार के साथ आखिरी दौर की वार्ता जनवरी 2020 में हुई थी।

सरकारी वार्ताकार का कार्यकाल उस वर्ष मार्च में समाप्त हो गया था। उसके बाद से, हमसे कोई सम्पर्क नहीं किया गया। अब भी, हमें उम्मीद है कि सरकार हमारे मुद्दों पर गौर करेगी और उन्हें हल करेगी। इस बात पर जोर देते हुए कि उग्रवादी संगठन की तुलना में सरकार शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए अधिक जिम्मेदार है, चेतिया ने कहा, हमारे पास सरकार की ईमानदारी पर संदेह करने के कई कारण हैं। वार्ताकार समर्थक वरिष्ठ उल्फा नेता मृणाल हजारिका ने कहा, सरकार में ईमानदारी की कमी नजर आ रही है। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में वार्ता लगभग पूरी हो चुकी थी और अंतिम चरण में पहुंच गई थी, लेकिन नरेंद्र मोदी नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से कुछ खास प्रगति नहीं हुई है।

उल्फा समर्थक वार्ता गुट की मांगों को हल करने में सरकार देरी के करने के लिए हथकंडे अपना रही है। मांगे मोटे तौर पर असम के मूल लोगों के लिए आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और भाषाई सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने पर आधारित थी। हजारिका ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नीति का समर्थन करती है, जिसके माध्यम से वे सभी को एक ही रंग में रंगना चाहती है। इसलिए वो हमें सुरक्षा प्रदान करने में देरी कर रही है। परेश बरुआ को बातचीत के लिए बुलाने के सरकार के प्रस्ताव पर, चेतिया ने कहा, मैंने बरुआ को मीडिया से यह कहते सुना है ।

# सिद्धू ने आठ सिलेंडर व हर महीने 2,000 रुपए देने का वादा किया

**चंडीगढ़।** पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने की होड़ को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने सोमवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो गृहणियों को हर महीने 2,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने गृहणियों को हर साल आठ मुफ्त रसोई गैस एलपीजी सिलेंडर देने का भी वादा किया। सिद्धू ने आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेजों में नामांकन कराने वाली लड़कियों को दोपहिया वाहन और 12 वीं कक्षा पास करने वाली लड़कियों को 20,000 रुपए देने का भी वादा किया।

आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में सभी महिलाओं को l,000 रुपए देने का वादा किया है। इसके अलावा उन्होंने चुनावी राज्यों पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा में वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त घरेलू बिजली दी जाएगी। सिद्धू ने घोषणाएं पंजाब के बरनाला जिले में एक रैली में की। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए राज्य में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

पंजाब सरकार द्वारा गृहणियों को 2,000 रुपए प्रति माह और आठ सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। सिद्धू ने कहा कि लड़कियां चाहे गांवों की हों या शहरी क्षेत्रों की, पांचवीं कक्षा पास करने के बाद उन्हें पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रोत्साहन के रूप में, 10वीं कक्षा पास करने वाली लड़कियों को 15,000 रुपए और 12 वीं कक्षा पास करने वाली लड़कियों को उच्च अध्ययन की खातिर कॉलेजों में जाने के लिए 20,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर देने का भी वादा किया। उन्होंने वादा किया कि लड़कियों को कॉलेज जाने के लिए दोपहिया वाहन भी दिए जाएंगे।

# शादी की उम्र बढ़ाने संबंधी विधेयक पर चर्चा में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी की मांग

**नई दिल्ली ।** मुंबई, तीन जनवरी (भाषा) शिव सेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को इस बात पर गहरी आपत्ति जताई कि लड़कियों के विवाह की कानूनी आयु को बढ़ाकर 21 साल करने संबंधी विधेयक के आगे की पड़ताल का जिम्मा संसद की जिस 31 सदर्स्यीय समिति को सौंपा गया है, उसमें मात्र एक महिला सांसद है। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को लिखे एक पत्र में महाराष्ट्र से राज्यसभा की सदस्य चतुर्वेदी ने कहा, यह हताशा की बात है कि महिलाओं और भारतीय समाज से संबंधित इस विधेयक पर एक ऐसी समिति चर्चा करेगी जिसमें प्रतिनिधित्व ही बहुत अनुचित है।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम लोकसभा सांसद कनिमोझी ने भी समिति में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व ना होने पर आपत्ति जताई। ट्वीट कर कहा, कुल 110 महिला सांसद हैं लेकिन सरकार ने देश की हर युवती को प्रभावित करने वाले विधेयक को एक ऐसी समिति को सौंपा है जिसमें सिर्फ एक महिला और 30 पुरुष हैं। महिलाओं के अधिकार पुरुष तय करते रहेंगे और महिलाएं महज मूकदर्शक बनी रहेंगी शिक्षा, महिला, बच्चों, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थाई समिति में महिलाओं का उचित प्रतिनिधितव ना होने पर चिंता जताते हुए चतुर्वेदी ने नायडू से बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक पर चर्चा में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्रबुद्धे के नेतृत्व वाली संसद की इस स्थाई समिति में कुल 31 सदस्य हैं और इनमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद सुष्मिता देव अकेली महिला हैं। चतुर्वेदी ने अपने पत्र में लिखा, इसलिए मैं आपसे आग्रह करती हूं कि विधेयक पर चर्चा के दौरान महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि यह विधेयक देश की महिलाओं की समस्याओं से संबंधित है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से लाए गए इस विधेयक में विवाह की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने का प्रस्ताव है।संपर्क किए जाने पर देव ने कहा कि समिति में और महिला सांसद होती तो बेहतर होता। देव ने कहा, काश समिति में और महिला सांसद होतीं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी हितधारक समूहों की बात सुनी जाए। प्रस्तावित कानून देश के सभी समुदायों पर लागू होगा और एक बार लागू होने के बाद यह मौजूदा विवाह और पर्सनल लॉ का स्थान लेगा। संसद के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश किए जाने का कुछ सदस्यों ने विरोध किया था और मांग की थी कि गहन विमर्श और भावी संशोधनों की पड़ताल के लिए इसे संसद की स्थाई समिति को भेजा जाए।




नई दिल्ली में कांग्रेस नेता हरीश रावत साथ में उत्तराखण्ड कांग्रेस नेता गणेश गोडियाल व अन्य उत्तराखण्ड पोल्स का सांग लांच करते हुए

## नए साल 2022 के पहले कारोबारी दिन बाजारों की जोरदार शुरुआत

# सेंसेक्स ने लगाई 929 अंक की छलांग

भाषा। मुंबई

**ओमीक्रोन की** चिंता के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में वर्ष 2022 की शुरुआत जोरदार रही। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने सोमवार को 900 अंक से अधिक की छलांग के साथ 59,000 अंक के स्तर को फिर हासिल कर लिया। बैंक, वित्त और आईटी शेयरों में लिवाली के साथ बाजार में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़ों से भी कारोबारी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान बढ़त के साथ 59,266.39 अंक तक चला गया था। अंत में यह 929.40 अंक यानी 1.60 प्रतिशत मजबूत होकर 59,183.22 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 271.65 अंक यानी 1.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,625.70 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स के शेयरों में 3.52 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में बजाज फाइनेंस रही। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ केवल पांच शेयर... डॉ. रेड्डीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया और टाइटन नुकसान में रहे। वर्ष 2021 के अंतिम दिन शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सालाना आधार पर सेंसेक्स 2021 में 21.99 प्रतिशत यानी 10,502.49 अंक और निफ्टी 24.11 प्रतिशत यानी 3,372.3 अंक मजबूत हुआ है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच बैंक, वाहन और आईटी शेयरों की अगुवाई में घरेलू शेयर बाजारों की शुरुआत नए साल के पहले कारोबारी दिवस में बेहतर रही। बिक्री आंकड़ों के बाद वाहन शेयरों पर निवेशकों की नजर रही। उन्होंने कहा, उत्पादन और नए आर्डर की बेहतर स्थिति के साथ दिसंबर में देश का विनिर्माण पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) 55.5 रहा रहा। यह विस्तार को बताता है। हालांकि, तिमाही आधार पर वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि बाजार में तेजी चौतरफा रही। छोटी एवं मझोली कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली। एशिया के अन्य बाजारों में 2022 के पहले दिन मिला-जुला रुख रहा। हांगकांग के हैंगसंग में गिरावट रही जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। जापान और चीन के बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.49 प्रतिशत बढ़कर 78.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 3.49 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले कारोबारी दिवस में शेयर बाजार में जोरदार तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3,49,642.03 करोड़ रुपए बढ़ गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 929.40 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 59,183.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,012.57 अंक की तेजी के साथ 59,266.39 अंक तक चला गया था। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,49,642.03 करोड़ रुपए उछलकर 2,69,49,853.58 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### बजाज ऑटो की खुदरा बिक्री दिसंबर में तीन प्रतिशत घटी

**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो की कुल खुदरा बिक्री दिसंबर 2021 में तीन प्रतिशत घटकर 3,62,470 इकाई की रह गई। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि उसने इससे पिछले वर्ष, इसी महीने में कुल 3,72,532 इकाई की बिक्री की थी। बजाज के अनुसार कंपनी की घरेलू बिक्री हालांकि दिसंबर 2021 में पांच प्रतिशत बढ़कर 1,45,979 इकाई पर पहुंच गई, जो दिसंबर 2020 में 1,39,606 इकाई थी। कंपनी के दोपहिया वाहनों की बिक्री समीक्षाधीन महीने में छह प्रतिशत घटकर 3,18,769 इकाई की रह गई। दिसंबर 2020 में यह 3,38,584 इकाई की थी। बयान के अनुसार दिसंबर 2020 में बेचे गए 33,948 वाहनों की तुलना में पिछले महीने के दौरान निर्यात समेत कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 43,701 इकाई हो गई।

## क्विक न्यूज

### बजाज ऑटो का निर्यात 2021 में 30 प्रतिशत बढ़कर 25 लाख इकाई पर

**मुंबई।** बजाज ऑटो ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद बीते साल यानी 2021 में 25 लाख से अधिक वाहनों का निर्यात किया। यह इससे पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। बजाज ऑटो लिमिटेड ने सोमवार को बयान में कहा कि कंपनी ने 2021 में विदेशी बाजारों में 25 लाख वाहनों की बिक्री की, जो किसी भी कैलेंडर वर्ष में उसके निर्यात का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। बजाज दुनियाभर में 70 से अधिक देशों में अपने वाहनों का निर्यात करती है। कंपनी ने बताया कि उसने वर्ष 2021 में 25 लाख वाहनों का निर्यात किया। इसमें दोपहिया वाहनों की संख्या 22 लाख तथा तिपहिया और क्वॉड्रिसाइकल की संख्या तीन लाख है। कंपनी की वर्ष 2021 में हुई बिक्री में 125सीसी वाहनों का योगदान 41 प्रतिशत का रहा। वही पल्सर ने इस दौरान अपनी अब तक की सबसे अधिक निर्यात बिक्री हासिल की।

### दुबई का एम्मार समूह श्रीनगर में शॉपिंग मॉल का निर्माण करेगा

**नई दिल्ली।** दुबई की रियल्टी कंपनी एम्मार प्रॉपर्टीज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में एक शॉपिग मॉल का निर्माण करेगी। यह शॉपिग मॉल पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला होगा। एम्मार ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस प्रस्तावित परियोजना में निवेश के लिए दुबई और जम्मू-कश्मीर सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह केंद्र शासित प्रदेश में कंपनी का पहला बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होगा। समझौते के अनुसार एम्मार समूह श्रीनगर में 5,00,000 वर्ग फुट भूमि पर एम्मार मॉल का निर्माण करेगा। भारत में यूएई के राजदूत एच ई अहमद अब्दुल रहमान अल्बन्ना ने कहा, संयुक्त अरब अमीरात और भारत व्यापक रणनीतिक साझेदार हैं। एम्मार की यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मुझे यकीन है कि हम निकट भविष्य में ऐसी कई परियोजनाओं को देखेंगे। वही एम्मार के संस्थापक मोहम्मद अलब्बार ने कहा कि कंपनी का इरादा जम्मू-कश्मीर के निवासियों और पर्यटकों के लिए एक विश्वस्तरीय मॉल अनुभव लाने का है।

### अशोक लेलैंड की बिक्री दिसंबर 2021 में दो प्रतिशत घटकर 12,518 इकाई पर

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड के कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री दिसंबर 2021 में दो प्रतिशत घटकर 12,518 इकाई पर रह गई। अशोक लेलैंड ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कंपनी ने इससे पिछले वर्ष, इसी महीने में 12,760 इकाइयों की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, दिसंबर 2021 में कंपनी घरेलू बिक्री तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,493 इकाई पर रही, जो दिसंबर 2020 में 11,855 इकाई की थी। कंपनी के मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हालांकि आलोच्य महीने में नौ प्रतिशत बढ़कर 6,752 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले के इसी महीने में यह संख्या 6,173 इकाई की थी। कंपनी ने बताया कि घरेलू बाजार में उसके हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने 17 प्रतिशत घटकर 4,741 इकाई रही। दिसंबर 2020 में यह 5,682 इकाई थी।

### दिसंबर में निर्यात 37 प्रतिशत बढ़कर 37.29 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात दिसंबर, 2021 में 37 प्रतिशत बढ़कर 37.29 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह किसी एक महीने में निर्यात का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2021-22) के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में निर्यात 300 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश का वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर से ऊपर जाएगा।

### राम चरण तमिलनाडु और गुजरात में करेगी 15,000 करोड़ रुपए निवेश

**मुंबई।** चेन्नई की कंपनी राम चरण ने तमिलनाडु और गुजरात में अवशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों की स्थापना के लिए 15,000 करोड़ रुपए निवेश करने की घोषणा की है। रसायन क्षेत्र की एक कम चर्चित कंपनी राम चरण ने हाल में ऐसी प्रौद्योगिकियों का विकास शुरू किया है जिनके जरिए औद्योगिक और निगम के कचरे को ऊर्जा में बदला जा सकता है। कंपनी ने तमिलनाडु और गुजरात में ऐसे ही दो विनिर्माण संयंत्र लगाने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, तमिलनाडु में यह संयंत्र रामेश्वरम जिले में 70 एकड़ जमीन पर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जमी अधिग्रहण इस माह के अंत तक किया जाएगा। वही गुजरात संयंत्र को कच्छ जिले में एक समान आकार के भूखंड पर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि का अधिग्रहण महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में किया जाएगा। कंपनी के निदेशक और संस्थापक परिवार की तीसरी पीढ़ी के सदस्य कौशिक पालिचा ने चेन्नई से पीटीआई-भाषा को बताया कि दोनों संयंत्रों पर 7,500-7,500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। ए दोनों संयंत्र 2022 की तीसरी तिमाही तक चालू हो जाएंगे।

### फिनो पेमेंट्स बैंक को अंतरराष्ट्रीय धन अंतरण सेवा के लिए रिजर्व बैंक की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** फिनो पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के खाते में अब विदेश से भेजी गई (रेमिटेंस) रकम भी जमा हो सकेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से इस भुगतान बैंक को अंतरराष्ट्रीय धन अंतरण सेवा की मंजूरी देने के बाद इसका रास्ता साफ हो गया है। फिनो बैंक ने सोमवार को एक बयान में कहा कि धन अंतरण सेवा योजना (एमटीएसएस) के तहत आरबीआई ने उसे विदेश से प्रेषित राशि स्वीकार करने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद बैंक किसी विदेशी वित्तीय संस्थान के सहयोग में सीमापार धन अंतरण गतिविधियां कर पाएगा। फिनो बैंक ने कहा कि उसके ग्राहकों का एक हिस्सा दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों के परिवार से संबंधित है। इस स्थिति में यह सेवा शुरू होने से इन ग्राहकों को विदेश से भेजी गई रकम पाने में सहूलियत होगी। फिनो पेमेंट्स बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी आशीष आहूजा ने कहा, हम अपने ग्राहकों को वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही से विदेश से भेजी गई रकम पाने की सुविधा दे पाएंगे।

### खनिज संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए स्रोत देशों का चयन किया गया: खान मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि विदेशों में खनिज संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना टटोलने को लेकर स्रोत देशों का चयन किया गया है। संयुक्त उद्यम कंपनी खनिज विदेश इंडिया लि. (केएबीआईएल) आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बोलिविया और चिली जैसे स्रोत देशों पर गौर कर रही है। इन देशों में महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रकृति के खनिज भंडार है। कंपनी को लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रकृति की विदेशी खनिज संपत्तियों की पहचान करने और अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश की खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने और महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए मंत्रालय ने नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल) की भागीदारी के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड बनाई है।

## निर्यात सौदों से पहले वैश्विक स्तर पर चीनी कीमतों में बढ़ोतरी का इंतजार कर रही है मिलें : इस्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय चीनी मिलें निर्यात सौदों से पहले अभी वैश्विक स्तर पर चीनी कीमतों में बढ़ोतरी का इंतजार कर रही हैं। उद्योग निकाय इस्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी है। एक बयान में कहा गया है कि कच्चे चीनी की वैश्विक कीमतों में गिरावट के कारण पहले किए जा चुके 38-40 लाख टन निर्यात अनुबंधों से आगे पिछले एक महीने में चीनी के कोई खास निर्यात अनुबंध नहीं हुए।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा, चूंकि चालू सत्र के लिए अब भी लगभग नौ महीने बाकी हैं, इसलिए मिलें अभी भी आगे के निर्यात अनुबंधों के लिए उपयुक्त समय की प्रतीक्षा कर रही हैं। चालू 2021-22 सत्र की अक्टूबर-नवंबर अवधि के दौरान, चीनी मिलों ने 6.5 लाख टन चीनी का निर्यात किया, जो एक साल पहले की समान अवधि में तीन लाख टन से अधिक था। इस्मा ने कहा कि घरेलू बाजार में चीनी मिलों ने अक्टूबर-नवंबर के दौरान 47.50 लाख टन चीनी बेची, जबकि इसी अवधि के लिए सरकार ने 46.50 लाख टन बिक्री कोटा निर्धारित किया था।

## दिसंबर में बिक्री बढ़ने के बावजूद विनिर्माण गतिविधियां नरम पड़ीं: रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**ओमीक्रोन को** लेकर बढ़ती चिंता के बीच भारत की विनिर्माण गतिविधियां दिसंबर में नरम पड़ीं, लेकिन बिक्री एवं नए ऑर्डर में धीमी प्रगति के बावजूद उत्पादन की वृद्धि बनी रही। आईएचएस मार्किट इंडिया की तरफ से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) गिरावट के साथ 55.5 पर आ गया, जबकि नवंबर में यह 57.6 पर था जो पिछले दस महीनों का उच्चस्तर था। दिसंबर के पीएमआई आंकड़े बताते हैं कि बिक्री एवं उत्पादन बढ़ने के साथ ही इस महीने विनिर्माण गतिविधियां सुस्त पड़ी हैं। हालांकि, ताजा तिमाही आंकड़ा 56.3 रहा जो वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसंबर के पीएमआई आंकड़े लगातार छठे महीने कुल परिचालन हालात में सुधार की ओर इशारा करते हैं। पीएमआई यदि 50 के ऊपर रहता है, तो उसे विस्तार माना जाता है जबकि 50 के नीचे आने पर उसे संकुचन की श्रेणी में रखा जाता है।

आईएचएस मार्किट की एसोसिएट निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलिएना डि लीमा कहते हैं, वर्ष 2021 के अंतिम पीएमआई नतीजे उत्साहवर्द्धक हैं। आर्थिक पुनरुद्धार जारी है और कंपनियों को घरेलू एवं बाहरी स्रोतों से नए काम मिल रहे हैं। हालांकि, लीमा के मुताबिक, विनिर्माता वर्ष 2022 में भी उत्पादन वृद्धि जारी रहने की उम्मीद कर रहे हैं लेकिन कारोबारी धारणा महामारी के संभावित असर और मुद्रास्फीति दबावों एवं आपूर्ति गतिरोधों से कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है।

इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि दिसंबर में नए ऑर्डर की संख्या तेजी से बढ़ी लेकिन वह सितंबर के बाद से सबसे सुस्त रही। इसी तरह उत्पादन भी बढ़ने के बावजूद बीते तीन महीनों में सबसे कम रहा। साल के अंतिम महीने में भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ी। यह लगातार छठा महीना रहा जब निर्यात के ऑर्डर में बढ़त दर्ज की गई।

## ऑडी इंडिया की 2021 में खुदरा बिक्री दोगुना बढ़कर 3,293 इकाई पर

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी की वर्ष 2021 के दौरान भारत में खुदरा बिक्री दोगुना बढ़कर 3,293 इकाई की हो गई। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि वर्ष 2020 में उसने 1,639 इकाई बेचीं थी। ऑडी इंडिया के अनुसार बिजली से चलने वाली ई-ट्रॉन 50, ई-ट्रॉन 55, ई-ट्रॉन स्पोर्टबैक 55, ई-ट्रॉन जीटी, आरएस ई-ट्रॉन जीटी और ए-सेडान के साथ पेट्रोल से चलने वाली क्यू श्रेणी के वाहनों की बिक्री बढ़ने से यह वृद्धि हुई है। इसके अलावा एसयूवी क्यू2, क्यू5 और क्यू8 के साथ ए4 और ए6 मॉडल कंपनी के सबसे अधिक बिकने वाले वाहन बने रहे। वही ऑडी आरएस और एस की 2022 में भी मजबूत मांग जारी है। ऑडी इंडिया के अध्यक्ष बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर और कलपुर्जों, जिंस की कीमतों, माल-ढुलाई में चुनौती जैसे अन्य वैश्विक बाधाओं के बावजूद हम 2021 में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हैं।




## टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री दिसंबर में 45 प्रतिशत बढ़कर 10,832 इकाई पर

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की दिसंबर 2021 में बिक्री 45 प्रतिशत बढ़कर 10,832 इकाई हो गई। टोयोटा ने सोमवार को बताया कि कंपनी ने दिसंबर 2020 के दौरान घरेलू बाजार में 7,487 इकाइयों की बिक्री की थी। इसके अलावा कंपनी ने वर्ष 2021 के दौरान घरेलू बाजार में कुल 1,30,768 इकाइयों की थोक बिक्री की। यह संख्या वर्ष 2020 में बेची गई 76,111 इकाई की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है। टीकेएम के बिक्री और सामरिक विपणन विभाग के महाप्रबंधक (एजीएम) वी वाइसलाइन सीगामनी ने एक बयान में कहा, पिछले वर्ष की दूसरी छमाही में मांग में तेजी देखी गई।

## भारत ने कोविड पैकेज पर विचार को डब्ल्यूटीओ की आपात बैठक बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** भारत ने दुनिया के विभिन्न देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के प्रस्तावित पैकेज पर विचार के लिए इसी महीने जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की आम परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। इस पैकेज में पेटेंट से छूट का प्रस्ताव भी शामिल है। डब्ल्यूटीओ की आम परिषद संगठन का निर्णय लेने वाला शीर्ष निकाय है। संगठन के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने को लेकर इसकी बैठक नियमित तौर पर होती रहती है। इसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि (राजदूत या उसके समकक्ष) होते हैं और इसके पास दो साल पर होने वाले मंत्री स्तरीय सम्मेलन की तरफ से काम करने का अधिकार है।

भारत ने महामारी से निपटने में मदद के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित व्यापार पहलुओं (ट्रिप्स) पर कोई प्रगति नहीं होने को लेकर नाखुशी जताते हुए इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के प्रस्तावित पैकेज में शामिल करने का आह्वान किया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अक्टूबर, 2020 में पहला प्रस्ताव देते हुए कहा था कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम और इलाज में मदद को लेकर सभी डब्ल्यूटीओ सदस्यों को ट्रिप्स समझौते के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन से छूट मिलनी चाहिए। इस साल मई में संशोधित प्रस्ताव दिया गया। बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार पहलुओं पर करार जनवरी, 1995 में लागू हुआ था। यह बौद्धिक संपदा अधिकार कॉपीराइट, औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट और अघोषित सूचना या व्यापार से संबंधित गोपनीय सूचना के संरक्षण से संबंधित बहुपक्षीय समझौता है। एक अधिकारी ने कहा, हमने कोविड-19 महामारी से निपटने को लेकर पेटेंट में छूट समेत डब्ल्यूटीओ के पैकेज पर विचार को लेकर आम परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। डब्ल्यूटीओ यह बैठक 10 जनवरी से शुरू कर सकता है। हमने तुरंत बैठक बुलाने का सुझाव दिया है।

## अक्टूबर-दिसंबर में चीनी उत्पादन 4.75 प्रतिशत बढ़कर 115.70 लाख टन पर

भाषा। नई दिल्ली

**देश का** चीनी उत्पादन 2021-22 के चीनी सत्र की अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 4.75 प्रतिशत बढ़कर 115.70 लाख टन पर पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ (एनएफसीएसएफएल) ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले साल की समान अवधि में चीनी उत्पादन 110.45 लाख टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है।

एनएफसीएसएफएल ने बताया कि 31 दिसंबर, 2021 तक करीब 491 मिलों ने 1,227.17 लाख टन गन्ने की पेराई की थी। यह आंकड़ा इससे पिछले साल की समान अवधि की तुलना में ऊंचा है। देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में अक्टूबर-दिसंबर में चीनी उत्पादन घटकर 30.90 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 33.65 लाख टन था। वहीं दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन बढ़कर 45.75 लाख टन पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान



अवधि में 39.85 लाख टन था। वहीं कर्नाटक में उत्पादन मामूली बढ़कर 24.15 लाख टन से 24.90 लाख टन रहा। समीक्षाधीन अवधि में गुजरात में भी चीनी उत्पादन 3.35 लाख टन से बढ़कर 3.40 लाख टन पर पहुंच गया। आंकड़ों से पता चलता है कि मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तराखंड में भी चीनी उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई। चीनी सत्र 2021-22 में उत्पादन 315 लाख टन रहने का अनुमान है। 2020-21 में यह 311.05 लाख टन रहा था।

## टाइटन की नई स्मार्टवॉच लॉन्च

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े घड़ी निर्माता, टाइटन ने नई स्मार्टवॉच टाइटन स्मार्ट का लॉन्च किया है। ब्राण्ड हमेशा से उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक प्रोडक्ट्स लाता रहा है और इस बार भी ब्राण्ड ने अपने स्मार्ट वियरेबल्स पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह लॉन्च किया है। 8995 रु की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध टाइटन स्मार्ट कई शानदार फीचर्स जैसे फुल टच इमर्सिव क्रिस्टल डिस्प्ले, एलेक्सा बिल्ट-इन, 14 दिन की बैटरी लाईफ (मानक परिस्थितियों में), मल्टी स्पोर्ट्स मोड और 100 से ज़्यादा वॉच फेसेज़ के साथ आती है। यह कई ट्रैकर्स जैसे ब्लड ऑक्सीजन सैचुरेशन, हार्ट रेट मॉनिटर, पीरियड ट्रकर, स्लीप ट्रैकर और स्ट्रैस मॉनिटर के साथ आती है। इसके अलावा यह नोटिफिकेशन एलर्ट, म्युज़िक कंट्रोल, कैमरा कंट्रोल, वैदर एलर्ट और हाइड्रेशन एलर्ट के साथ भी आती है। यह प्रोडक्ट कई आधुनिक फंक्शन्स के साथ आता है जो आज के दौर में फिटनैस के प्रति सजग उपभोक्तओं की सभी ज़रूरतों को पूरा करेंगे। ब्राण्ड ने 13 दिसम्बर को सोशल मीडिया हैण्डल्स पर एक टीज़र भी जारी किया था, जिसे लेकर ब्राण्ड के उपभोक्ताओं में बहुत अधिक जोश और उत्सुकता नज़र आ रही है। टाइटन स्मार्ट 3 रंगों (स्टैऊप्र कलर) वेरिएन्ट्स- ब्लैक, ब्लू और पिंक में उपलब्ध है। स्मार्ट वॉच को टाइटन स्मार्ट वर्ल्ड ऐप से कनेक्ट किया जा सकता है, जो एंड्रोइड वर्ज़न 6.0 या इससे उंचे वर्ज़न; आईओएस वर्ज़न 12.1 या इससे उंचे वर्ज़न के लिए कम्पेटिबल है और यूज़र को शानदार अनुभव देती है। ऐप के ज़रिए यूज़र अपनी सभी एक्टिविटीज़ पर निगरानी रख सकता है।

## पेज एक का शेष

### निर्वाचन आयोग ने टीकाकरण...

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी कुछ दिन पहले यह बात कही थी। पत्र के हवाले से सूत्रों ने बताया कि आयोग ने कहा कि इन राज्यों में जिन चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाता है उन्हें कोविड टीके की दोनों खुराक लगी होनी चाहिए और जो दूसरी खुराक के पात्र हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूसरी खुराक लगवानी चाहिए। उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल मई में समाप्त होगा, वहीं गोवा, मणिपुर और पंजाब विधानसभाओं के कार्यकाल मार्च में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त होने वाले हैं। आयोग इस महीने के पहले पखवाड़े में पांच राज्यों में चुनावों की तारीख का ऐलान कर सकता है। आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के साथ 27 दिसंबर को पांचों राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति का जायजा लिया था और सरकार से इन राज्यों में टीकाकरण कार्यक्रम तेज करने को कहा था। उसने कहा था कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और मणिपुर में ऐसे लोगों की संख्या का प्रतिशत अब भी कम है जिन्होंने टीके की पहली खुराक लगवा ली है, वहीं उत्तराखंड और गोवा में यह शत-प्रतिशत के करीब है। आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव से इन पांच राज्यों में पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक लगवाने की प्रक्रिया तेज करने को कहा था।

### मुंबई से गोवा जा रहे क्रूज...

जिसके बाद इस पर सवार सभी लोगों की जांच करनी जरूरी हो गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए थे कि जब तक आरटी-पीसीआर जांच का नतीजा नहीं आ जाता, तब किसी को जहाज से उतरने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। जहाज मुरगांव पोर्ट क्रूज टर्मिनल के पास खड़ा है। एक निजी कंपनी का यह जहाज रविवार को गोवा के मुरगांव पोर्ट ट्रस्ट पहुंचा था। बाद में राणे ने ट्वीट किया, कॉर्डेलिया क्रूज जहाज से लिए गए 2,000 लोगों के नमूनों में से 66 यात्री कोरोना वायरस से संक्रमित मिले हैं। संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है। गोवा में एक दिन पहले कोविड-19 के 388 नए मामले आए थे और कुल संक्रमितों की संख्या 1,81,570 हो गई, वहीं एक संक्रमित की मृत्यु होने से मृतक संख्या 3,523 हो गई।

### पैंगांग झील पर चीन...

संयोग से, ध्वज को फहराने और पुल के निर्माण के दो दिन बाद दोनों सेनाओं ने एलएसी के पार कुछ सीमा बैठक बिंदुओं पर नए साल पर उपहारों और खुशियों का आदान-प्रदान किया। सूत्रों के अनुसार सोमवार को बताया कि उपग्रह फुटेज से पता चलता है कि यह पुल रणनीतिक रूप से लंबे 135 किलोमीटर महत्वपूर्ण पैंगांग झील के पार है, यह पुल चीनी क्षेत्र में खुर्नक नामक क्षेत्र में झील के संकरे हिस्से में आ रहा है। उन्होंने कहा कि झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों को जोड़ने से चीनियों के लिए दूरी 150 किलोमीटर से अधिक कम हो जाएगी। पुल का निर्माण पूर्व-निर्मित संरचनाओं के साथ किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को पहाड़ी चोटियों सहित दक्षिणी और उत्तरी तटों पर हावी होने के साथ किसी भी लाभ से वंचित करना था। वर्ष 2020 में भारतीय सेना ने गलवान संघर्ष के हफ्तों बाद ऊंचाइयों पर कब्जा कर हावी हो गया था। सूत्रों ने कहा कि पुल बनने से खुर्नक से दक्षिण तट तक रुडोक तक 150 किमी के रास्ते को कम करेगा। उन्होंने कहा कि पुल खुरनाक से रुडोक तक के मार्ग को 170 किलोमीटर के बजाय 40-50 किलोमीटर तक कम कर देगा। चीन के पास 135 किलोमीटर लंबी पैंगांग झील का दो-तिहाई हिस्सा है और बाकी हिस्सा भारत के पास है। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में गतिरोध देखा गया है, जिसमें चीनी दल पैदल और नावों पर आक्रामक तरीके से गश्ती कर रहे हैं।

### कोरोना की तीसरी लहर की...

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामले बढ़कर 1,45,582 हो गए हैं, जबकि राष्ट्रीय कोविड-19 से ठीक हाने वाले मरीजों की दर 98.20 प्रतिशत दर्ज की गई है। पहले के कार्यक्रम के अनुसार, जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च, 2021 होती और बर्फीले राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में यह तिथि एक अक्टूबर, 2020 होती। मार्च 2020 में, जब कोविड लॉकडाउन की घोषणा की गई थी, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त एनपीआर की जनगणना और अद्यतन के पहले चरण के लिए पूरी तरह तैयार थे, जो एक अप्रैल, 2020 से शुरू होने वाला था। भले ही कुछ राज्य सरकारों ने एनपीआर अपडेट का विरोध किया था, लेकिन सभी ने जनगणना की कवायद को पूरा समर्थन दिया था। यद्यपि जनगणना की कवायद में 8,700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान था, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनपीआर अभ्यास के लिए 3,941.35 करोड़ रुपए को मंजूरी दी थी। जनगणना भारत के लोगों की विभिन्न विशेषताओं पर विभिन्न प्रकार की सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा एकल स्रोत है। भारत के लोगों की समृद्ध विविधता वास्तव में दशवार्षिक जनगणना द्वारा सामने आई है जो देश की वास्तविक स्थिति को समझने और अध्ययन करने का एक उपकरण बन गया है। एनपीआर का उद्देश्य देश के प्रत्एक सामान्य निवासी का एक व्यापक पहचान डेटाबेस बनाना है। डेटाबेस में जनसांख्यिकीय के साथ-साथ बायोमेट्रिक विवरण शामिल होंगे। एनपीआर देश के सामान्य निवासियों का एक रजिस्टर है। इसे नागरिकता अधिनियम, 1955 और नागरिकता (नागरिकों का पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करना) नियमावली , 2003 के प्रावधानों के तहत स्थानीय (गांव और उप-नगर), उप-जिला या उप-मंडल, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया जा रहा है। सरकार ने 2015 में रजिस्टर को अपडेट करते समय आधार और उनके मोबाइल नंबर जैसे विवरण मांगे थे। अधिकारियों ने बताया कि इस बार उनके ड्राइविंग लाइसेंस और मतदाता पहचान पत्र से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जा सकती है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने...

गृह मंत्री ने लगातार बदलते आतंकवाद और सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए केंद्र और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया है कि देश की सुरक्षा एजेंसियों, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सशस्त्र बलों की खुफिया शाखा, राजस्व और वित्तीय खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों ने बैठक में भाग लिया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए।

### मुठभेड़ में कुख्यात आतंकी...

अधिकारियों ने बताया कि बोरे से पांच मैगजीन, तीन एके राइफल, सात गोलियों के साथ चार पिस्तौल, पांच पैकेट हेरोइन और कुछ गोला बारूद मिला है। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान बल ने बोरे को देखा, जिस पर कराची फर्टिलाइजर्स कम्पनी लिमिटेड लिखा था। अधिकारियों ने बताया कि अभी तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि खेप को ड्रोन द्वारा गिराया गया या सीमा पार से हथियारों तथा मादक पदार्थों के तस्करों द्वारा इसे यहां लाया गया था।

### केंद्रीय कर्मियों के लिए...

सभी संबंधित विभागों द्वारा तदनुसार एक रोस्टर तैयार किया जा सकता है। उसने कहा कि अवर सचिव स्तर और उससे ऊपर के सभी अधिकारियों को नियमित आधार पर कार्यालय आना होगा। आदेश में कहा गया, जहां तक संभव है बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस से होगी और आगंतुकों के साथ व्यक्तिगत बैठकों से तब तक बचना होगा, जब तक जनहित में बहुत जरूरी नहीं हो।

## वेदांता का एल्युमिनियम उत्पादन तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कास्ट धातु एल्युमिनियम उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 5.79 लाख टन रहा। वेदांता ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2021 में उसका कास्ट धातु एल्युमिनियम उत्पादन 5.79 लाख टन रहा जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। वहीं जुलाई-सितंबर, 2021 की तुलना में यह वृद्धि दो फीसदी अधिक है। वेदांता की लांजीगढ़ रिफाइनरी ने तीसरी तिमाही में 4.72 लाख टन एल्युमिना का उत्पादन किया। वहीं जिंक इंटरनेशनल का कुल उत्पादन 52,000 टन रहा जो अक्टूबर-दिसंबर 2020 की तुलना में 11 फीसदी कम है। कंपनी की गोवा इकाई में कोई उत्पादन नहीं हुआ क्योंकि उच्चतम न्यायालय के फैसले की वजह से राज्य में सभी कंपनियों की खनन गतिविधियों पर रोक लगी हुई है।

# दक्षिण अफ्रीका ने टीम इंडिया को 202 रन पर समेटा

## जेनसन ने चार, कागिसो रबाडा तीन और डुआने ओलीवियर तीन विकेट चटकाए

### ●जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 35 रन बनाए

**भाषा**। जोहानिसबर्ग



चेतेश्वर पुजारा को आउट करने के बाद जश्न मनाते डुआने ओलीवर


अर्धशतक पूरा करने के बाद कप्तान लोकेश राहुल

**मार्को** जेनसन की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने उछाल लेती गेंदों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी को एक बार फिर उजागर करते हुए टीम इंडिया की पहली पारी को 202 रन पर समेटा जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 35 रन बनाकर अपना पलड़ा कुछ भारी रखा। जेनसन ने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाजों कागिसो रबाडा (64 रन पर तीन विकेट) और डुआने ओलीवियर (64 रन पर तीन विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाया।

दिन का खेल खत्म होने से पहले दक्षिण अफ्रीका ने ऐडन मार्कराम (07) का विकेट गंवाया जिन्हें मोहम्मद शमी (15 रन पर एक विकेट) ने पगबाधा आउट किया। स्टंप के समय कीगन पीटरसन और कप्तान डीन एल्गर दोनों जीवनदान का फायदा उठाकर क्रमश: 14 और 11 रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी भारत से 167 रन से पीछे है। भारत की ओर से टेस्ट कप्तान के रूप में पदार्पण कर रहे कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल (133 गेंद में 50 रन, नौ चौके) और रविचंद्रन अश्विन (50 गेंद में 46 रन, छह चौके) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (26) लय में दिखे लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। भारत को मध्यक्रम की नाकामी का एक बार फिर खामियाजा भुगतना पड़ा। चेतेश्वर पुजारा (33 गेंद में तीन रन) और अजिंक्य रहाणे (00) की विफलता का क्रम जारी रहा। लगभग एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हनुमा विहारी (20) भी क्रीज पर पैर जमाने के बाद पवेलियन लौटे। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और शमी ने चौथे ओवर में ही मार्कराम को पगबाधा कर दिया। एल्गर इससे पहले जसप्रीत बुमराह के ओवर में भाग्यशाली रहे जब यह तेज गेंदबाज अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपकने में नाकाम रहा।

पीटरसन भी 12 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब विकेटकीपर ऋषभ पंत ने उनका कैच टपका दिया। इस बार भी दुर्भाग्यशाली गेंदबाज बुमराह ही थे। दिन के खेल के अंतिम लम्हों में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आया और उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। भारत को दुआ करनी होगी कि उनकी चोट अधिक गंभीर नहीं हो और वह कल गेंदबाजी कर पाएं।

भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब नियमित कप्तान विराट कोहली पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न के कारण मैच से बाहर हो गए। राहुल ने मुश्किल परिस्थितियों में पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और अग्रवाल के साथ मिलकर पहले घंटे में मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। अग्रवाल अच्छी लय में दिखे और उन्होंने पांच चौके जड़े। वह हालांकि जेनसन की आफ साइड से बाहर की ओर मूव होती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में विकेटकीपर काइल वेरेने को कैच दे बैठे।

इंग्लैंड के लिए खेलने की उम्मीद छोड़ चुके ओलीवियर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन साल बाद पहला टेस्ट खेलते हुए लगातार गेंदों पर पुजारा और रहाणे को आउट करके लंच तक भारत का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन किया। पुजारा एक बार फिर रन बनाने के लिए जूझते दिखे। उछाल लेती गेंदों के खिलाफ वह असहज नजर आए और अंतत: ओलीवियर की इसी तरह की गेंद पर आउट हुए।

रहाणे ने ओलीवियर की आफ स्टंप के बाहर की पहली ही गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश की और 11वें टेस्ट में इस तेज गेंदबाज का 50वां शिकार बने। कीगन पीटरसन ने स्लिप में उनका आसान कैच लपका। राहुल और विहारी ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। विहारी ने लंच के बाद लुंगी एनगिडी पर चौके के साथ सकारात्मक शुरुआत की। वह हालांकि इसी तेज गेंदबाज के ओवर में भाग्यशाली रहे जब गेंद को हवा में खेल गए लेकिन प्वाइंट पर खड़े तेंबा बावुमा ने आसान कैच टपका दिया।

विहारी और राहुल ने इस बीच कुछ आकर्षक शॉट खेले। एल्गर ने रबाडा को गेंदबाजी में वापसी कराई और उनकी उछाल लेती गेंद ने मेजबान टीम को एक और सफलता दिला दी। गेंद विहारी के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर हवा में उछली और शॉर्ट लेग पर खड़े रेसी वान डेर दुसें ने उनका शानदार कैच लपका। राहुल भी शॉर्ट गेंदों के खिलाफ कुछ मौकों पर असहज दिखे। उन्होंने रबाडा पर चौके और फिर एनगिडी पर एक रन के साथ 128 गेंद में 13वां अर्धशतक पूरा किया। राहुल अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद जेनसन की आफ साइड से बाहर की गेंद को पुल करने की कोशिश में बाउंड्री पर रबाडा को कैच दे बैठे। पंत (17) और अश्विन ने चाय तक भारत को और झटके नहीं लगने दिए। अश्विन ने एनगिडी पर दो चौकों के साथ शुरुआत की और फिर जेनसन और केशव महाराज की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

चाय के विश्राम के बाद पंत ने जेनसन की गेंद पर विकेटकीपर को कैच थमाया जबकि शारदुल ठाकुर अगले ओवर में खाता खोले बिना ओलीवियर की गेंद पर स्लिप में पीटरसन को कैच दे बैठे। अश्विन ने रबाडा और ओलीवियर की गेंद को बाउंड्री तक पहुंचाया लेकिन शमी (09) ने रबाडा को उन्हीं की गेंद पर कैच थमा दिया। अगले ओवर में अश्विन भी जेनसन की गेंद को हवा में लहराकर पीटरसन के हाथों लपके गए। बुमराह (नाबाद 14) ने रबाडा के ओवर में दो चौकों और छक्के के साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन इस तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में मोहम्मद सिराज (01) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराके भारतीय पारी का अंत किया।

**स्कोर बोर्ड**

**भारत पहली पारी:** लोकेश राहुल का रबादा बो जेनसन 50, मयंक अग्रवाल का काइल वेरेने 26, चेतेश्वर पुजारा का बावुमा बो ओलीवियर 03, अजिंक्य रहाणे का पीटरसन बो ओलीवियर 00, हनुमा विहारी का वान डेर दुसें बो रबाडा 20, ऋषभ पंत का वेरेने बो जेनसन 17, रविचंद्रन अश्विन का पीटरसन बो जेनसन 46, शारदुल ठाकुर का पीटरसन बो ओलीवियर 00, मोहम्मद शमी का एवं बो रबाडा 09, जसप्रीत बुमराह नाबाद 14, मोहम्मद सिराज का वेरेने बो रबाडा 01

अतिरिक्त: 16

कुल: 63.1 ओवर में सभी विकेट खोकर: 202 रन

विकेट पतन: 1-36, 2-49, 3-49, 4-91, 5-116, 6-156, 7-157, 8-185, 9-187

गेंदबाजी: रबाडा 17.1-2-64-3, ओलीवियर 17-1-64-3, एनगिडी 11-4-26-0, जेनसन 17-5-31-4, महाराज 1-0-6-0

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी:** डीन एल्गर खेल रहे हैं 11, ऐडन मार्कराम पगबाधा बो शमी 07, कीगन पीटरसन खेल रहे हैं 14

अतिरिक्त: 03

कुल: 18 ओवर में एक विकेट पर: 35 रन

विकेट पतन:1-14

गेंदबाजी: बुमराह 8-3-14-0, शमी 6-2-15-1, सिराज 3.5-2-4-0, शारदुल 0.1-0-0-0

## विराट कोहली पीठ के ऊपरी हिस्से में दर्द के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**जोहानिसबर्ग**। भारतीय कप्तान विराट कोहली सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेल शुरू होने से ठीक पहले पीठ के ऊपरी हिस्से में दर्द के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। उपकप्तान केएल राहुल, कोहली की जगह मैच में टीम का कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने टॉस के समय कहा कि कोहली के 11 जनवरी से शुरु होने वाले श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। टॉस के लिए मैदान में उतरे राहुल ने कहा कि विराट कोहली के पीठ के ऊपरी हिस्से में दर्द है। वह फिजियो की निगरानी में हैं और उम्मीद है अगले टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। बल्लेबाजी हरफनमौला हनुमा विहारी को उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। बल्लेबाजी में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे 33 साल कोहली अब केपटाउन में श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में अपना ऐतिहासिक 100 वां टेस्ट पूरा नहीं कर पाएंगे। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 जनवरी से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में खेलगे। सीमित ओवर प्रारूप के नए कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में राहुल इस श्रृंखला में भी टीम का कमान संभालेंगे। बीसीसीआई ने बाद में एक बयान भी जारी कर बताया कि जसप्रीत बुमराह इस मैच में उपकप्तान होंगे। बुमराह को इस दौरे पर एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान यह भूमिका निभानी है। भारतीय टीम के कार्यक्रम के अनुसार अगर सब कुछ ठीक रहा तो कोहली को अब फरवरी में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा।

# गेटाफे ने रोका रीयल मैड्रिड का अजेय अभियान, बार्सिलोना जीता



गेटाफे में रीयल मैड्रिड के बीच खेले गए ला लीगा सॉकर मैच के दौरान फ्री किक के दौरान कूदते हुए गेटाफे के खिलाड़ी

**एपी**। बार्सिलोना

**रीयल** मैड्रिड का पिछले तीन महीनों और सभी प्रतियोगिताओं में 15 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान रविवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में गेटाफे के हाथों 1-0 गोल की हार के साथ ही थम गया।

लीग में शीर्ष पर चल रहे रीयल मैड्रिड की टीम दो सप्ताह के अवकाश के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। गेटाफे के स्ट्राइकर इनेस उनाल ने नौवें मिनट में डिफेंडर एडेर मिलिताओ से गेंद छीनी और थिबौट कोर्टिस को छकाकर गोल दागा। उसने इसके बाद आखिर तक अपनी इस बढ़त को कायम रखा। इस हार के बावजूद रीयल मैड्रिड ने दूसरे स्थान पर काबिज सेविला पर आठ अंक की बढ़त बना रखी है।

रीयल मैड्रिड ने इससे पहले अपना आखिरी मैच तीन अक्टूबर को गंवाया था। इसके बाद उसने सभी प्रतियोगिताओं में 13 मैच जीते और दो मैच ड्रा करवाए थे। इस बीच बार्सिलोना ने 10 खिलाड़ियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बावजूद मालोर्का को 1-0 गोल से हराया।

## चेल्सी और लिवरपूल का मैच ड्रा छूटा


चेल्सी के लिए दूसरा गोल करते क्रिस्टियन पुलिसिच

**लंदन**। चेल्सी ने शुरू में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके लिवरपूल को प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में 2-2 गोल से ड्रा पर रोका जिसका सीधा फायदा मैनचेस्टर सिटी को मिला। इस मैच के परिणाम के बाद शीर्ष पर काबिज सिटी की दूसरे नंबर के चेल्सी पर बढ़त 10 अंक की हो गई है। सिटी के 21 मैचों में 53 जबकि चेल्सी के इतने ही मैचों में 43 अंक हैं। लिवरपूल 20 मैचों में 42 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। लिवरपूल ने साडियो माने (नौवें मिनट) और मोहम्मद सलाह (26वें मिनट) के गोल से पहले आधे घंटे में ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। चेल्सी की तरफ से मैटियो कावोसिच ने 42वें मिनट में पहला गोल दागा जबकि क्रिस्टियन पुलिसिच ने इंजुरी टाइम में गोल करके मध्यांतर से पहले ही अपनी टीम को बराबरी दिला दी थी। अन्य मैचों में ब्राइटन ने एलेक्सिस मैक एलिस्टर के दो गोल की मदद से एवर्टन को 3-2 से, ब्रेंटफोर्ड ने एस्टन विला को 2-1 से और लीड्स ने बर्नले को 3-1 गोल से पराजित किया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैं रमिता देवी पत्नी मुनिश कुमार निवासी म.न. सी-1/7, ए 3rd सी मंजिल गलैक्सी अपार्टमेंट, नजदीक मैटरो पीलर न. 744 मोहन गार्डन वेस्ट दिल्ली 110059 ने अपना नाम रमिता देवी से बदलकर रमिता शर्मा रख लिया है।

PD( PD(9131)A

## कोविड के नए मामलों के कारण आईलीग छह हफ्ते के लिए निलंबित

**भाषा**। कोलकाता

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रतिभागी टीमों के बीच कोविड-19 के मामले बढ़ने के कारण सोमवार को आईलीग को कम से कम छह हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया। पता चला है कि नवीनतम परीक्षण के बाद कोविड-19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 45 हो गई है जिसके कारण एआईएफएफ ने आईलीग को छह हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया।

एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा कि लीग समिति ने सभी प्रतिभागी क्लबों की सर्वसम्मति से डॉ. हर्ष महाजन (एआईएफएफ खेल चिकित्सा समिति के सदस्य) के सुझाव पर मौजूदा हीरो आईलीग 2021-22 को कम से कम छह हफ्ते के लिए स्थगित करने के फैसले को स्वीकृति दे दी है।

# बंगाल रणजी टीम के सात सदस्यों को कोरोना

**भाषा**। कोलकाता

**बंगाल** रणजी टीम के सात सदस्यों का कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया है जिससे उसकी देश की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता की तैयारियों को करारा झटका लगा है। बंगाल को विदर्भ, राजस्थान, केरल, हरियाणा और त्रिपुरा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वह अपना पहला मैच 13 जनवरी से बेंगलुरू में त्रिपुरा के खिलाफ खेलेगा।

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव स्नेहाशीष गांगुली ने बयान में कहा, महामारी की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए बंगाल क्रिकेट संघ ने सुरक्षा उपाय के तौर बंगाल के सभी क्रिकेटरों के आरटीपीसीआर परीक्षण करवाए थे।

उन्होंने कहा कि परिणाम आ गए हैं तथा कुछ खिलाड़ियों का परीक्षण पॉजिटिव आया है। सीएबी इस संबंध में हर तरह की जरूरी सावधानियां बरत रहा है। सूत्रों के अनुसार छह खिलाड़ियों सुदीप चटर्जी, अनुस्तुप मजूमदार, काजी जुनैद सैफी, गीत पुरी, प्रदीप्त प्रमाणिक, सुरजीत यादव और सहायक कोच सौराशीष लाहिड़ी को वायरस से संक्रमित पाया गया है। सातों सदस्य रविवार को साल्ट लेक में जाधवपुर विश्वविद्यालय में टीम के बीच आपस में खेले गए मैच के दौरान उपस्थित थे।

सूत्रों ने कहा कि वे कोविड के किस स्वरूप से संक्रमित हैं इसका पता अभी नहीं चल पाया है। दिशानिर्देशों के अनुरूप उन्हें अलग थलग कर दिया गया है।

इस नए घटनाक्रम के कारण बंगाल का पृथ्वी सॉव की अगुवाई वाली मुंबई टीम के खिलाफ होने वाला दो दिवसीय अभ्यास मैच रद्द कर दिया गया है। अभी यह तय नहीं है कि बंगाल दूसरे अभ्यास मैच में भाग लेगा या नहीं।

सीएबी ने सभी स्थानीय टूर्नामेंट को रोकने का भी फैसला किया है और कोविड-19 की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई है।

## मुंबई के आलराउंडर शिवम दुबे और वीडियो विश्लेषक कोविड से संक्रमित

**मुंबई**। मुंबई के आलराउंडर शिवम दुबे और टीम के वीडियो विश्लेषक का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है। दुबे के स्थान पर साईराज पाटिल को मुंबई की 20 सदस्यीय रणजी टीम में शामिल किया गया है।

मुंबई की टीम से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को कहा कि हां, दो सदस्यों का कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया है तथा दुबे की जगह साईराज पाटिल को टीम में शामिल किया गया है। दुबे ने अब तक भारत के लिए एक वनडे और 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को महाराष्ट्र और दिल्ली के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए मुंबई की शुरुआती टीम में शामिल किया गया था। रणजी ट्राफी में 41 बार के चैंपियन मुंबई को एलीट ग्रुप सी में रखा गया है। और वह अपने लीग मैच कोलकाता में खेलेगा।

# बेन स्टोक्स ने इंग्लैंड की कप्तानी करने की मंशा से किया इनकार

**भाषा**। सिडनी



**इंग्लैंड** के हरफनमौला बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना का सामना कर रहे कप्तान जो रूट और कोच सिल्वरवुड का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी कप्तानी करने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। मौजूदा एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रूट और सिल्वरवुड को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा है। आस्ट्रेलिया में खेली जा रही श्रृंखला में मेहमान टीम 0-3 से पीछे है।

इस दौरान जेफ्री बॉयकॉट, माइकल एथरटन, इयान चैपल और रिकी पोंटिंग ने खराब कप्तानी के लिए रूट की आलोचना की। इंग्लैंड के उप-कप्तान स्टोक्स ने यहां पत्रकारों से कहा, कप्तान बनने की मेरी कभी कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही है। बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले इस 30 साल के खिलाड़ी ने रूट के पितृत्व अवकाश पर जाने के कारण इससे पहले एक टेस्ट में इंग्लैंड का नेतृत्व किया था।

साल 2020 में उनकी टीम को इस मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने पिछले साल कोविड-19 के प्रकोप के कारण पूरी टीम के बदलने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में टीम का नेतृत्व किया। इंग्लैंड ने इस श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया था। स्टोक्स ने कहा कि कप्तानी का मतलब क्षेत्ररक्षण सजावट, टीम चुनना, मैदान के बीच में ही निर्णय लेना है। एक कप्तान वह होता है जिसके लिए आप मैदान में जाकर खेलना चाहते हैं। जो रूट ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके लिए मैं हमेशा खेलना चाहता हूं।

एशेज के अगले मैच में बुधवार को रूट इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले यह रिकॉर्ड एलिस्टेयर कुक के नाम था जिन्होंने 59 मैचों में टीम का नेतृत्व किया है। रूट बल्ले से शानदार लय में चल रहे है और स्टोक्स ने उनका बचाव करते हुए कहा कि यह (कप्तानी छोड़ना) पूरी तरह से उनका फैसला होना चाहिए। उसे ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mr. Jitender ("Borrower") for Property bearing No. A-45, (Back Side), 40 Sq.Yds., Kharsa No. 547, Village Nawada Colony known as Rama Park, in Block-A, New Delhi ("**Said Property**") who intends to buy the said property from Mr. Naresh Srivastava & Mrs. Nisha Srivastava by availing a loan from our Client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mrs. Jasbir Kaur and Mr. S. Malkeet Singh Pahwa are joint owners of Property /Municipal No. WZ-239, area measuring 100 sq., yds., built on Southern Portion of Plot No. G-133, part of Khasra No. 839 and 840. Situated in the area of Village-Tihar, Colony Known as G-Block, Hari Nagar, New Delhi; "the said property" by virtue of two separate sale deeds dated 26.02.2020, registration No. 4320, and sale deed dated 26.02.2020, registration No. 4321, both sale deeds executed by Mr. Devinder Singh, All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property, to Mrs. Balvinder Kaur who is taking Loan from ICICI Bank Ltd., for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners its title /sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. that Mr. Rajinder Singh was the owner of Flat Bearing No. 52-B, on First Floor, in Block-B, Category-Janta, situated at Shalimar Bagh, New Delhi, the said property, by virtue of Conveyance Deed dated 22.10.2008, registration No. 21642, after demise of Late Mr. Rajinder Singh his surviving member Mrs. Gurpreet Kaur is claiming ownership of the said property as legal heirs on the basis of SMC, and registered will dated 20.03.2009, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned legal heir want to sell the said property, to Mrs. Aurender Kaur who is taking Loan facility from ICICI Bank Ltd., for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the claiming ownership of Mrs. Gurpreet Kaur its Sale /Mortgage/ litigation, and any kind of objections kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**





श्री गोलन मेहता पुत्र श्री राजीव मेहता निवासी क्यूं-235, जलवायु विहार, सेक्टर-21, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, (उ0प्र0) एवं सुश्री Ms. Maria Rossan Billo-An Dongque D/o Mr. Paulina Billo-An Dongque R/o 10, Amity Street Capitol Estates-2 Batasan Hills, Quezon City, 1226 Philippines वर्तमान निवासी क्यूं-235, जलवायु विहार, सेक्टर-21, नोएडा ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया है।

इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 27.01.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

नगर मजिस्ट्रेट/
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

# पाक दक्षेस सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार

## भारत डिजिटल के जरिए शामिल हो सकता है: कुरैशी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश 19वें दक्षेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है और भारतीय नेतृत्व यदि इस्लामाबाद आने को इच्छुक नहीं है, तो यह पड़ोसी देश (भारत) इसमें डिजिटल माध्यम से शामिल हो सकता है।

विदेश मंत्रालय की 2021 की उपलब्धियों को बयां करने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में कुरैशी ने भारत पर शिखर बैठक के लिए इस्लामाबाद आने से इनकार कर अपनी हठधर्मिता के जरिए क्षेत्रीय सहयोग के लिए दक्षिण एशियाई संगठन (दक्षेस) को निष्क्रिय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं 19वें दक्षेस शिखर सम्मेलन के लिए फिर से न्योता देता हूं। यदि भारत इस्लामाबाद आने को इच्छुक नहीं है तो वह डिजिटल माध्यम से इसमें शामिल हो सकता है लेकिन उसे अन्य देशों को इसमें शरीक होने से नहीं रोकना चाहिए।

दक्षेस, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका का एक क्षेत्रीय संगठन है। यह 2016 से बहुत प्रभावी नहीं रहा है और इसकी शिखर बैठक 2014 (काठमांडू) के बाद नहीं हुई है। दक्षेस शिखर सम्मेलन पर कुरैशी का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा पिछले महीने यह उम्मीद जताए जाने के बाद आया है कि उनका देश शिखर सम्मेलन की राह में पैदा किए गए कृत्रिम अवरोध को हटाए जाने के बाद इस बैठक की मेजबानी करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2016 में दक्षेस शिखर सम्मेलन मूल रूप से 15 से 19 नवंबर के बीच इस्लामाबाद में आयोजित किए जाने की योजना थी। लेकिन जम्मू कश्मीर के उरी में उस साल 18 सितंबर को भारतीय थल सेना के एक शिविर पर आतंकी हमले के बाद भारत ने मौजूदा परिस्थितियों के चलते सम्मेलन में भाग लेने में अपनी असमर्थता जताई थी। बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान द्वारा इस्लामाबाद सम्मेलन में भाग लेने से इनकार करने के बाद इसका आयोजन रद्द कर दिया गया था। कुरैशी ने 2021 में भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों में कोई बदलाव नहीं होने का जिक्र करते हुए दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की संभावना को बिगाड़ने के लिए भारत में हिंदुत्ववादी सोच के वर्चस्व को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, भारत के साथ 2021 में संबंधों में कोई प्रगति नहीं हुई। हमारे विचार से, हाल के वर्षों में आक्रामक हिंदुत्व व्यवहार से क्षेत्रीय सहयोग प्रभावित हुआ है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत सहित सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है लेकिन संबंधों में सुधार करने की जिम्मेदारी भारत की है। कुरैशी ने कहा कि भारत के साथ शांति कश्मीर मुद्दे का हल किए बगैर संभव नहीं है।

चीन और अमेरिका के बीच कथित शीत युद्ध के बारे में एक सवाल के जवाब में कुरैशी ने का कि पाकिस्तान की नीति स्पष्ट है और वह किसी खेमे का हिस्सा नहीं बनेगा।

## भ्रष्टाचार, यौन अपराध मुस्लिम जगत के समक्ष मुख्य समस्याएं: इमरान खान

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि बढ़ता भ्रष्टाचार और यौन अपराध मुस्लिम जगत के समक्ष दो मुख्य समस्याएं हैं। खान ने रविवार को दुनिया के शीर्ष मुस्लिम विद्वानों के साथ रियासत-ए-मदीना: इस्लाम, समाज और नैतिक पुनरुत्थान विषय पर एक परिचर्चा के दौरान यह बात कही, जिसका आयोजन हाल में गठित नेशनल रहमतुल-लिल-आलमीन अथॉरिटी द्वारा किया गया था। खान ने पिछले वर्ष अक्टूबर में एनआरएए का गठन यह शोध करने के लिए किया था कि पैगंबर के जीवन से सबक को जनता तक कैसे पहुंचाया जाए। विद्वानों ने इस बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए कि कैसे युवाओं को उनकी आस्था और धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के आक्रमण से बचाया जा सकता है। खान ने परोक्ष तौर पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाज में दो तरह के अपराध होते हैं, एक भ्रष्टाचार और दूसरा यौन अपराध। हमारे समाज में यौन अपराध तेजी से बढ़े हैं, यानी बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न तथा इस तरह की केवल एक प्रतिशत घटनाएं ही दर्ज हो पाती हैं। खान ने कहा कि मेरा मानना है कि समाज को अन्य 99 प्रतिशत (अपराधों) से लड़ना होगा। भ्रष्टाचार के मामले में भी ऐसा ही है... समाज को भ्रष्टाचार को अस्वीकार्य बनाना होगा। दुर्भाग्य से, जब आपके पास ऐसा नेतृत्व होता है जो समय के साथ भ्रष्ट हो जाता है, तो वे भ्रष्टाचार को स्वीकार्य बना देते हैं। शरीफ (72) नवंबर 2019 से लंदन में हैं, जब लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें इलाज के लिए चार सप्ताह के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ की बेटी मरियम और दामाद मुहम्मद सफदर को 6 जुलाई, 2018 को एवेनफील्ड संपत्ति मामले में दोषी ठहराया गया था।




टोक्यो के पास कावासाकी में कावासाकी दाइशी बौद्ध मंदिर में सोमवार को वर्ष की अपनी पहली यात्रा के दौरान सौभाग्य के लिए प्रार्थना करते श्रृद्धालु

# राजनीतिक गतिरोध के बीच सूडान के पीएम अब्दुल्ला हमदोक ने दिया इस्तीफा

एपी। काहिरा



**सूडान** के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक ने सैन्य तख्तापलट के बाद पैदा हुए राजनीतिक गतिरोध और व्यापक लोकतंत्र समर्थक विरोध के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफे देने की घोषणा कर दी।

संयुक्त राष्ट्र के पूर्व अधिकारी हमदोक को सूडान की सत्ता हस्तांतरण सरकार में आमजन का एक चेहरा माना जाता था। अक्टूबर में सेना द्वारा किए गए तख्तापलट के बाद एक समझौते के तहत उन्हें उनके पद पर दोबारा नियुक्त किया गया था। उस समय वह अपने मंत्रिमंडल का गठन करने में नाकाम रहे थे और अब उनके इस्तीफे ने सूडान को सुरक्षा एवं आर्थिक चुनौतियों के बीच राजनीतिक अनिश्चितता में डाल दिया है।

हमदोक ने रविवार को टेलीविजन के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए सत्ता हस्तांतरण की अवधि के लिए बने 2019 संवैधानिक दस्तावेज के अनुरूप लोकतंत्र बहाल करने के लिए राष्ट्रीय घोषणापत्र पर सहमत होने और एक मसौदा तैयार करने के वास्ते वार्ता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनके पद छोड़ने से किसी अन्य व्यक्ति को राष्ट्र का नेतृत्व करने और देश में लोकतंत्र बहाल करने का मौका मिलेगा। हालांकि उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा नहीं की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक ताकतों के बीच बढ़ती खाई को पाटने और विवादों को निपटाने के उनके प्रयास विफल रहे। उन्होंने आगाह किया कि सैन्य तख्तापलट के बाद से जारी राजनीतिक गतिरोध एक बड़ा संकट बन सकता है और यह देश की पहले से ही संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने देश को एक बड़ी विपत्ति से बचाने के लिए यथासंभव प्रयास किए। अब, हमारा राष्ट्र एक खतरनाक मोड़ से गुजर रहा है और यदि इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, जो इसका अस्तित्व खतरे में आ सकता है।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच सूडान के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक को पिछले महीने एक समझौते के तहत पद पर पुन: बहाल किया गया था। समझौते के तहत देश में हमदोक के नेतृत्व में सेना के निरीक्षण के अंतर्गत एक स्वतंत्र कैबिनेट का प्रस्ताव रखा गया था। बहरहाल इस समझौते को लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों ने खारिज कर दिया था और बदलाव के साथ पूर्ण रूप से एक अलग सरकार की मांग की है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति बोल्सोनारो अस्पताल में



साओ पाउलो (**ब्राजील**)। ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को पेट में दर्द की शिकायत के बाद सोमवार तड़के साओ पाउलो के एक अस्पताल ले जाया गया। माना जाता है कि उनकी आंतों में कुछ समस्या है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। ग्लोबो ने खबर दी है कि बोल्सोनारो नए साल की छुट्टियां मनाकर रात में ब्राजील की राजधानी लौटे और उन्हें फौरान अस्पताल विला नोवा स्टार ले जाया गया। ग्लोबो ने बोल्सोनारो के डॉक्टर एंतोनियो लुइज़ मैसेडो के हवाले से खबर दी है कि राष्ट्रपति के पेट में दर्द है। वर्ष 2018 में एक राजनीतिक रैली के दौरान बोल्सोनारे को चाकू घोंपा गया था, जिसके बाद मैसेडो ने उनका ऑपरेशन किया था। ग्लोबो ने बताया है कि मैसेडो छुट्टी मनाने के लिए बहामास गए हुए थे और बोल्सोनारो को देखने के वास्ते ब्राजील लौटने के लिए उड़ान का इंतजार कर रहे थे। राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान बोल्सोनारो को चाकू घोंपे जाने के बाद उनके पेट का कई बार ऑपरेशन किया गया है। पिछले साल जुलाई में गंभीर रूप से हिचकी आने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## यमन के विद्रोहियों ने अमीरात के जहाज पर कब्जा किया

**दुबई**। पश्चिम एशिया में तनाव के एक और संकेत के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में संयुक्त अरब अमीरात के झंडे लगे एक पोत पर कब्जा कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं ईरान के जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की बरसी के अवसर पर हैकरों ने यरुशलम पोस्ट नामक एक प्रमुख इजराइली अखबार की वेबसाइट को निशाना बनाते हुए उसे हैक कर लिया। रवाबी नामक पोत पर कब्जा किया जाना लाल सागर में नवीनतम हमला है। यह मार्ग अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है हालांकि इजराइली अखबार की वेबसाइट को हैक करने की जिम्मेदारी अभी तक किसी समूह ने नहीं ली है।

## उत्तरी ताइवान में भूकंप के तेज झटके

**ताइपे**। ताइवान के उत्तरी भाग में सोमवार की शाम भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। फिलहाल कहीं से जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है और उसका केन्द्र द्वीप के पूर्वी तट में हुआलीन शहर के पूर्व में समुद्र तल से 28.7 किलोमीटर की गहराई में था। राजधानी ताइपे में भूकंप के झटके से भवन की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का झटका तेज होने के बावजूद इससे कम नुकसान होने का अनुमान है।

## अमेरिका के दक्षिण हिस्से में तूफान से भारी नुकसान

अलबामा (**अमेरिका**)। अमेरिका के दक्षिणी हिस्सों में भीषण तूफान के कारण भारी नुकसान हुआ है। तूफान के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और कई इलाकों में बिजली गुल हो गई तथा तेज हवाओं के कारण बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ कर गिर गए। अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका के दक्षिणी हिस्से में शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक तूफान का प्रकोप बना रहा। बिजली के तारों के गिरने और घरों को नुकसान होने के बाद अधिकारियों ने हेज़ल ग्रीन, अलबामा में सड़कें बंद कर दीं। मैडिसन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने ऑनलाइन तस्वीरें साझा कीं, जिसमें एक बिजली का खंभा भी टूटा हुआ दिखाई दे रहा है। अधिकारियों के मुताबिक तूफान के कारण हेज़ल ग्रीन में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हुआ है। तूफान के कारण मैडिसन, मॉर्गन कुलमैन, मार्शल, जैक्सन, डीकाल्ब, लाइमस्टोन, फ्रैंकलिन और लॉरेंस काउंटी में भी नुकसान हुआ है।



हांगकांग में सांसदों के पास हांगकांग में विधान परिषद के शपथ ग्रहण समारोह के बाद की तस्वीरें

## बगदाद हवाई अड्डे पर गठबंधन सेना ने दो ड्रोन मार गिराए

एपी। बगदाद

अमेरिका नीत गठबंधन के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को इराक के बगदाद में हथियारों से लैस दो ड्रोन को नष्ट कर दिया गया है। घटना से किसी भी नुकसान या किसी के जख्मी होने की कोई सूचना नहीं है। इसकी पुष्टि इराकी सुरक्षा के एक अधिकारी ने भी की है। इराक में इस्लामिक स्टेट समूह से लड़ रहे अमेरिकी नीत अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के अधिकारी ने को बताया कि बगदाद डिप्लोमेटिक सपोर्ट सेंटर में सी-आरएएम रक्षा प्रणाली ने दो आत्मघाती ड्रोनों को मार गिराया।

# महामारी कैसे खत्म होगी? ओमीक्रोन ने इसके जल्द खत्म होने पर खड़े किए सवाल

## दुनिया को एक ऐसे वायरस के साथ जीना होगा, जो जल्द खत्म नहीं होने वाला

एपी। वाशिंगटन

**महामारी** अंतत: समाप्त हो जाती है, भले ही ओमीक्रोन इस प्रश्न को जटिल बना रहा हो कि मौजूदा मामले में यह कब होगा। यह बिजली के स्विच को ऑन-ऑफ करने जैसा नहीं होगा और दुनिया को एक ऐसे वायरस के साथ सह-अस्तित्व सीखना होगा जो खत्म होने नहीं जा रहा है।

अति-संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप मामलों को सर्वकालिक उच्च स्तर पर ले जा रहा है और फिर से प्रसार को रोकने की कोशिश में जुटी थकी हुई दुनिया संघर्ष के रूप में अराजकता पैदा कर रही है, लेकिन इस बार हम नए सिरे से शुरुआत नहीं कर रहे हैं। टीके भले ही संक्रमण को पूरी तरह न रोक पाएं लेकिन वे गंभीर बीमारी से मजबूत सुरक्षा प्रदान करते हैं।

ओमीक्रोन पहले के कुछ प्रकारों की तरह घातक नहीं लगता और जो लोग इससे बचे रहे हैं उन्हें टीके से वायरस के उन अन्य रूपों के खिलाफ सुरक्षा मिलेगी जो अभी फैल रहे हैं - और शायद अगला स्वरूप कोई आता है तो उससे भी उबरने के लिए मदद मिलेगी। एल स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्बर्ट को ने कहा कि जब तक हम वास्तव में एंडगेम (महामारी के अंतिम चरण) के बारे में गंभीर नहीं हो जाते नवीनतम संस्करण एक चेतावनी है कि क्या होता रहेगा।

को ने कहा कि निश्चित रूप से कोविड हमेशा हमारे साथ रहेगा। उन्होंने कहा, हम कभी कोविड को मिटाने या खत्म करने में सक्षम नहीं होंगे, इसलिए हमें अपने लक्ष्यों की पहचान करनी होगी। किसी बिंदु पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) यह निर्धारित करेगा कि कब उचित संख्या में देशों ने अपने कोविड-19 मामलों- या कम से कम अस्पताल में भर्ती होने वालों अथवा जान गंवाने वालों की संख्या- को पर्याप्त रूप से कम कर दिया है जिससे महामारी को आधिकारिक तौर पर खत्म हो चुकी घोषित किया जा सके। वास्तव में वह सीमा क्या होगी यह स्पष्ट नहीं है।

ऐसा होने पर भी दुनिया के एक हिस्से में महामारी के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा- विशेषकर कम आय वाले देशों या जहां टीके व उपचार की सुविधा नाकाफी है- जबकि अन्य देश ज्यादा सुगमता से उस दिशा में बढ़ेंगे जिसे वैज्ञानिक महामारी का अंतिम चरण कहते हैं। हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के संक्रामक रोग विशेषज्ञ स्टीफन किस्लर ने कहा कि वे अस्पष्ट भेद हैं। वह अंतिम चरण को कोविड-19 से निपटने के लिए किसी प्रकार की स्वीकार्य स्थिर स्थिति तक पहुंचने के रूप में परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि ओमीक्रोन संकट दर्शाता है कि हम अभी तक वहां नहीं पहुंचे हैं लेकिन मेरा मानना है कि हम उस स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां सार्स-सीओवी-2 भी स्थानिक होगा जैसे फ्लू एक स्थानिक रोग है। तुलना के लिए, कोविड-19 ने दो वर्षों में आठ लाख से अधिक अमेरिकियों की जान ले ली जबकि फ्लू से आमतौर पर प्रति वर्ष 12,000 से 52,000 के बीच लोगों की जान जाती है। जॉन्स हॉपकिन्स सेंटर फॉर हेल्थ सिक्योरिटी के एक वरिष्ठ अध्एता डॉ. अमेश अदलजा ने कहा, यह उस बिंदु पर फिर से नहीं जा रहे हैं जहां यह 2019 में था। हमें लोगों की जोखिम सहनशीलता के बारे में सोचने के लिए समय मिला है।

## ब्राजीलियाई स्वास्थ्य एजेंसी ने क्रूज पोत पर 28 मामलों की पुष्टि की

ब्रासीलिया (**ब्राजील**)। ब्राजील के स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने क्रूज पोत एमएससी प्रेजिओसा पर सवार 28 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि की है, जिसके कारण इस पोत के यात्रियों को रियो डी जनेरियो पर उतरने के लिए छह घंटे से अधिक इंतजार करना पड़ा। संक्रमित पाए गए 28 लोगों में से 26 यात्री और दो चालक दल के सदस्य हैं। रियो के स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने एक बयान में कहा कि जो लोग संक्रमित पाए गए हैं, उनमें से रियो या निकटवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोग घर में पृथक-वास में रह सकते हैं। अन्य लोगों को पहले होटल में पृथक-वास में रहना होगा। प्राधिकारियों ने यह नहीं बताया कि होटल का खर्च कौन वहन करेगा। संघीय स्वास्थ्य नियामक अनविसा ने निरीक्षण के बाद एमएससी प्रेजिओसा को संचालन की अनुमति दे दी। अन्य लोग बाहिया में उतरने का इंतजार कर रहे है। यह पोत ब्राजीलियाई रिसॉर्ट बुजिओस से रवाना हुआ था। महामारी वैज्ञानिक और ब्राजील के साबिन वैक्सीन इंस्टीट्यूट की उपाध्यक्ष डेनिस गैरेट ने कहा कि क्रूज पोतों पर वातावरण संक्रमण फैलने के लिए बहुत अनुकूल होता है। उन्होंने कहा कि हजारों लोग भीतर साथ रहते हैं और ऐसी यात्राओं से हर कीमत पर बचा जाना चाहिए।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन कोरोना से संक्रमित



**वाशिंगटन**। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और उनमें संक्रमण के मामूली लक्षण हैं। ऑस्टिन ने रविवार रात एक बयान में अपने संक्रमित होने की जानकारी दी और बताया कि वह पृथक-वास में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में जितना संभव हो सकेगा , वह उतनी बैठकों में डिजिटल माध्यम से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने राष्ट्रपति जो बाइडन और मेरी टीम को मेरे संक्रमित पाए जाने की जानकारी दे दी है। ऑस्टिन ने कहा कि मेरे स्टाफ के कर्मियों ने मेरे संपर्क में आए लोगों का पता लगाना शुरू कर दिया है और उन सभी लोगों की जांच की जा रही है, जो पिछले सप्ताह मेरे संपर्क में आए थे। ऑस्टिन (68) ने बताया कि उनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और उन्होंने अक्टूबर में बूस्टर खुराक भी ली थी। उन्होंने कहा कि टीके लाभकारी हैं, मैं सभी को बूस्टर खुराक लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

## पाक के महाराजा परमहंस जी मंदिर में 200 से ज्यादा हिन्दूओं ने दर्शन किए

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के करीब 100 साल पुराने महाराजा परमहंस जी मंदिर में दर्शन कर 200 हिन्दू तीर्थयात्री आह्लादित हो गए। रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने दर्शन किए। इस मंदिर को एक साल पहले एक कट्टरपंथी इस्लामिस्ट पार्टी से जुड़ी भीड़ ने ध्वस्त कर दिया था और मरम्मत के बाद इसे फिर से खोला गया है। डॉन अखबार के अनुसार, हिन्दुओं के एक जत्थे ने अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित मंदिर में रविवार को दर्शन किए। जत्थे में भारत से करीब 200 श्रद्धालु, दुबई से 15 और बाकी सदस्य अमेरिका और खाड़ी देशों से थे।

खैबर-पख्तूनख्वा के करक जिले के तेरी गांव में स्थित इस मंदिर और परमहंस जी की समाधि को 2020 में गुस्साई भीड़ ने तोड़ दिया था। वहां एक साल से मरम्मत का काम चल रहा था। भारतीय तीर्थयात्रियों ने लाहौर के पास वाघा सीमा से पाकिस्तान में प्रवेश किया, उन्हें सशस्त्र बलों की निगरानी में मंदिर तक ले जाया गया। खबर के अनुसार तीर्थयात्री सुरक्षा और अन्य व्यवस्था से आह्लादित थे।

नई दिल्ली से आई तीर्थयात्री वरुणा मल्होत्रा ने कहा कि जब हम वहां पहुंचे तो ऐसा लगा कि स्वर्ग में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि समाधि के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और उस पवित्र स्थान पर उन्हें आध्यात्मिक सुख की अनुभूति हुई।

# हांगकांग में सिटिजन न्यूज ने अपनी सेवाएं बंद करने की घोषणा की

एपी। हांगकांग

**हांगकांग** की लोकतंत्र समर्थक न्यूज वेबसाइट सिटिजन न्यूज ने अपनी सेवाएं बंद करने की घोषणा कर दी है और इससे एक बार फिर यहां प्रेस स्वतंत्रता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह पिछले एक साल से जारी विवादित घटनाक्रम का ही हिस्सा, जिसमें स्थानीय सरकार, चीन के समर्थन से असहमति की आवाज को पूरी तरह दबाकर हांगकांग को नया रूप देने की कोशिश कर रही है।

सिटिजन न्यूज के संस्थापकों ने सोमवार को कहा कि हालांकि हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा पुलिस ने उनसे सम्पर्क नहीं किया है, लेकिन वित्तीय केन्द्र में मीडिया के लिए बिगड़ते माहौल ने उनके लिए यह समझना मुश्किल बना दिया है कि उनकी पत्रकारिता से कानून का उल्लंघन होता है या नहीं। उन्होंने कहा कि वेबसाइट मंगलवार से अपनी सेवाएं बंद कर रही है।

सिटिजन न्यूज ने रविवार को सेवाएं बंद करने की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा था, हमें यह जगह बेहद पसंद है। अफसोस की बात है कि हमारे सामने केवल बारिश या तेज हवाओं जैसी नहीं, बल्कि तूफान और सुनामी जैसी चुनौतियां हैं। हम अपने मूल सिद्धांतों को कभी नहीं भूले हैं। दुखद है कि पिछले दो वर्षों में समाज में हुए बड़े परिवर्तनों और मीडिया के लिए बिगड़ते माहौल के कारण हम अब बिना किसी डर के अपने मार्ग पर नहीं चल सकते।

एपल डेली और स्टैंड न्यूज के बाद हालिया महीनों में सेवाएं बंद करने की घोषणा करने वाली सिटिजन न्यूज तीसरी वेबसाइट है। वेबसाइट की स्थापना 2017 में अनुभवी पत्रकारों के एक समूह ने की थी। 2019 में बड़े पैमाने पर लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद चीन ने हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था, जिसके बाद से ही मीडिया घरानों तथा पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। सिटिजन न्यूज के संस्थापक एवं मुख्य लेखक क्रिस एंग ने कहा, प्रेस स्वतंत्रता के बारे में हम जो समझते हैं, उसकी परिभाषा काफी बदल गई है। एंग ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्टैंड न्यूज के साथ जो हुआ, उस पर गौर करते हुए उन्होंने अपनी सेवाएं बंद करने का फैसला किया है।

लोकतंत्र समर्थक स्टैंड न्यूज के कार्यालय पर कुछ दिन पहले ही पुलिस के छापेमारी की थी और उससे जुड़े सात लोगों को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले एपल डेली पर भी सेवाएं बंद करने का दबाव बनाया गया था। एपल डेली के मालिक एवं लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता जिम्मी लई अभी जेल में हैं और पिछले सप्ताह उन पर भी राजद्रोह के आरोप लगाए गए थे।

**रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो निर्णायक कार्रवाई होगी: बाइडन**

विलमिंगटन (**अमेरिका**)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन से लगती सीमा पर रूसी बलों की मौजूदगी बढ़ाए जाने को लेकर यूक्रेन के नेता के साथ बातचीत की और वादा किया कि यदि रूस यूक्रेन पर हमला करता है, तो अमेरिका तथा उसके सहयोगी निर्णायक कार्रवाई करेंगे। बाइडन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ऐसे समय में फोन पर बातचीत की है, जब अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगी संकट को कम करने के लिए कई राजनयिक बैठकों की तैयारी कर रहे हैं।

वहीं रूस ने कहा है कि यह संकट अमेरिका के साथ संबंधों को पूरी तरह समाप्त कर सकता है। बाइडन और जेलेंस्की के बीच बातचीत के बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने यह स्पष्ट किया कि यदि रूस, यूक्रेन पर हमला करता है तो अमेरिका और उसके सहयोगी एवं साझेदार निर्णायक कार्वाई करेंगे।

## कनाडा के क्यूबेक में खुदरा दुकानें बंद करने की प्रक्रिया शुरू

मांट्रियल (**कनाडा**)। कोरोना वायरस के अत्यंत संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण उत्पन्न कोविड-19 की नई लहर से निपटने की कोशिश के तहत कनाडा के क्यूबेक प्रांत की सरकार ने खुदरा दुकानों को बंद करने की अपनी तीन चरणीय प्रक्रिया का पहला चरण रविवार को शुरू कर दिया।

क्यूबेक के प्रमुख फ्रेंकोइस लेगौल्ट ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि औषधालयों, किराने की दुकानों और गैस स्टेशन को छोड़कर प्रांत की सभी दुकानें आगामी तीन रविवार के लिए बंद रहेंगी। क्यूबेक फेडरेशन ऑफ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चार्ल्स मिलियार्ड ने सरकार से इन प्रतिबंधों को जल्द से जल्द हटाए जाने का आग्रह किया।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब क्यूबेक में कोविड-19 के 15,845 नए मामले सामने आए हैं तथा 13 और लोगों की संक्रमण से मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि संक्रमण के कारण अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या 70 से बढ़कर 1,231 हो गई है।

उसने बताया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या नौ से बढ़कर 162 हो गई है। क्यूबेक के अलावा बेयरस्किन लेक फर्स्ट नेशन, नुनावुत, और लैब्राडोर समेत कनाडा के अन्य हिस्सों में भी संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।

# जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से...

**श्रीधर बीएस उर्फ श्रेड की एनीमेशन फिल्म रीना की कहानी का उद्देश्य मानव तस्करी के बारे में जागरूकता पैदा करना है। सैमी सत्तार के साथ बातचीत में, वह दूरदर्शन की फिल्मों से संबंधित नैतिकता, बच्चों तक पहुंचने की आवश्यकता और अधिक के साथ इसकी समानता के बारे में बात करते हैं :**

जब श्रीधर बीएस (जिसे श्रेड के नाम से जाना जाता है) को गैर सरकारी संगठन विहान ने तस्करी पर एक फिल्म बनाने के लिए संपर्क किया, तो उन्होंने एनीमेशन का रास्ता अपनाया। परिणाम रीना की कहानी को यूट्यूब पर जारी किया गया था, बिना किसी भुगतान के, यह



लक्षित दर्शकों के बीच बेहतर पहुंच के लिए बाध्य था। श्रेड जनवरी के पहले सप्ताह से 1,000 भारतीय स्कूलों में फिल्म की मुफ्त स्क्रीनिंग का भी आयोजन करेगा।

साढ़े नौ मिनट की यह फिल्म मानव तस्करी की भयावहता और हमारे बीच छिपे एजेंटों द्वारा पीड़ितों को फंसाने के तरीके पर केंद्रित है। यह फिल्म मानव तस्करी के संभावित खतरों को समझने और उनसे बचने के तरीके के बारे में भी बात करती है

रीना की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित, यह फिल्म सपनों के साथ एक लड़की होने से लेकर देह व्यापार में फंसने और बाद में बचाव तक उसके रास्ते का पता लगाती है। यह विभिन्न कमजोरियों पर भी प्रकाश डालता है जो ऐसे अपराधों की सुविधा प्रदान करते हैं, जैसे झूठे वादे और समाज के कमजोर वर्गों की लड़कियों के लिए बेहतर जीवन का लालच। यह दर्शाता है कि कैसे तस्कर संभावित पीड़ितों का शिकार करने की साजिश रचते हैं। एक अन्य स्तर पर, यह फिल्म अस्तित्व की कहानी भी है, जो इस बात की अंतर्दृष्टि प्रदान करती है कि ऐसी स्थितियों का कैसे पता लगाया जा सकता है और इससे बचा जा सकता है और साथ ही पीड़ितों और उत्पीड़कों की पहचान करने का तरीका भी बताया जा सकता है।

यह आश्चर्य की बात नहीं थी कि विहान, जिसने मानव तस्करी के 4,700 से अधिक बचे लोगों को बचाया है, ने जागरूकता पैदा करने के लिए इस फिल्म को बनाने के लिए श्रेड क्रिएटिव लैब प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक को संकुचित कर दिया। श्रेड को फिल्मों, टेलीविजन, डिजिटल सामग्री, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में 22 से अधिक वर्षों का अनुभव है। अभिनव और विघटनकारी विचारों के लिए जाने जाने वाले, श्रेड ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों जैसे टर्नर ब्रॉडकास्ट यूके, नेशनल ज्योग्राफिक - इंटरनेशनल, फॉक्स, फोर्ड - एपीएसी, बीएमडब्ल्यू - इंडिया, सोनी मोशन पिक्चर्स - लंदन / यूएसए और कई अन्य के साथ मिलकर काम किया है।

रचनात्मक उत्कृष्टता के लिए 43 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के विजेता, एससीएल अभिनव और पथ-प्रदर्शक दृश्य संचार बनाने के लिए श्रीधर के दृष्टिकोण का प्रतीक है। श्रेड पहले साल्ट स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और नेशनल ज्योग्राफिक चैनल के साथ-साथ फॉक्स इंटरनेशनल चैनल के रचनात्मक निदेशक थे। इस साल की शुरुआत में उनकी डॉक्यूमेंट्री, इन आवर वर्ल्ड, जिसमें तीन ऑटिस्टिक बच्चों के जीवन पर प्रकाश डाला गया था, आधिकारिक चयन था और भारत के 51 वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) गोवा में प्रीमियर हुआ था। इसे बॉलीवुड फेस्टिवल नॉर्वे और एनवाईसी वर्चुअल साउथ एशिया फिल्म फेस्टिवल (एसएएफएफ) में भी प्रदर्शित किया गया था और यह विश्व स्तर पर कई आगामी फिल्म समारोहों में प्रदर्शित होने वाला है।

**एक साक्षात्कार के अंश :**

❐ **आपने इस फिल्म के लिए एनिमेशन का रास्ता अपनाने का फैसला क्यों किया? क्या यह सुनिश्चित करने के लिए था कि यह अधिक लोगों तक पहुंचे?**

यह एनिमेटेड था क्योंकि मैं चाहता था कि माता-पिता इसे देखें और चाहते हैं कि वे बच्चों को इसे देखने के लिए प्रोत्साहित करें। जब इस फिल्म के लिए एनजीओ ने मुझसे संपर्क किया, तो पहला विचार इन बच्चों के बचाव पर एक वास्तविक जीवन की डॉक्यूमेंट्री बनाने का था। लेकिन बाद में सोचा गया



कि ऐसी फिल्म बच्चों तक कभी नहीं पहुंचेगी और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं होगी कि वे किस तरह के खतरे हैं या वे किस तरह के खतरों का सामना कर रहे हैं. इसलिए, इसे कम रुग्ण और अधिक संवेदनशील बनाते हुए इसे एनिमेटेड बनाना एक बेहतर विचार था ताकि इसे बच्चों द्वारा देखा जा सके। तो, इसे एक एनीमेशन फिल्म बनाने के पीछे की पूरी सोच थी।

❐ **तो, क्या यह मुख्य रूप से बच्चों पर केंद्रित है?**

यह सभी को देख रही है। बच्चे, माता-पिता और वयस्क। जब मैं इसे बना रहा था तो मैं किसी को अलग नहीं करना चाहता था। मैंने एनीमेशन के लिए लोक कला को एक कला के रूप में चुना ताकि यह उस क्षेत्र से संबंधित हो सके जहां घटना हुई थी। चूंकि यह बंगाल में था, इसलिए हमने राज्य से लोक कला को चुना। हमने उस क्षेत्र के बच्चों से जुड़ने की कोशिश की और इसे छोटा कर दिया क्योंकि पौरुष अधिक है। इसे यूट्यूब पर रिलीज किया गया था ताकि कम से कम लिंक शेयर किया जा सके। इसे मोबाइल और स्कूलों में दिखाया जा सकता है। इसलिए, हमारे पास उपयोग करने के लिए कला के प्रकार और उपयोग करने के लिए एनीमेशन के प्रकार के बारे में बहुत सारे विचार थे।

❐ **स्टोरीबोर्ड से लेकर निष्पादन तक फिल्म बनाने में कितना समय लगा?**

वास्तव में हमें जितना हमने सोचा था उससे अधिक समय लगा। तीन-चार महीने लग गए। इनमें से प्रत्येक बोर्ड को अलग से हाथ से तैयार किया गया था। एक बार बोर्ड तैयार हो जाने के बाद, यह एनिमेटेड था। हमें इसे संवेदनशील बनाना था और मानव तस्करी से जुड़े हर विषय पर बात करनी थी। हमें बहुत शोध करना पड़ा, उनसे बहुत सी कहानियाँ सुनीं और यह पता लगाया कि किस तरह की चीजों को उजागर करना था। इसलिए, हमने सभी प्रकार के अवैध व्यापार के बारे में बात की, जो सभी इसके कारण बनते हैं। हमने रीना की कहानी को चुना क्योंकि वह बचाए गए लोगों में से एक थी और अब वह अपने जीवन में आगे बढ़ चुकी है। हम कुछ सकारात्मक बात करना चाहते थे और लड़की को फिल्म के अंत में लाना चाहते थे जहां वह कहती है कि, %मैं अब ठीक हूं। और लोगों को इस तरह के अपराध के खिलाफ लड़ने की जरूरत है, %इसे किसी तरह की पूर्णता देने के लिए।

❐ **आपने बंगाल की लोक कला का प्रयोग किया है। क्या आपको बोर्ड पर वास्तविक चिकित्सक मिले?**

मेरे पास कलाकारों की एक टीम है, लेकिन हमने मुंबई में कुछ कलाकारों का उल्लेख किया है जो इसे आकर्षित कर सकते हैं और हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। हमने उनसे मदद मांगी।

❐ **फिल्म में एक बहुत ही उदासीन दूरदर्शन वाइब था जहां हमें एक चिड़िया, अनेक चिड़िया और अन्य जैसी फिल्मों की याद दिला दी गई थी। क्या यह जानबूझकर किया गया था?**



हम उन फिल्मों को याद करते हैं, है ना? मैं उस पर वापस जाना चाहता था। यह एक सचेत प्रयास था जहां मैं उस प्रकृति की फिल्म बनाना चाहता था। इसे रेखीय कहानी सुनाना था। मैं कुछ भी नाटकीय नहीं करना चाहता था। प्राथमिक दर्शक बच्चे थे। हम उन फिल्मों को इसलिए याद करते हैं क्योंकि वे बहुत ज्यादा नॉन-लीनियर या क्लासी नहीं थीं। यह एक रैखिक कथा थी और उन सभी ने हमें कुछ न कुछ सिखाया। अंत में हमेशा एक नैतिकता थी। जब हम इसे बना रहे थे तो ये हमारे दिमाग में थे। मैं इससे इनकार नहीं कर रहा हूं। कई रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लॉकडाउन के दौरान तस्करी में वृद्धि हुई है क्योंकि लॉकडाउन के दौरान वित्तीय स्थिति बहुत निराशाजनक हो गई थी।

बहुत से लोगों के लिए बहुत अधिक निराशा हुई। कई के पास काम नहीं था, दूसरे बाहर जाकर काम नहीं कर सकते थे। कई दर्दनाक कहानियाँ थीं, जो मैंने एनजीओ से सुनीं, कि माता-पिता ने अपने बच्चों को यह सोचकर दे दिया कि लड़की घर चलाने के लिए कुछ पैसे कमाएगी। इस अवधि के दौरान भेद्यताएँ अधिक थीं। पैसे की कमी, माता-पिता की नौकरी खोने के कारण लोग शोषण के लिए उपलब्ध थे। जब भावनात्मक तनाव अधिक था क्योंकि माता-पिता सोचते थे कि वे घर कैसे चलाएंगे, बच्चों ने स्वेच्छा से मुंबई या कोलकाता में काम की तलाश में जाने के लिए खतरे को महसूस किए बिना या वे क्या कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियाँ लोगों को ऐसी जगह पर ले जाती हैं जहाँ वे इन लोगों के लिए संभावित लक्ष्य होते हैं।

❐ **भविष्य की परियोजनाएं?**

मैं 20वीं सदी की शुरुआत में हुए जातिगत अत्याचारों पर एक मलयालम फीचर फिल्म लिख रहा हूं। यह एक हॉरर थ्रिलर है जो लोककथाओं पर आधारित है। यह साम्यवाद के उदय और सीरियल किलिंग की पुलिस जांच के बारे में है।

# वापस परदे पर

## प्रस्तुत है नए साल में आगे देखने के लिए पांच बहु-शैली की सिनेमाई हस्तियों की सूची :

फिल्म उद्योग को अंतत: दो लंबे, चुनौतीपूर्ण महामारी हिट वर्षों के बाद क्षितिज पर आशा और पुनरुद्धार दिखाई देने लगा है। जैसे-जैसे थिएटर धीरे-धीरे खुलने लगते हैं, दर्शकों को अपने पसंदीदा सितारों की सिल्वर स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतजार होता है। यहां उन फिल्मों की हमारी पसंद है जिन्हें हम आने वाले महीनों में देखना चाहते हैं।
















### लाल सिंह चड्ढा

लाल सिंह चड्ढा अपने विविध स्थानों, लंबे और भीषण शूटिंग शेड्यूल, महामारी के कारण देरी और पूर्णतावादी आमिर खान के टाइटैनिक चरित्र में अविश्वसनीय परिवर्तन के लिए चर्चा में रहा है। यह लंबे समय से प्रतीक्षित कॉमेडी-ड्रामा एरिक रोथ और अतुल कुलकर्णी द्वारा लिखित पटकथा से अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस, वायकॉम18 स्टूडियोज और पैरामाउंट पिक्चर्स द्वारा निर्मित है और 1994 की फिल्म फॉरेस्ट गंप (विंस्टन ग्रूम के इसी नाम के 1986 के उपन्यास पर आधारित) का आधिकारिक रूपांतरण है। फिल्म में करीना कपूर और नागा चैतन्य भी उनके हिंदी फिल्म डेब्यू में हैं।

### गंगूबाई काठियावाड़ी

अगर इस जीवनी पर आधारित क्राइम ड्रामा का पहला ट्रेलर देखा जाए, तो संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी किसी अन्य के विपरीत एक तमाशा होगा। आलिया भट्ट द्वारा एक और अविस्मरणीय प्रदर्शन द्वारा संचालित, यह फिल्म स्वयं भंसाली और जयंतीलाल गड़ा द्वारा निर्मित है। इसमें अजय देवगन और इमरान हाशमी के साथ विजय राज, इंदिरा तिवारी और सीमा पाहवा भी हैं, जो विस्तारित कैमियो उपस्थिति में हैं। कहानी युवा गंगा की यात्रा को उकेरती है, जो गंगूबाई बनने के लिए परिस्थितियों से जूझती है, वह मैडम जो कामठीपुरा के लाल बत्ती क्षेत्र पर लोहे की मुट्ठी से शासन करती है। एस हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई पर आधारित यह फिल्म हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है और इसे तेलुगु में भी डब किया जाएगा। यह फिल्म 18 फरवरी, 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### लूप लापेटा

लूप लापेटा 1998 की जर्मन कल्ट क्लासिक रन लोला रन की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। आकाश भाटिया द्वारा निर्देशित और सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया, एलिप्सिस एंटरटेनमेंट और आयुष माहेश्वरी द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित इस फिल्म में तापसी पन्नू और ताहिर राज भसीन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म भारतीय संदर्भ में टॉम टाइकवर के मूल के आधार को कैसे पुनर्व्याख्या करती है और कैसे तापसी के हमेशा विश्वसनीय हिस्ट्रियोनिक्स चैनल के चरित्र को फ्रेंका पोटेंटे द्वारा प्रसिद्ध किया गया है। हम यह देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं कि फिल्म समय के खिलाफ एक उन्मादी दौड़ को कैसे पकड़ती है और कैसे एक दृढ़ निश्चयी महिला किसी प्रियजन की जान बचाने के लिए घड़ी की अवहेलना करती है।

### प्रमुख

मेजर साहस की एक रोमांचक कहानी है और 2008 में 26/11 के हमलों के दौरान मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के अंतिम बलिदान की घटनाओं को याद करता है। मेजर उन्नीकृष्णन के असाधारण जीवन पर बहुत ध्यान से शोध और फिल्माया गया, यह जीवनी पर आधारित एक्शन फिल्म द्वारा निर्देशित है शशि किरण टिक्का और सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया, जी महेश बाबू एंटरटेनमेंट और ए + एस मूवीज द्वारा निर्मित। तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट की गई और बाद में मलयालम में डब की गई, इस फिल्म में आदिवासी शेष मुख्य भूमिका में हैं। आदिवासी मेजर के साथ हिंदी फिल्म में भी डेब्यू कर रहे हैं और उन्होंने फिल्म की पटकथा भी लिखी है।

### आरआरआर

आरआरआर एक आगामी भारतीय तेलुगु अवधि की एक्शन ड्रामा है, जो एस एस राजामौली द्वारा निर्देशित है, और डीवीवी एंटरटेनमेंट्स के डी वी वी दानय्या द्वारा निर्मित है। फिल्म में एन टी रामा राव जूनियर, राम चरण, अजय देवगन, आलिया भट्ट और ओलिविया मॉरिस हैं जबकि समुथिरकानी, एलिसन डूडी, रे स्टीवेन्सन और श्रिया सरन सहायक भूमिकाएं निभाते हैं। यह दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू (चरण) और कोमाराम भीम (राम राव) का जीवन से बड़ा काल्पनिक कथन है। 1920 में सेट, यह फिल्म एक दृश्य उपचार और एक उत्साही मनोरंजक होने की उम्मीद है।

# मनोज वाजपेयी की योजना

**अभिनेता मनोज बाजपेयी ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ घर पर नया साल मनाया**

हम सभी के पास पहले से ही नए साल का जश्न मनाने की योजना रहती है, और हमारे बॉलीवुड सितारे भी अपने-अपने ढंग से इस दिन को मनाते हैं। ज्यादातर बी टाउन सेलेब्स अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ नए साल की पूर्व संध्या पर मुंबई से बाहर चले गए, कुछ हस्तियां आने वाले वर्ष का जश्न मनाने के लिए विदेशी स्थानों की ओर चले गए, लेकिन जो हम सुनते हैं कि मनोज बाजपेयी अपने घर आए 2022 का स्वागत करने के लिए परिवार और करीबी दोस्तों के साथ।

अभिनेता ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताने के लिए निकाला जो सबसे ज्यादा मायने रखता है। फैमिली मैन स्टार ने 2021 को अंतिम सलामी देने के लिए घर पर रहने और अपने परिवार और कुछ करीबी दोस्तों के साथ नए साल की पूर्व संध्या मनाने का फैसला किया। 2021 बाजपेयी के लिए एक बहुत ही व्यस्त और व्यस्त वर्ष था और उन्हें शायद ही अपने साथ घर आने का समय मिल रहा था। पत्नी और बेटी।

वह दिल्ली में अपनी मां से मिलने भी गए, जिनसे वह अपने पिता की मृत्यु के बाद मिले थे। कुछ मिश्रित भावनाएं हैं - जब वर्ष समाप्त हो गया है - अपने पिता को खोने का कुछ दुख जो बचपन से उनकी ताकत और समर्थन के स्तंभ थे, फिर भी उनके परिवार और उनकी वैश्विक सफलता के लिए कृतज्ञता की भावनाएं हैं। अभिषेक चौबे की हंगामा क्यो है बरपा (रे), सक्सेस ऑफ साइलेंस और डायल 100 में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें जबरदस्त समीक्षा



मिली। उन्हें भोंसले के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। इसके अलावा, बाजपेयी के पास इस साल उनकी प्रतीक्षा में एक शानदार लाइन है और दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए विभिन्न पात्रों में दिखाई देंगे।

# रूढ़ियों को तोड़ने का प्रयास

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के लिए, 2021 एक यादगार वर्ष था क्योंकि उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब जोखिम लेने वाली, क्लिच-बिखरने वाली परियोजनाओं की बात आती है, तो वह हमेशा आगे बढ़ेंगी। परिणीति, जिन्होंने इश्कजादे, हंसी तो फंसी, और इसी तरह की फिल्मों के साथ अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रमुख महिला के रूप में खुद को एक स्टीरियोटाइप तोड़ने वाली महिला के रूप में स्थापित किया था, ने दर्शकों को संदीप और पिंकी फरार, द गर्ल ऑन द गर्ल जैसी प्रशंसित फिल्मों के माध्यम से अपने अभिनय कौशल की विस्तृत श्रृंखला दिखाई। इस साल ट्रेन और साइना।

चोपड़ा साझा करते हैं, "यह मेरे लिए कृतज्ञता से भरा एक वर्ष है। 2021 वह वर्ष था जिसका मैं इंतजार कर रहा था, संदीप और पिंकी फरार, द गर्ल ऑन द ट्रेन और साइना के रूप में अपने करियर की सबसे बड़ी छलांग लगाने और शुक्र है कि उनमें से प्रत्येक ने भुगतान किया। 2021 ने मुझे एहसास दिलाया कि दर्शक मुझसे अव्यवस्था तोड़ने की उम्मीद करते हैं और मैं उनसे अधिक सहमत नहीं हो सकती, मेरे प्रदर्शन के लिए मुझे सारा प्यार देने के



**इस वर्ष ने परिणीति चोपड़ा के उन विषयों को चुनने के विश्वास को मजबूत किया जो उल्लेखनीय रूप से व से आगे हैं :**

लिए मैं उनकी अधिक आभारी हूं।"

वह आगे कहती हैं, "यह एक ऐसा साल रहा है जिसने उन विषयों को चुनने में मेरे विश्वास को मजबूत किया है जो उल्लेखनीय रूप से आगे हैं और मुझे स्क्रीन पर सबसे अनोखे तरीके से पेश करते हैं। मैं खुशनसीब हूं कि निर्माताओं, निर्माताओं और मेरे प्रशंसकों ने मेरा साथ नहीं छोड़ा और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए प्रेरित किया।"

अभिनेत्री अगली बार अमिताभ बच्चन के साथ उन्चाई और रणबीर कपूर के साथ एनिमल जैसी फिल्मों में दिखाई देंगी।